सेंसेक्स 70,700.67 ▼ -359.64
डॉलर 83.124 ▲ -0.018

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 08.0 | 11.0 |
| धनबाद | 23.0 | 10.0 | 14.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 18.0 | 19.0 |
| पलामू | 23.0 | 08.0 | 11.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, माघ कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 28 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 351, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — स्वत्व स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए ... 8 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | इंग्लैंड पहले टेस्ट में 18 रन से ...10 — खेल







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,400

चांदी (1 किलो) 78,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है।

यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# जेपीएससी सिविल सेवा के 342 पदों पर करेगी नियुक्ति



**उम्र सीमा में 7 साल की छूट**

**207 पद राज्य प्रशासनिक सेवा में उप समाहर्ता के**

**डीएसपी के 35 और सेल्स टैक्स विभाग में राज्य कर पदाधिकारी के 56 पद**

**ऑनलाइन आवेदन एक से 29 फरवरी तक भरे जायेंगे, पीटी 17 मार्च को संभावित**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लंबे इंतजार के बाद झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल सर्विस परीक्षा का विज्ञापन शनिवार को जारी कर दिया। इसके जरिए विभिन्न सेवाओं में कुल 342 पदों पर नियुक्ति होगी। सबसे अधिक 207 पद राज्य प्रशासनिक सेवा में उप समाहर्ता के लिए हैं। राज्य पुलिस में डीएसपी के 35 और सेल्स टैक्स विभाग में राज्य कर पदाधिकारी के 56 पद हैं। आयोग के अनुसार इसकी प्रारंभिक परीक्षा 17 मार्च को संभावित है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 फरवरी से 29 फरवरी तक भरे जायेंगे। खास बात यह है कि इस परीक्षा में अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में सात साल की छूट दी गई है। न्यूनतम आयु सीमा 21 साल और अधिकतम आयु सीमा 35 साल निर्धारित की गई है। अधिकतम उम्र की गणना एक अगस्त 2017 और न्यूनतम उम्र की गणना एक अगस्त 2024 से की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अवसर की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। अभ्यर्थियों का अंतिम चयन, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर तैयार होने वाली मेरिट लिस्ट के अनुसार होगा। मेरिट लिस्ट में शामिल होने के लिए मुख्य परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक लाना जरूरी होगा। एससी, एसटी और महिलाओं के लिए न्यूनतम अंक की अनिवार्यता 32 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 34 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5 प्रतिशत, आदिम जनजाति के लिए 30 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर के लिए 40 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

इससे पहले प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए चयन सूची तैयार की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा के माध्यम से कुल पदों के 15 गुना अभ्यर्थियों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया जाएगा। यदि किसी भी आरक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व उस श्रेणी की विज्ञापित रिक्तियों से 15 गुना से कम है तो कट ऑफ पर्याप्त प्रतिनिधित्व होने तक इसे कम किया जाएगा। वैसे सभी अभ्यर्थी जिन्हें संबंधित श्रेणी के कट ऑफ के बराबर अंक प्राप्त होंगे, उन्हें मुख्य परीक्षा में प्रवेश हेतु चयन सूची में सम्मिलित किया जाएगा।

# राजभवन में 'एट होम' व 'बैंड डिस्प्ले' का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गणतंत्र दिवस समारोह अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की गरिमामयी उपस्थिति में राज भवन में आयोजित शनिवार को 'एट होम कार्यक्रम' और 'बैंड डिस्प्ले कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा सदस्य बाबूलाल मरांडी, लोक सभा सांसद संजय सेठ, मुख्य सचिव, विकास आयुक्त, पुलिस महानिदेशक सहित भारतीय प्रशासनिक और पुलिस सेवा के वरीय अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह में ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### झारखंड के चुनाव प्रभारी बने लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**दीपक प्रकाश को बिहार और आशा लकड़ा को पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी**

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार को झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न राज्यों के लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारी की सूची जारी कर दी। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड का प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। विनोद तावड़े व झारखंड के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को बिहार का दायित्व दिया गया है। पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी एमएलसी मंगल पांडे, अमित मालवीय एवं रांची की पूर्व मेयर व भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा को दी गयी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से इनकी नियुक्ति की गयी है।

### राजधानी छह घंटे लेट

**रांची।** दिल्ली में घने कोहरे का असर शनिवार को रांची-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस पर भी पड़ा। रांची से राजधानी अपने नियत समय शाम 6.10 पर नहीं खुली। करीब छह घंटे के बाद इसे रात पौने बारह बजे खोलने को कहा गया। देर होने के कारण कई लोग काउंटर पर टिकट वापस करते देखे गए।

## ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा 10वां समन, कहा-

# आप आइए या हम आएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर 10वां समन भेजा है। ईडी ने उन्हें 29 से 31 जनवरी तक का समय दिया है। ईडी ने पहले की तरह ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि पूछताछ के लिए या तो आप आइए या हम आएंगे।

एजेंसी ने 22 जनवरी को मुख्यमंत्री को समन भेजकर 25 जनवरी तक यह बताने को कहा था कि वह 27-31 जनवरी के बीच पूछताछ का कोई वक्त मुकर्रर कर एजेंसी को बताएं। ऐसे में ईडी ने एक बार फिर पत्र भेज कर मुख्यमंत्री से समय और स्थान तय करने की बात कही है। पत्र के जवाब में हेमंत सोरेन ने 25 जनवरी को एक पत्र ईडी के अनुसंधान पदाधिकारी को भेजा था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि उन्हें ईडी का नौवां समन मिला है लेकिन वह पूछताछ की तारीख या वक्त बाद में बताएंगे। ईडी को उन्होंने यह नहीं बताया था कि एजेंसी उसने 27 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ कर सकती है या नहीं। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद ईडी ऑफिस नहीं गए, बल्कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों को मुख्यमंत्री आवास बुलाया। ईडी के अधिकारी सुरक्षा के घेरे में ईडी दोपहर ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री हेमंत 31 जनवरी को जायेंगे गिरिडीह



**रांची।** राजभवन में आयोजित एट होम कार्यक्रम में शामिल होने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चार्टर्ड विमान से दिल्ली रवाना हो गए। इसे लेकर राजनीतिक कयासों का नया दौर शुरू हो गया है। इधर ईडी के 27 से 31 के बीच मुख्यमंत्री से पूछताछ करने की मंशा के बीच मुख्यमंत्री ने 31 जनवरी को गिरिडीह जाने की घोषणा कर दी है। सीएम वहां अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। इस संबंध में गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही सभी पदाधिकारी आपसे समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

### सीएम हेमंत सोरेन को ईडी के 10 वां समन के विरोध में जेएमएम ने निकाला मशाल जुलूस



ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को 10वां समन जारी किये जाने और 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच अपना बयान दर्ज कराना अनिवार्य किये जाने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता ईडी और केंद्र सरकार पर आक्रोशित हैं। शनिवार को झामुमो की सभी जिला कमेटियों ने अपने-अपने जिलों में मशाल जुलूस के साथ प्रदर्शन किया। कहा कि जिस तरह से उनके नेता को परेशान किया जा रहा है। उसके बाद झामुमो कार्यकर्ता चुप बैठने वाले नहीं हैं। रांची जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि अब हम पार्टी कार्यकर्ता अपनी केंद्रीय कमेटी की बात भी नहीं सुनेंगे। क्योंकि अब पानी सिर से ऊपर बहने लगा है। झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम और जिला सचिव डॉ हेमलाल के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं ने हाथों में मशाल लेकर जयपाल सिंह स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान केंद्र सरकार, भाजपा और ईडी के खिलाफ नारे लगाये गये। आक्रोशपूर्ण मशाल जुलूस अलबर्ट एक्का चौक पर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। जिसमें जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर उनके नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान किया जा रहा है। मुस्ताक आलम ने कहा कि अब झामुमो कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। रविवार से चरणबद्ध तरीके से राजभवन के समक्ष धरना दिया जायेगा।

# क्या सुबह इस्तीफा और फिर शाम को शपथ का होगा खेल

### रविवार को सचिवालय खुला रखने को कहा गया है

**एजेंसी। पटना**

अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ तो रविवार को बिहार का राजनीतिक पारा सर्दी में गर्मी का एहसास कराएगी। प्रबंल संभावना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इंडी गठबंधन का साथ छोड़ रविवार को भाजपा के समर्थन से 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की कमान संभाल सकते हैं। वहीं राजद और कांग्रेस नीतीश और भाजपा का खेल बिगाड़ने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। मुख्यमंत्री के एक करीबी सूत्र ने शनिवार को बताया कि नीतीश कुमार रविवार सुबह तक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसके बाद शाम तक फिर से बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

### कभी भी दे सकते हैं इस्तीफा

सूत्र ने जोर देकर कहा, "वैसे यह (इस्तीफा) निश्चित रूप से रविवार सुबह तक होगा।" इस्तीफा देने से पहले जेडीयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार विधायक दल की बैठक करेंगे। नई सरकार बनने की संभावना के बीच सचिवालय जैसे सरकारी कार्यालयों को रविवार को खुला रखने के लिए कहा गया है।

### लगातार मंथन कर रहे नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना के एक अणे मार्ग स्थित आवास पर जेडीयू विधायकों का पहुंचना शुरू हो गया है। सियासी उठापटक के बीच नीतीश ने आज शाम जेडीयू विधायकों को अपने आवास पर बुलाया। उनके साथ बैठक की, इसमें लल्लन सिंह समेत पार्टी के कई बड़े नाम शामिल थे।

**लालू निर्णय लेने के लिए अधिकृत** : राजद विधायक दल की शनिवार की हुई बैठक में विधायकों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद को किसी भी प्रकार के निर्णय के लिए अधिकृत कर दिया। लालू प्रसाद ने राजद विधायकों को अभी पटना में ही रहने को कहा है।

## गत 10 वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी हुई : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित किया। मोदी ने इससे पहले यहां एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा और सर्वश्रेष्ठ कैडेट को पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि रैली 'एक दुनिया, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना को मजबूत कर रही है। मोदी ने कहा कि 2014 में इस रैली में 10 देशों के कैडेट थे, आज यह संख्या 24 हो गई है। यह देखते हुए कि ऐतिहासिक 75वां गणतंत्र दिवस नारी शक्ति को समर्पित था। इसने जीवन के हर क्षेत्र में भारत की बेटियों द्वारा की गई प्रगति को प्रदर्शित किया है।

## राबड़ी देवी व बेटी मीसा भारती को समन, दिल्ली कोर्ट में 9 फरवरी को पेशी

**नई दिल्ली।** बिहार में राजनीतिक संग्राम के बीच लालू फैमिली की मुश्किलें बढ़ गई है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री नीतीश उनसे दो-दो हाथ करने की तमाम तैयारी कर चुके हैं तो दूसरी तरफ घोटाला केस में परिवार के कई सदस्यों को समन भेजा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने ईडी की चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए राबड़ी देवी, हेमा यादव, मीसा भारती, अमित काटयाल, हृदयनंद चौधरी और अन्य को 9 फरवरी को कोर्ट में पेश होने को कहा है। जमीन के बदले जॉब केस में लालू और तेजस्वी को प्रवर्तन निदेशालय ने भी समन कर रखा है।

## इंडिया

# पक्षपातपूर्ण वैश्विक कवरेज, विहिप का विरोध और राजनीति



सुनील बादल

अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में विश्व हिंदू परिषद की शाखाओं ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पक्षपातपूर्ण कवरेज को लेकर अपने-अपने देशों में पश्चिमी मीडिया और मुख्यधारा के मीडिया संस्थानों की आलोचना की है और उन समाचार लेखों को तुरंत हटाने की मांग की है। विहिप ने एक बयान में कहा, 'विहिप की अमेरिका शाखा मांग करती है कि एबीसी, बीबीसी, सीएनएन, एमएसएनबीसी और अल जजीरा अपनी वेबसाइट से समाचार लेखों को तत्काल हटाएं। इसके अलावा, हम झूठी सूचना के प्रसार के कारण हिंदू समुदाय को हुई परेशानी के लिए उनसे सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने का आह्वान करते हैं।' सही तथ्यों के साथ दोबारा प्रकाशित करने की मांग की गई है । विहिप अमेरिका ने कहा, 'हम इन समाचार मंचों से आग्रह करते हैं कि वे ऐतिहासिक संदर्भ और राम मंदिर के निर्माण का समर्थन करने वाले भारत की सुप्रीम कोर्ट के फैसले जैसे सभी प्रासंगिक तथ्यों को शामिल करने के बाद ही लेखों को दोबारा प्रकाशित करें।' संगठन ने यह भी कहा कि पक्षपातपूर्ण कवरेज के जरिए झूठी कहानियों के कारण न सिर्फ असामाजिक भावनाओं को बढ़ावा मिलता है, बल्कि शांतिप्रिय, मेहनती और योगदान देने वाले हिंदू अमेरिकी समुदाय के लिए भी खतरा पैदा होता है । संगठन ने कहा कि इस तरह का कार्य गैर-जिम्मेदाराना पत्रकारिता के समान है, जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इसी तरह के बयान विहिप कनाडा और विहिप ऑस्ट्रेलिया की ओर से भी जारी किए गए । विहिप कनाडा ने कहा, दुनिया भर में हिंदू समुदाय एक शांतिप्रिय, प्रगतिशील और समावेशी समुदाय है जो वसुधैव कुटुंबकम (यानी पूरी दुनिया एक परिवार है) के मूल्यों में विश्वास रखता है। इस तरह की भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत पत्रकारिता का उद्देश्य हिंदू कनाडाई समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाना है, जिससे देश में हिंदुओं के प्रति नफरत बढ़ने और शांतिपूर्ण कनाडाई समाज के भीतर अशांति पैदा होने का खतरा है। 'ऐसा ही बयान विहिप की ऑस्ट्रेलिया शाखा ने भी जारी किए। विहिप ऑस्ट्रेलिया ने कहा, 'हम पूछना चाहते हैं कि क्यों और किस आधार पर एबीसी, एसबीएस और 9न्यूज ने अवनि डायस, मेघना बाली और सोम पाटीदार जैसे हिंदू विरोधियों से पक्षपातपूर्ण प्रतिक्रिया ली और गलत तथ्य पेश किए । हम नहीं मानते कि इन तीनों संस्थानों को कोई ऐसा रिपोर्टर नहीं मिला होगा जो निष्पक्ष और तथ्यात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सके। 'विहिप ऑस्ट्रेलिया ने एबीसी, एसबीएस और 9न्यूज से हिंदू समुदाय से माफी मांगते हुए अपनी वेबसाइट से समाचार लेखों को तुरंत हटाने की मांग की है। उसने यह भी कहा कि इन लेखों को तभी प्रकाशित करें जब इसमें सभी तथ्य और मंदिर निर्माण का समर्थन करने वाले लोगों के बयान भी शामिल हों। राम मंदिर और लंबा संघर्ष जो कि बाद में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में परिणत हुआ, वह बहुत से मायनों में अपने तरह का अनूठा है। अयोध्या में समारोह के बाद जो राष्ट्रीय और वैश्विक उत्साह और उल्लास था, उसकी तुलना 1947 में आजादी के तुरंत बाद के जैसे ही किसी अनुभव से की जा सकती है। जबकि अयोध्या सहित पूरे देश के अधिकांश मुसलमानों ने इसमें सहयोग किया है। रॉयटर्स ने लिखा था, 'राम मंदिर के उद्घाटन का असर आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा। मंदिर की वजह से चुनाव में बीजेपी को अच्छी खासी बढ़त मिलेगी।' लंदन से छपने वाली पत्रिका इकॉनॉमिस्ट ने लिखा, 1992 में भाजपा नेताओं के भड़काऊ भाषणों से उन्मादी भीड़ ने मस्जिद को तबाह कर दिया, जिससे पूरे भारत में दंगे भड़क उठे। ब्रितानी अखबार द गार्जियन ने राम मंदिर उद्घाटन समारोह पर सवाल खड़ा करते हुए लिखा, यह दैवीय क्षण या राजनीतिक नौटंकी? चुनाव के पहले राम मंदिर उद्घाटन की विपक्ष ने निंदा की है। बीबीसी ने लिखा झड़पें, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के समापन के बाद भी खत्म नहीं हुई हैं। हर रोज सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो आ रहे हैं, जहां धर्म के नाम पर मारपीट, नारेबाजी और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया के वीडियो की सच्चाई और देश की स्थिति से सभी अवगत है इसलिए इनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। चीन सहित पश्चिम के अनेक देशों को भारत की सबसे तेज और विश्व की अर्थव्यवस्था नहीं दिखती।

**सदियों से भारत विरोधी रुख वाली पश्चिमी मीडिया संपेरों और भिखमंगों के देश के तेवर से थोड़ा सुधरी है पर अभी भी भारत को नीचा दिखने का कोई अवसर नहीं चूकती। राम मंदिर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से बना है पर अधूरी,एकपक्षीय पश्चिमी मीडिया ने इसका कहीं उल्लेख नहीं किया है और अल्पसंख्यकों में भय,मस्जिद को मॉब ने तोड़ा, अब उसके ऊपर मंदिर,तनाव जैसे उकसावे वाले शब्दों का प्रयोग कर विवाद और भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है।**

### दुष्कर्म के आरोपी को पंचायत ने दी अमानवीय सजा

# जख्म से जूझते युवक ने दम तोड़ा, 17 गिरफ्तार

**आरोपी के शरीर पर भेलवा नामक जहरीले जंगली फल का तेल उड़ेल दिया**

**जख्म से बाद आठ दिनों तक तड़पता रहा युवक, 25 को तोड़ दिया दम**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के अनगड़ा में रेप के आरोपी एक युवक को भरी पंचायत में बुरी तरह पीटा गया और इसके बाद उसके शरीर पर भेलवा नामक जहरीले जंगली फल का तेल उड़ेल दिया गया। इस फल के संपर्क में आने पर भयंकर जलन और खुजली होती है। बुरी तरह जख्मी युवक आठ दिनों तक तड़पता रहा और अंततः उसने दम तोड़ दिया। अब पुलिस ने इस मामले में गांव के प्रधान सहित पंचायत में मौजूद 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। वारदात अनगड़ा थाना क्षेत्र के मेढ़ा गांव की है। बताया गया कि 15 जनवरी को इलाके के जोन्हा फॉल में जनजातीय पर्व टुसू के मौके पर मेले का आयोजन किया गया था। मेला देखकर गांव लौट रही एक युवती को उसके ही गांव के एक युवक धनीराम मुंडा ने पकड़ लिया और जंगल की ओर ले जाकर उसका रेप किया। पीड़िता ने परिजनों को इसकी जानकारी दी, तो गांव के लोगों ने आरोपी धनीराम मुंडा को पकड़ा। उसके साथ मारपीट की गई ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सड़क दुघर्टना में एक की मौत

**मांडर।** थाना क्षेत्र के एन एच 39 कन्दरी टेलीफोन एक्सचेंज के समीप कार और बाइक में सीधी टक्कर होने से बाइक सवार स्कूल जा रहे एक छात्र की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरगांव निवासी नंदकिशोर सिंह का सोलह वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार सिंह शनिवार की सुबह अपने कंदरी स्थित घर से बाइक में स्कूल जाने के लिए निकला था, अपने घर की गली से निकलकर वह जैसे ही एनएच पर आया, ठीक उसी दौरान लोहरदगा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार से बोलेनो कार ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। कार के धक्के से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे स्थानीय लोगों ने मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया, पर रिम्स पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गयी। रजनीश ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में पढ़ता था।

### पुलिस आर्चरी चैंपियनशिप में चीफ जज नियुक्ति किए गए प्रकाश राम



सिल्ली। 12 वीं ऑल इंडिया पुलिस आर्चरी चैंपियनशिप का आयोजन बैंगलोर कर्नाटक में 30 जनवरी से 4 फरवरी तक आयोजित है जिसमें सिल्ली के मुख्य कोच प्रकाश राम को भारतीय तीरंदाजी संघ की ओर से चीफ जज नियुक्त किया गया है। चीफ जज में नियुक्त होने पर कोच के अध्यक्ष नेहा महतो एवं संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने बधाई दिया है।

### विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बेड़ो।** बेड़ो स्थित विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता एवं गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भूतपूर्व सैनिक मंगल प्रकाश समेत कई लोग शामिल हुए एवं झंडोतोलन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। इसके बाद विद्यार्थियों के द्वारा भव्य झांकी परेड, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन विद्यार्थियों के बीच सुई धागा, पानी बोतल, मेंढक रेस, बैलून रेस, अभिभावक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच म्यूजिकल चेयर आदि खेलों का आयोजन किया गया। अपने आशीर्वचन में मुख्य अतिथि ने बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया तथा खेलकूद से विद्यार्थियों को होने वाले फायदे से अवगत कराया। सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि तथा विद्यालय के संचालक प्रकाश कुमार महतो के द्वारा संयुक्त रूप से मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# बेड़ो डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल ने किया शानदार प्रदर्शन

## प्रखंड स्तरीय स्कूलों की प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेड़ो के महादानी मैदान में अंचल कार्यालय बेड़ो द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय स्कूलों के विभिन्न प्रतियोगिताओं में डीएवी विवेकानन्द पब्लिक स्कूल का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पुरस्कार जीता। ग्रुप प्रदर्शन में नागपुरी देशभक्ति नृत्य में प्रथम पुरस्कार, हिंदी देशभक्ति नृत्य में प्रथम पुरस्कार, बैंड प्रदर्शन में द्वितीय पुरस्कार, परेड प्रदर्शन में तृतीय पुरस्कार

व्यक्तिगत प्रदर्शन में क्विज प्रतियोगिता सीनियर में कक्षा 9 की पूजा कुमारी को प्रथम पुरस्कार, क्विज प्रतियोगिता जूनियर में कक्षा 6 के अंश टंडन को प्रथम पुरस्कार, भाषण प्रतियोगिता सीनियर में कक्षा 9 की संदली संविधा को द्वितीय पुरस्कार ,भाषण प्रतियोगिता जूनियर में,कक्षा 6 की जहरा परवीन को द्वितीय पुरस्कार, पेंटिंग प्रतियोगिता सीनियर में कक्षा 9 की सृजल कुमारी को प्रथम पुरस्कार, पेंटिंग प्रतियोगिता जूनियर में कक्षा 6 की आकृति स्नेहा को प्रथम पुरस्कार, निबंध प्रतियोगिता सीनियर में कक्षा 9 की कुमारी पूजा को प्रथम पुरस्कार, निबंध प्रतियोगिता जूनियर में कक्षा 6 की सदफ शाहीन को द्वितीय पुरस्कार, सौ मीटर रेस सीनियर में कक्षा 9 के रुद्रांशू कुमार को प्रथम पुरस्कार, सौ मीटर रेस जूनियर में कक्षा 8 के पवन साहू को द्वितीय पुरस्कार, दो सौ मीटर रेस सीनियर कक्षा 9 के प्रिंस साहू को प्रथम पुरस्कार, दो सौ मीटर रेस जूनियर कक्षा 8 के अंकित उरांव को द्वितीय पुरस्कार, फैंसी ड्रेस में प्रथम पुरस्कार सारिका को मिला। शिक्षक चेयर रेस में, संदीप सिंह को प्रथम स्थान मिला। कार्यक्रम में सभी विजेता प्रतिभागियों को अंचल कार्यालय बेड़ो की ओर से अतिथियों द्वारा मेडल ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने स्कूल के सभी विजेता टीम और बच्चों को बधाई दी। उन्होंने कहा की पहली बार गणतंत्र दिवस में बच्चे प्रखंड के अन्य विद्यालयों से प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। इससे बच्चों में मनोबल बढ़ा है इस प्रकार का आयोजन समय समय पर होनी चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुघर्टना में तीन घायल, रिम्स रेफर

**चान्हो/मांडर।** प्रखंड क्षेत्र में तीन अलग- अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए, तीनो रिम्स रेफर। पहली घटना बीजूपाड़ा खलारी मुख्य पथ पर चोरेया मोड़ के निकट हुए सड़क हादसे में पचपन वर्षीय विजय पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए। खलारी से वह वापस अपने घर कमड़े लौट रहे थे इसी बीच उक्त स्थान के निकट सड़क पर असंतुलित होकर गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर मांडर थाना क्षेत्र के सोसई के निकट हुए सड़क हादसे में ब्रांबे निवासी तेईस वर्षीय छोटू उरांव भी घायल हो गया। बीआरखो नदी से वह अपने दोस्त के बर्थडे पार्टी को मनाने के बाद वापस लौट रहा था इसी दौरान उसके बाइक की टक्कर एक दूसरे बाइक से हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद इसे भी रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं तीसरी घटना तीस वर्षीय वीरेंद्र उरांव अपने संबंधी रंजीत टोप्पो के साथ अपने बाइक से ब्राम्बे बाजार से कपड़ा खरीद कर वापस अपने घर लौट रहा था ठिक उसी दौरा कंदरी चील टोली के निकट रांची तरफ से आरहे एक बोलरो ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। इसी दौरान वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

### भारथी ग्रुप आफ इंस्टीच्यूशन में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**मांडर।** प्रखंड के कंदरी स्थित भारथी ग्रुप आफ इंस्टीच्यूशन में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। झंडोतोलन अध्यक्षा छवि सिन्हा के ने किया। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वार्षिक खेलकुद कार्यक्रम के विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र तथा मेडल प्रदान किये गये। मंच संचालन रविना कुमारी और दिव्या पाण्डेय ने किया। मौके पर नितिन पराशर, एवं शैक्षणिक सचिव श दीपाली पराशर, उपेन्द्र उपाध्याय, उपप्राचार्य राकेश कुमार राय, व्याख्यातागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### डॉ. परमेश्वर भगत की अध्यक्षता में वीर बुधु भगत स्मारक समिति की बैठक



**चान्हो ।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिलागाईं में शहीद वीर बुधु भगत की जयंती सह विकास मेला के अयोजन हेतु स्मारक स्थल के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ शनिवार को डॉ परमेश्वर भगत की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि एव विशिष्ठ अतिथि का चयन पर विचार, मेला का खर्च हेतु राज्य सरकार के पास मांग पत्र, कृषक को कृषि का उपकरण उपलब्ध कराने के लिए सरकार को ज्ञापन, विधि व्यवस्था हेतु प्रशासन को आवेदन, आदिवासी समाज, पड़हा व्यवस्था को और मजबूत करने हेतु विभिन्न राज्यों से आदिवासी समाज के बुद्धिजीवी एव अगुवागन को निमंत्रण आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर शहीद वीर बुधु भगत स्मारक समिति के मुख्य संरक्षक डॉ परमेश्वर भगत, अध्यक्ष शिवपूजन भगत, महासचिव गोपाल भगत, रघुनाथपुर पुर्व मुखिया सुनील उरांव, अब्दुल गफ्फार, प्रवीण गोप, अनामुल अंसारी, रामधनी भगत, अल्फ्रेड मिंज एवं स्मारक स्थल के सभी पदाधिकारी एवं गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए।

# बीडीओ ने बारीडीह आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर बारीडीह आवासीय विद्यालय का झंडोतोलन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। झंडोतोलन के पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा परेड किया गया। कार्यक्रम समापन के बाद बीडीओ ने छात्रों से उसकी पढ़ाई के संबंध में पूछताछ किया जिसमें पाया गया कि बच्चों के लिए लाइब्रेरी नहीं है। इसके बाद बीडीओ ने विद्यालय का स्थिति का जायजा लिया। जिसमें पाया गया कि स्कूल का भवन काफी पुराना और जर्जर स्थिति में हैं। विद्यालय में शौचालय का उचित व्यवस्था नहीं है। भवन का छत से वर्षा का पानी भी टपकता है। भवन का पलास्टर बहुत जगहों से अपना जगह छोड़ के गिर गया है। विद्यालय का चारदिवारी चारो तरफ से गिरा पड़ा है। जिससे छात्र असानी से अपने परिसर से बाहर जा सकते हैं। स्कूल में छात्रों के बैठने का कुर्सी भी सही से नहीं हैं। इसके पश्चात बीडीओ ने विद्यालय के रसोई का भी जायजा लिया जिसमें रसोई का स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने बारीडीह आवासीय विद्यालय के समस्याओं के निदान के लिए जल्द से जल्द पहल करने का निर्देश दिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक समेत कई कई लोग उपस्थित थे।

# सिल्ली में गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** 26 जनवरी को सिल्ली मुरी आसपास के क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लगाम गांव के खेलगांव मैदान में झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन किया एवं झंडे को सलामी दिया। इसी क्रम में सिल्ली प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, सिल्ली थाना में थाना प्रभारी लाल जी, राजकीय रेल थाना में थाना प्रभारी जमादार मुंडा, रेलवे सुरक्षा बल में थाना प्रभारी रुपेश कुमार, खादी ग्रामोद्योग छोटामुरी में इंद्रसेन सिंह, रूडसेट संस्थान सिल्ली के निदेशक संजीत कुमार, कस्तूरबा बालिका विद्यालय सिल्ली में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला, संत माइकल स्कूल में निदेशक डॉक्टर राकेश कुमार, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो,सुमित्रा प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा के संचालक नरसिंह प्रजापति ने झंडा तोलन किया। विद्यालय में बच्चों के बीच बहुत सारे कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया था जिसमें बच्चों ने भाग लिया। आसपास के क्षेत्रों में देशभक्ति गीत बजने से पूरा क्षेत्र राष्ट्रमय में हो गया था।

# सिल्ली प्रखंड कार्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड के मुख्य द्वार के समीप राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार के दिन प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला की अगुवाई में प्रखंड कर्मियों और उपस्थित आम जनों को शपथ दिलाई गई। सभी ने शपथ लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मौके पर बीपीओ कृष्णा हेंब्रम, प्रमोद साहू, लक्षु तिग्गा, मनोज रजवाड़, सृष्टिधर प्रमाणिक, वीरेंद्र कुमार, रोहित कुमार चौधरी, अविनाश कुमार, प्रखंड की सहिया एवं सभी विभाग के कर्मचारी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### 14 वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर रेल पुलिसकर्मियों ने ली शपथ

**मुरी।** राजकीय रेल थाना मुरी परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर गुरुवार के दिन थाना प्रभारी जमादार मुंडा के नेतृत्व में सभी पुलिसकर्मियों ने शपथ लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश को लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । मौके पर अवर निरीक्षक बहुरन भगत, कलीमुल्लाह खान, रामपरशन राम, प्रयाग तिवारी, रंजन, चुना महली, समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# क्षेत्र में रही गणतंत्र दिवस की धूम



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** प्रखण्ड मे स्थित विभिन्न सरकारी संस्थान,स्कूल और कॉलेज में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज में सचिव अजित कुमार सिंह ने झंडोत्तोलन किया। साथ में प्राचार्य डॉ सुशील कुमार मिंज, उप प्राचार्य मोहसिन खान, सफीउल्लाह अंसारी,, साबिर अंसारी,, नीलिमा टोप्पो भी मौजुद रहे। इस मौके पर विद्यार्थियों के द्वारा परेड भी किया गया। वहीं चान्हो थाना परिसर में थाना प्रभारी रंजय कुमार ने झंडोत्तोलन किया। प्रखंड स्थित बघवार अकादमी में झंडोत्तोलन स्कूल के निदेशक अशोक बाघवार ने किया। राष्ट्रीय पर्व के मौके पर विद्यालय प्रांगण में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। शुरूआत विद्यालय के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी से की गई जिसमें कक्षा 5 से 10 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रभात फेरी के दौरान सभी बच्चे अपने हाथों में तिरंगा झंडा लिए हुए थे। इस कार्यक्रम में मार्च पास्ट के अलावा कई ऐसे हैरतअंगेज कारनामे किए गए जो आए हुए अभिभावकों के बीच चर्चा का केंद्र रहा। टांगर के आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल में प्राचार्य ने झंडोत्तोलन किया।

### बेड़ो के सरनाटोली गांव में दो जंगली हाथियों ने किसान की फसल रौंदी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत के सरना टोली गांव में गुरुवार की रात दो जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के रोहित खाखा पिता स्व कोमल पहान के आलू,मटर,और सरसों की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगो में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं।

### राष्ट्रीय जतरा महोत्सव को सफल बनाने को लेकर प्रचार-प्रचार तेज

**रांची।** आगामी 31 जनवरी एंव 01 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की तैयारी को लेकर समिति के सभी पदाधिकारी जोर जोर-शोर से प्रचार प्रसार में लग गये है। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा जयपुर पंचायत के कामता,कोंगे तथा सिमलिया पंचायत के नया सिमलिया,हेहल,रातू प्रखण्ड के लालगुटूवा,बेलांगी इत्यादि क्षेत्रों का दौरा किया।मुखिया,सरपंच,पंचायत समिति के सदस्य तथा आदिवासी समाज के अगुवाओं के बीच जाकर राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के बारे में जागरूक किया जा रहा है तथा जतरा में भारी से भारी संख्या में शामिल हो उसको लेकर आग्रह किया जा रहा है। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के कार्यकारी अध्यक्ष नरेश पाहन ने कहा की राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में 101 पाहनों के द्वारा पुरे विधि विधान के साथ पुजा पाठ किया जाएगा।

## बेड़ो में 26 जनवरी पर कई कार्यमक्र आयोजित

# भारतीय संविधान को जानना और मानना जरूरी : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** हम सभी भारतीयों को भारतीय संविधान को जानना और मानना आवश्यक है। आज से पूर्व 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान अपनाया गया था। जिसके बाद 26 जनवरी 1950 को एक लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ भारतीय संविधान लागू किया गया था। उक्त बातें बेडो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में 26 जनवरी को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीओ प्रताप मिंज ने कही। इस दौरान महादानी मैदान में तिरंगा झंडा पंचायत की सरपंच राखी भगत ने फहराकर। इधर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में आई विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, अंचल अधिकारी प्रताप मिंज, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय समेत कई अतिथि के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान बैंड डिस्प्ले प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय बेडो बालक, राजकीय मध्य विद्यालय कन्या व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक बैंड डिस्प्ले प्रस्तुत किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के बीच उछल कूद प्रतियोगिता, रेस प्रतियोगिता, बैलून फोड़ प्रतियोगिता समेत कई प्रतियोगिता बच्चों के बीच आयोजित की गई। वही कार्यक्रम के उपरांत विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा कई मनमोहक देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान बेड़ो मुखिया, अनमोल मिंज, विश्वनाथ गोप, पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज लकड़ा, समेत कई लोगों ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संबोधित किया।

# धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो प्रखंड में गुरुवार को 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों समेत प्रखंड के सभी स्कुलों में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए झंडा फहराया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रखंड प्रमुख, तहसील कचहरी में सीओ प्रताप मिंज, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, पुलिस निरीक्षक कार्यालय व थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम, राजकीय कृत मध्य विद्यालय कन्या में बीईईओ सुनील कुमार केशरी, एस एस प्लस टू हाई स्कूल में हेनरीता मिंज, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में प्राचार्य, बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ सुमित्रा कुमारी राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में नीलम सिंह बेड़ो लैम्पस में अध्यक्ष जगरनाथ भगत, डीएवी विवेकानन्द स्कूल में विष्णु महतो ने झंडा फहराया। इधर पंचायत सचिवालय में मुखिया, बेड़ो कॉलेज प्राचार्य, संत जगत ज्ञान महर्षि मेंही पब्लिक स्कूल मैं डारेक्टर संदीप राज, विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश कुमार महतो, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पशुपालन विभाग, समेत प्रखंड के कई शिक्षण संस्थानों में झंडा फहराया गया।


**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)
**PR No. - 314095 Dated- 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 255/2023-24 दिनांक :- 27.01.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GOD-02/2023-24 | मेहरमा | 1 | एल031 मुक्का मिलिक से सिंगारपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1.000 कि०मी०) | 1191.965 | ग्यारह करोड़ इक्यानबे लाख छियानबे हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | मेहरमा | 2 | नावाडीह मोड़ से कालीकित्ता भाया हरिपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1.500 कि०मी०) | | | |
| | | मेहरमा | 3 | घोरिकित्ता से बिहार सीमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1.800 कि०मी०) | | | |
| | | मेहरमा | 4 | मैनाचक से खानीचक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1.450 कि०मी०) | | | |
| | | ठाकुरगंगटी | 5 | कुशमा से बहादुरचक भाया नियामातचक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.800 कि०मी०) | | | |
| | | मेहरमा | 6 | हरीपुर से पिपरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 4.500 कि०मी०) | | | |
| | | मेहरमा | 7 | बेनीदास भुसका नहर से सियारडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.800 कि०मी०) | | | |
| | | ठाकुरगंगटी | 8 | मदन चौकी आर०ई०ओ० रोड़ से देवनचक भाया सिलाख संथालीटोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.100 कि०मी०) | | | |
| | | मेहरमा | 9 | एल036 आर०ई०ओ० रोड से मधुपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1.300 कि०मी०) | | | |
| | | मेहरमा | 10 | एल०29 प्रतापपुर ब्लॉक सीमा से रसटीकर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–29.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 07.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–08.02.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

PR 317134 (Rural Work Department)23-24*D मुख्य अभियंता जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

# डीजीपी ने किया झंडोत्तोलन गणतंत्र दिवस की दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता। रांची

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने गणतंत्र दिवस पर पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को झंडोत्तोलन किया। उन्होंने सभी अधिकारियों, पदाधिकारी और कर्मियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। डीजीपी ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों का फल हैं कि हमने सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। झारखंड पुलिस राज्य में आम जनता की सुरक्षा एवं संरक्षा के साथ-साथ राज्य को विकसित बनाने की दिशा में अनुकूल वातावरण बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस का मुखिया होने के नाते मैं समझता हूं कि अभियानों के दौरान होने वाली कठिनाईयों के बावजूद भी पिछले वर्ष झारखंड पुलिस के लिये काफी उत्साहजनक परिणामों वाला वर्ष रहा है। झारखंड पुलिस ने न सिर्फ नक्सलवाद की कमर तोड़ी है, बल्कि कई जटिल केसों को तीव्र गति से निष्पादन भी किया है। आने वाले दिनों में अन्य चुनौतियों के साथ-साथ चुनावों को भी शांतिपूर्ण तरीके से निबटाने की चुनौती हम सभी के सामने है। उन्होंने कहा कि नक्सली अभियानों में गत वर्ष 402 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें सैक सदस्य एक, रीजनल कमेटी सदस्य एक, जोनल कमाण्डर पांच, सब जोनल कमाण्डर 13 और एरिया कमाण्डर स्तर के नौ हार्डकोर नक्सली शामिल हैं। पुलिस की ओर से नक्सलियों से पुलिस हथियार 28, रेगुलर हथियार 17, देशी हथियार 117, कारतूस 10384, आईईडी 248 और लेवी राशि के रूप में 17.56 लाख रुपये की बरामदगी की गयी है। उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ हुए 26 मुठभेड़ की घटनाओं में विभिन्न नक्सली संगठन के नौ नक्सली मारे गये। नक्सल विरोधी अभियानों के अतिरिक्त नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास भी झारखंड सरकार एवं झारखण्ड पुलिस के जरिये किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत अबतक कुल 269 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण के पश्चात नक्सलियों को खुले जेल में रखा जा रहा है। इस मौके पर पुलिस मुख्यालय के सभी वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने समाहरणालय व विकास भवन में तिरंगा फहराया



नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर समाहरणालय भवन और विकास भवन में तिरंगा फहराया। उपायुक्त ने इस दौरान सभी अधिकारी, पदाधिकारी और कर्मियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता राजेश कुमार बरवार, सुधीर बाड़ा, रामवृक्ष महतो, डॉ प्रशांत शंकर सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## एसएसपी ने न्यू पुलिस केंद्र में फहराया तिरंगा, 27 पुलिस पदाधिकारी सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता। रांची

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कांके रोड स्थित न्यू पुलिस केन्द्र में तिरंगा फहराया। मौके पर उन्होंने गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई दी। इसके बाद जिले में विगत दिनों में घटित अत्यंत ही संवेदनशील घटनाओं के सफल उद्भेदन और संलिप्त अपराधकर्मियों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने में शामिल चार इंस्पेक्टर सहित कुल 27 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## वनवासी कल्याण केंद्र में मनाया गया नारी शक्ति दिवस



नवीन मेल संवाददाता। रांची

वनवासी कल्याण केंद्र के रांची महिला समिति द्वारा नारी शक्ति दिवस मनाया गया। नागा आध्यात्मिक एवं राजनीतिक नेत्री रानी मां गाइदिन्ल्यू के जन्म तिथि 26 जनवरी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा सम्पूर्ण भारत में नारी शक्ति दिवस मनाया जाता है। जिन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया था।

कार्यक्रम में संगीता दत्ता, पूनम गुप्ता, ममता सिन्हा, सीमा अग्रवाल, सरोज गुप्ता, देवनंदन सिंह, सुशील मरांडी, सुनील कुमार सिंह और अन्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन क्षेत्रीय महिला प्रमुख सुलेखा कुमारी ने किया।

## बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं उन्हें नशे से मुक्त रखना जरूरी : डीसी

**नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रांची डीसी ने किया साइकिल रैली को रवाना**



नवीन मेल संवाददाता। रांची

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय परिसर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत साईकिल रैली को रवाना किया। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से यह रैली नशा मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूक करने के लिए निकाली गयी।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वेता भारती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर, जिला बाल कल्याण पदाधिकारी वेद प्रकाश तिवारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा एवं संबंधित सभी पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि पूरे जिले में नशा मुक्ति जागरूकता चलाया जा रहा है। नशा करने से समाज को बहुत नुकसान हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे और विद्यार्थी नशे के आदी हो रहे हैं। इससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका दुस्प्रभाव यह होता है, की उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। घर में झगड़े झंझट, कलह-कलेश बढ़ जाते हैं। उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा कि हमारे बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। उन्हें नशे से मुक्त रखना जरुरी है। ताकि वे अपना पठन-पाठन सही तरीके से कर पायें। नशे से परिवार, समाज का बहुत नुकसान होता है। इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

डीसी ने कहा कि नशे से समाज और देश को काफी नुकसान है। देश को इससे बचाने के लिए नशे के सौदागरों पर कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## 75वें गणतंत्र दिवस पर टेंडर गांव में किया गया कंबल का वितरण



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल व सचिव मनोज कुमार चौधरी के निर्देश पर शनिवार को रातु प्रखंड के टेंडर गांव एवं हेहल के पाहन टोली, मुंडा टोली एवं पहाड़ टोली के 155 जरुरतमंद परिवार के बीच कंबल, मफलर, उनी टोपी, उनी मोजा एवं अल्पहार का वितरण किया गया। सेवा कार्य में निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश कुमार चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, सज्जन पाडिया, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, नन्द किशोर चौधरी, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह, धर्मजीत सिंह के अलावा संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## आदिवासी युवाओं में रचनात्मक लेखन का विकास लक्ष्य : राजीव अरुण एक्का

**सात दिवसीय रचनात्मक लेखन कार्यशाला शुरू**



नवीन मेल संवाददाता। रांची

डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में सात दिवसीय रचनात्मक लेखन कार्यशाला का उद्घाटन अतिथियों ने पारंपरिक रूप से नगाड़ा बजाकर किया। उद्घाटन अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का ने किया। मौक पर श्री एक्का ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य झारखंड के आदिवासी युवाओं में रचनात्मक लेखन का विकास करना है। ताकि वे आने वाले समय में अपनी रचनात्मकता से सिनेमा और साहित्य के क्षेत्र में राज्य का नाम रौशन कर सके। संस्थान के निदेशक डॉ रणेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यशाला में देशभर के लेखक व फिल्मकार को शिक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है। जो साहित्य, सिनेमा व अनुवाद की बारीकियों पर छात्रों को विशेष प्रशिक्षण देंगे। उप निदेशक श्री टूटी ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड में नए लेखकों की पीढ़ी तैयार करना है। वक्ता के रूप में नितिशा खलखो ने कहा इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को लेखन के क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर कलम का सिपाही बनाया जा रहा। सब्बीर अहमद ने कहा इस कार्यशाला का उद्देश्य बहुत ही सार्थक है। कार्यशाला में राकेश कुमार सिंह, फिल्म निर्देशक व पत्रकार अविनाश दास, साहित्यकार विभूषण, अनिल यादव ने भी अपने विचार रखे।

## डीएवी हेहल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का शिक्षक क्षमता संवर्धन पर कार्यशाला



नवीन मेल संवाददाता। रांची

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पटना की ओर से शिक्षकों के लिए दो-दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम अनुभवजन्य शिक्षा की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन्स के नागाराजू, प्राचार्य मधुसूदन पब्लिक स्कूल चक्रधरपुर और रंजन शर्मा (पीजीटी, कंप्यूटर साइंस) ग्रीनफील्ड एकेडमी, चंदवा का स्वागत पौधा देकर किया।

प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि क्षमता संवर्धन कार्यशाला शिक्षकों की शिक्षण क्षमता को बेहतर और इनोवेटिव बनाने का प्लेटफॉर्म है। शिक्षक ही देश के भाग्य विधाताओं का निर्माण अपने शिक्षण कौशलों के माध्यम से कक्षाओं में ही करते हैं। इस दो-दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला में जिन विषयों पर चर्चा और चिंतन होगा। प्रथम सत्र में प्रशिक्षक के नागाराजू ने शिक्षकों को अनुभवजन्य अधिगम के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में प्रशिक्षक रंजन शर्मा ने बताया कि अनुभवात्मक सीखने की प्रक्रिया के दौरान, छात्र सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को आंकलन और मूल्यांकन प्रथाओं को मजबूत करने को सशक्त बनाया। इस शिक्षक संवर्धन कार्यशाला में सी बीएस ई से संबंधित झारखंड राज्य के विद्यालयों से 55 शिक्षक 10 वर्गों में बटकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## श्री श्याम मंदिर में 97 वें प्रसाद भोग का किया गया वितरण



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 97 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग वितरण किया गया। प्रत्येक शनिवार को मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है । 97 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में इडली, चटनी, उपमा, जलेबी, घेवर और टॉफी का दिया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में वितरण कार्य संपन्न हुआ। वितरण कार्यक्रम में विश्वनाथ नारसरिया, अनिल नारनौली, पूर्व सांसद अजय मारू, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनैली, वेद भूषण जैन, आशीष डालमिया, कौशल चौधरी, मनोज खेतावत, अभिषेक सरावगी, मनीष वर्मा, झूलन मुंडा, उपेंद्र पांडे, कृष्णा शर्मा, शीतल घोष, अमित महतो, तरुण शर्मा, नकुल मुंडा, सहित 40 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# नये एक्सटेंशन वार्ड के बाद भी परेशानी कम नहीं हुई न्यूरो सर्जरी विभाग के मरीजों की

**रिम्स के न्यूरो विभाग में क्षमता से दोगुना मरीजों के कारण फर्श में रखकर किया जा रहा इलाज**

रवि चंद कपूर। रांची

रिम्स में न्यूरो सर्जरी विभाग में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अलग से एक वार्ड बनाया गया है। रिम्स के पुराने इमरजेंसी वार्ड को बदलकर उसे 40 बेड का न्यूरो सर्जरी एक्सटेंशन वार्ड बनाया गया है।

24 जनवरी को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस वार्ड विधिवत उदघाटन किया। जिसके बाद फर्श पर रहकर इलाज करा रहे न्यूरो सर्जरी विभाग के मरीजों को यहॉ शिफ्ट किया गया। इस वार्ड में 36 साधारण बेड है, जबकि 4 आइसीयू बेड बनाये गये है।

नये एक्सटेंशन वार्ड के बन जाने के बावजूद न्यूरो सर्जरी विभाग में इलाज कराने वाले मरीजों की समस्या कम नहीं हुई है। करीब 40 मरीजों को नये एक्सटेंशन वार्ड में शिफ्ट करने के बावजूद अभी भी करीब 60 से अधिक मरीजों को फर्श पर रहकर इलाज कराना पड़ रहा है।

**बेड क्षमता 139 का, इलाज हो रहा है 220 मरीजों का :** न्यूरो सर्जरी विभाग में बेड क्षमता से कहीं अधिक मरीजों का इलाज चल रहा है। न्यूरो सर्जरी विभाग के डी-2 वार्ड, आइसीयू वार्ड और एसडीयू वार्ड में बेड की कुल क्षमता 119 है। जबकि वर्तमान समय में 220 से अधिक मरीजों का इलाज चल रहा है। बताया गया कि तीन वार्ड के 119 बेड एवं नये एक्सटेंशन वार्ड में 40 बेड के अलावा वार्ड के अंदर और वार्ड के बाहर फर्श में रहकर 60 से अधिक मरीजों अर्थात करीब 220 से अधिक मरीजों को इलाज चल रहा है।

**हर दिन 10-15 मरीज होते है डिस्चार्ज :** न्यूरो सर्जरी विभाग में मरीजों की संख्या हमेशा क्षमता से अधिक हो जाती है। जबकि प्रति दिन इस विभाग में करीब 10 से 15 मरीजों की इलाज के बाद छुट्टी दी जाती है।

इसके बावजूद मरीजों की संख्या में कमी नहीं होती हैं। हर दिन लगभग 10 से 15 मरीज इस विभाग में भर्ती होते है। जिस कारण न्यूरो सर्जरी विभाग में बेड की किल्लत रहती है।

### फर्श पर इलाज कराने को हैं मजबूर



रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में सबसे अधिक मरीज आते है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अधिकतर मामलों में सिर पर चोट आती है। जिस कारण ऐसे मरीजों को सबसे पहले न्यूरो सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया जाता है। यहॉ से स्थिति में सुधार के बाद दुसरे वार्ड में शिफ्ट किया जाता है। बेड की क्षमता से अधिक मरीज के हो जाने पर उन्हें गद्दा उपलब्ध करा कर तुरंत उनका इलाज चालू कर दिया जाता है। इससे गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिल जाती है।

### आने वाले हर मरीज का इलाज करना कर्तब्य : डॉ सीबी सहाय



न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ सीबी सहाय ने कहा कि रिम्स में आने वाले सभी मरीजों को इलाज करना हम सभी का कर्तब्य है। उन्होंने कहा कि रिम्स में जो भी मरीज पहुंचते है, उनको हमलोग वापस नहीं करते सभी का इलाज तुरंत शुरू कर दी जाती है। इस विभाग में ज्यादातर मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते है। जिस कारण बेड नहीं होने पर भी फर्श पर ही गद्दा बिछाकर मरीजों का इलाज तुरंत शुरू कर दिया जाता है। सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है आगे न्यूरो सर्जरी विभाग के वार्ड का विस्तार किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। छात्रों ने स्वतंत्रता और एकता की भावना को व्यक्त करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा और प्राचार्या परमजीत कौर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर किया। एनसीसी के नेतृत्व में चारों सदनों के विद्यार्थियों ने स्कूल बैंड पर लयबद्ध तरीके से मार्च किया। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और देश के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया। पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के उत्साह से गूंज उठा। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस अवसर पर छात्रों, पूर्व छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों, पूर्व छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और शहीदों के बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम सभी को धर्मनिरपेक्ष, संप्रभु, लोकतंत्र, स्वतंत्रता, बंधुत्व, समानता और न्याय के शब्दों को याद रखना चाहिए, जो प्रस्तावना के मूल में हैं।

### झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ रांची ने मनाया गणतंत्र दिवस



**रांची।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ पंडरा स्थित शौंडिक भवन धर्मशाला परिसर में गणतंत्र दिवस मनाया। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु ने झंडोतोलन किया। प्रदेश संगठन द्वारा अयोध्या से लौटे अरुण देव कुमार को सम्मानित कर पुष्प एवं रामायण भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री उमेश साहु, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु, कुणाल कुमार बंटी, शैलेन्द्र कुमार, शिंपल साहु, उपेन्द्र कुमार साहु, लखन दास, हरि साहू, नारायण साहु, नवल प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस पर बीआईटी लालपुर की ओर से निकाली गयी प्रभात फेरी



**रांची।** बीआईटी के लालपुर केन्द्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया गया। झंडोत्तोलन करते हुए केंद्र की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने कहा कि हम देश के विकास में युवा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश को गर्वान्वित कर सकते है। उन्होंने भविष्य में बीआईटी मेसरा के होने वाले शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने कर्मचारियों को और कठिन परिश्रम कर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में पर धन्यवाद दिया। इससे पहले एनएसएस के सदस्यों के द्वारा प्रभात फेरी के माध्यम से युवाओं में बढ़ते नशा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। समाज में फैल रहे नशा पर गंभीर संदेश दिया। एनएसएस के नेतृत्व प्रभारी डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, डॉ संदीप नाथ शाहदेव, डॉ प्रदीप मुंडा, सहायक कुलसचिव सिद्दीकांत मिश्रा, शांतनु सिन्हा, अजय कुमार, मनोज कुमार सहित एनएसएस के सैकड़ों सदस्यों ने डगरा टोली, लालपुर चौक से होते हुए कोकर बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर प्रभात फेरी बीआईटी लालपुर आकर समाप्त हुआ। समारोह में डॉ प्रणव कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ अमृता प्रियम, डॉ आशुतोष मिश्र, दीपक मिश्रा, डॉ तन्मय कुमार, मिनी दुबे, अनामिका कुमारी, ऐलिस टोप्पो, सरिता तिगा, शांतनु शर्मा और बासुदेव सिंह सहित सभी संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अमानत अली ने किया झंडोत्तोलन



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस नेता अमानत अली ने झंडोत्तोलन किया। अमानत अली 102 वर्ष के हैं। सर्वप्रथम सेवादल की प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन की ओर से मुख्य अतिथि को गॉर्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इसके बाद झंडोत्तोलन किया गया और राष्ट्र गान गाया गया। उपस्थित नेताओं के बीच मिठाईयां बांटी गई। अमानत अली ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र पूरे विश्व के सामने उदाहरण के रूप में पेश किया जाता है। इस मौके पर अमुल्य नीरज, मदन मोहन शर्मा, संजय लाल पासवान, राजीव रंजन प्रसाद, जयशंकर पाठक सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

### झालसा में जस्टिस सुजीत नारायण और सिविल कोर्ट में प्रधान न्यायायुक्त ने फहराया तिरंगा



**रांची।** गणतंत्र दिवस पर झारखंड लीगल सर्विसेस अथॉरिटी (झालसा) में कार्यपालक अध्यक्ष सह झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर, जस्टिस राजेश कुमार, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस गौतम कुमार चौधरी, जस्टिस दीपक रोशन, झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल आदि उपस्थित थे। उधर, झारखंड स्टेट बार काउंसिल में काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार कृष्ण ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर काउंसिल के सदस्य हेमंत कुमार सिकरवार, एके रसीदी, हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के सचिव नवीन कुमार के अलावा काउंसिल के सदस्य के साथ धीरज कुमार समेत कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

### सिविल कोर्ट में प्रधान न्यायायुक्त अरुण कुमार राय ने किया झंडोत्तोलन

**रांची।** सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान न्यायायुक्त अरुण कुमार राय ने तिरंगा फहराया। मौके पर रांची सिविल कोर्ट के कई जज एवं अधिवक्ता उपस्थित थे। जबकि रांची जिला बार एसोसिएशन के नए भवन में एसोसिएशन के अध्यक्ष शंभू प्रसाद अग्रवाल ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार विद्रोही सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।




गणतंत्र दिवस पर मोरहाबादी में निकाली गई झांकियां।

# विकास योजनाओं में बाधक न बने भ्रष्टाचार : राज्यपाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
75वें गणतंत्र दिवस पर झारखंड की राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और उपराजधानी दुमका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर शानदार परेड का आयोजन हुआ और सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से किए जा रहे कार्यों पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की गईं। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के विजन पर कार्य शुरू किया है और इसमें ज्यादा से ज्यादा युवाओं को भागीदार बनाया जा रहा है। जब हमारा देश स्वतंत्रता के 100 साल पूरे कर लेगा, तब तक विकसित भारत का अभियान भी साकार हो जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का लगातार प्रयास चल रहा है। भ्रष्टाचार को सरकार की इन योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में बाधक नहीं बनने देना चाहिए। किसी भी रूप में और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। राज्यपाल ने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मनरेगा योजना के अंतर्गत महिलाएं मेट एवं बागवानी सखी के रूप में कार्य कर रही हैं। इससे मनरेगा में मानव श्रम में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 48 प्रतिशत हो गई है। 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी मशीनरी द्वारा पंचायतों तक जाकर योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाया जा रहा है।

## ओपीएस पुनः शुरू किया, 35 लाख लोगों को दे रहे पेंशन : मुख्यमंत्री



उपराजधानी दुमका पुलिस लाइन मैदान में तिरंगा फहराने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार साल के शासन में सरकार ने लाखों राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू की है। 35 लाख जरूरतमंदों को पेंशन, 20 लाख अतिरिक्त लोगों को राशन और 57 लाख से अधिक लोगों को सरकार साल में दो बार वस्त्र प्रदान कर रही है। झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान कर उनके आश्रितों और स्वजनों को पेंशन और सम्मान देने की मुहिम चलाई जा रही है। राज्य सरकार अपनी निधि से आवास विहीन और कच्चे घर में रहने वाले करीब 20 लाख परिवारों को तीन कमरों वाला पक्का मकान अबुआ आवास के तहत उपलब्ध कराएगी। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से सात लाख से अधिक किशोरियों को लाभान्वित किया गया है।

## दो आइपीएस सहित 36 पुलिस अफसरों और कर्मियों को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

### 23 को वीरता पदक, एक को विशिष्ट सेवा पदक और 12 को सराहनीय सेवा पदक





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गणतंत्र दिवस पर मोरहाबादी मैदान में झारखंड के गर्वनर सीपी राधकृष्णन ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड के दो आइपीएस अधिकारियों सहित कुल 36 पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को पुलिस पदक से नवाजा है। इनमें 23 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को वीरता पदक, 12 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक और एक पुलिस अफसर को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

**आइजी होमकर सहित 12 को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक :** आइजी अभियान अमोल वीणुकात होमकर, डीएसपी मो परवेज आलम, दारोगा तारामणि टेटे, एएसआइ भीम लाल महतो, एएसआइ एतवा उरांव, हवलदार संतोष कुमार, हवलदार अनिल दास, हवलदार जीवन ज्योतिष तिकी, हवलदार राम बहादुर, हवलदार सिलवेस्टर केरकेट्टा, हवलदार चक्रधर कुमार महतो व आरक्षी कविता विवेक।

**तनुश्री को वीरता का राष्ट्रपति पदक :** झारखंड की बेटी तनुश्री को वीरता का राष्ट्रपति पदक मिला है। तनुश्री भारतीय पुलिस सेवा की जम्मू कश्मीर कैडर की अधिकारी है। वर्तमान में सोफिया जिले की वरीय पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापित है। तनुश्री आजसू पार्टी अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह सेवानिवृत्त उप पुलिस महानिरीक्षक सुबोध प्रसाद की पुत्री है।

**जगुआर के दारोगा का विशिष्ट सेवा पदक :** झारखंड जगुआर के दारोगा अमीर तांती को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

**23 को मिला वीरता पुलिस पदक :** एसपी रिषभ झा (रेल एसपी जमशेदपुर) एएसपी बृजेन्द्र कुमार मिश्रा, अनुराग राज, अपर पुलिस अधीक्षक, डीएसपी दीपक कुमार, डीएसपी ओमप्रकाश तिवारी, इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, इंस्पेक्टर राजीव कुमार, दारोगा रौशन कुमार सिंह, दारोगा सदानंद, दारोगा विक्रांत कुमार, हवलदार फवियानुस तिकी, हवलदार नारायण मांझी, हवलदार अमित कुमार, आरक्षी अनिल उरांव, आरक्षी बाबूराम बास्की, आरक्षी याकूब सुरीन, आरक्षी अशोक कुमार, आरक्षी रंजीत कुमार, आरक्षी मो असगर अली, आरक्षी शेख सिकंदर, आरक्षी अनूप लकड़ा, आरक्षी कृष्णा उरांव और आरक्षी विनय टेटे।

# प्रधानमंत्री ने बढ़ाया महिलाओं का मान सम्मान और स्वाभिमान : बाबूलाल

### शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचेगी भाजपाः लाजवंती झा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
महिला वोटरों से संपर्क साधने के लिए भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर शक्ति वंदन कार्यक्रम चला रही है। हरमू पटेल धर्मशाला में शक्ति वंदन एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने प्रदेश के महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ संवाद किया और उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है इन योजनाओं का सीधा लाभ महिलाओं तक पहुंचे इसके लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को केंद्र में रखकर कई प्रकार की महत्वाकांक्षी योजना लेकर देश की महिलाओं कर लाभान्वित किया है। शक्ति वंदन अभियान की राष्ट्रीय प्रभारी सह बिहार की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा ने कहा कि 2024 में महिला वोटर्स का प्रतिशत बढ़े इसके लिए इस अभियान में तेजी से कार्य करना है। कहा कि इस अभियान के तहत देश भर की 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम की प्रदेश प्रभारी एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से 30 लाख स्वयं सहायता समूह की बहनों से मिलना है और उनको मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताना है। प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। कार्यक्रम का संचालन गीता बलमुचू एवं धन्यवाद ज्ञापन विनीता कुमारी ने किया।

कार्यशाला में नीलम यादव, मंजुलता दुबे, डॉ सीमा सिंह, रेणुका मुर्मू, सरिता पांडे, रूपा सिंह, रेणु तिर्की, रेखा महतो, सोनी हेमरोम, रागिनी सिन्हा, लक्ष्मी कुमारी, सकुंतला देवी, मालती गिलुवा, रीता क्षेत्री एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य, जिला प्रभारी एवं संयोजक उपस्थित हुए।

## कोयला कारोबारी इजहार की रिमांड पूरी कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**रांची।** ईडी ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की रिमांड अवधि समाप्त होने पर शनिवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। इससे पूर्व ईडी ने 23 जनवरी को इजहार को चार दिन और 17 जनवरी को छह दिन के रिमांड पर लिया था। गत 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड़ रुपये के कोल लिंकेज की हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है।

## वित्त रहित शिक्षा कर्मी 31 को राजभवन के समक्ष देंगे धरना

**रांची।** वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षाकर्मी अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई है। वित्त रहित संघर्ष मोर्चा के रघुनाथ सिंह ने शनिवार को बताया कि 31 जनवरी को राजभवन के समक्ष धरना, नौ फरवरी को अपने-अपने संस्थानों के समक्ष 12 घंटे के उपवास, 15 फरवरी को शैक्षणिक हड़ताल, 16 फरवरी को अपने-अपने क्षेत्र के विधायक के आवास का घेराव करेंगे। फरवरी के तीसरे सप्ताह में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। आठ फरवरी को मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव को ज्ञापन दिया जाएगा।

# जेबीवीएनएल का ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम खराब, उपभोक्ता परेशान

### बकाया बिल के नाम पर विद्युत विभाग के अधिकारी लाइन काटने की दे रहे है चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की लापरवाही की सजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। विभाग का आनलाइन बिल पेमेंट सिस्टम पिछले दो महीनें से कार्य नहीं कर रहा है। जिस कारण उपभोक्ताओं का बिल जमा नहीं हो पा रहा है। इससे जहां एक ओर बिजली उपभोक्ता परेशान है, वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं पर बिल जमा करने और नहीं देने पर बिजली कनेक्शन काटने की धमकी दी जा रही है। इससे बिजली उपभोक्ता काफी परेशान है।

शनिवार को इंद्रपुरी में एक वरिष्ठ पत्रकार के घर का बिजली लाइन काटने के लिए विद्युत विभाग की एक टीम पहुंच गयी। उपभोक्ता वरिष्ठ पत्रकार ने बताया कि पिछले दो महीने से ऑनलाइन बिजली बिल जमा करने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन तकनीकी गड़बड़ी से बिल जमा नहीं हो पा रहा है। इसलिए बिल बकाया है। लेकिन टीम के लोग विद्युत विभाग की खामियां और गलती मानने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि बिजली बिल जमा नहीं हुआ तो लाइन कटेगी।

इसके बाद अधिकारियों ने वरिष्ठ पत्रकार को सोमवार तक का समय दिया कि आधा बकाया बिल जमा कर दे, नहीं तो लाइन काट दी जायेगी।

### ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम है बाधित, दो दिनों में हो जाएगी ठीक : महाप्रबंधक



इस मामले पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव से बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि विभाग का ऑनलाइन बिजली बिल पेमेंट सिस्टम दो महीने से बाधित है। जिस कारण उपभोक्ताओं को बिजली बिल के भुगतान में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा बताया कि इस संबंध में मुख्यालय को सूचित किया जा चुका है। दो दिनों के अंदर आनलाइन पेमेंट सिस्टम ठीक करा दिया जाएगा। जिसके बाद उपभोक्ताओं का परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा। महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने कहा कि ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के बाधित रहने के कारण यदि उपभोक्ताओं का बिल जमा नहीं हो पाया तो ऐसे लोगों को समय दिया जाएगा।

## बाबा दीप सिंह के जन्म दिवस पर सजाया गया विशेष दीवान

**रांची।** कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर स्त्री सत्संग सभा में शनिवार को बाबा दीप सिंह का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरूआत सुबह 6 बजे हुई। जिसमें उपस्थित संगत ने सामूहिक रूप से श्री चौपहरा साहिब जी का पाठ किया। श्री अनंद साहिब के पाठ तथा गुरुद्वारा के भाई अमरीक सिंह द्वारा की गई अरदास तथा हुकुम नामा पढ़ने के साथ दीवान की समाप्ति सुबह 10 बजे हुई। दीवान समाप्ति के बाद गुरुद्वारा कमेटी द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। कार्यक्रम में प्रकाश गिरधर, ग्रीश मिढ़ा, ऋषिपाल सिंह, प्रवीण गिरधर, दिनेश गाबा, अमर सिंह मुंजाल, मोहित गिरधर, हन्नी मिढ़ा, पाली मुंजाल, संजय,मनीष गिरधर, पम्मी, बबली, गुरमीत कौर, राज कौर, सुषमा देवी, साक्षी मिढ़ा, आख्या अरोड़ा, मुस्कान, सोनी कौर समेत अन्य उपस्थित थे।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता के लिए देवघर में कांग्रेस का मंथन



**नवीन मेल संवाददाता। देवघर/रांची**
राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में आगामी दो फरवरी को प्रवेश करेगी। इसी साल 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू हुए यह यात्रा विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए बंगाल होकर झारखंड प्रवेश करेगी। राहुल गांधी की यह यात्रा झारखंड में आठ दिनों तक चलेगी। कांग्रेस का भारत जोड़ो न्याय यात्रा राज्य के आधे जिलों से गुजरते हुए लगभग 800 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। न्याय यात्रा की सफलता को लेकर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने शनिवार को देवघर परिसदन में एक बैठक की। मौके पर बैठक के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने बातचीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी की रूट अभी तय नहीं हुआ है कि झारखंड में कौन सी तारीख को कौन से जिला से उनकी यात्रा गुजरेगी, हालांकि उनके इंटरनल टीम और सुरक्षा प्रभारी की ओर से रूट तय किया जा रहा है। आगामी दो से तीन दिनों के अंदर राहुल गांधी का रूट सार्वजनिक कर दिया जाएगा। तभी पता चलेगा कि देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उनका पूजा का कार्यक्रम होगा या नहीं। लेकिन स्थानीय नेता सहित प्रदेश के पार्टी पदाधिकारी की कोशिश रहेगी कि वह बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करें। झारखंड प्रभारी ने बताया कि अन्य राज्यों से अधिक राहुल गांधी को झारखंड वासियों का प्यार और मोहब्बत मिलेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, अंबा प्रसाद सहित कई वरिष्ठ नेता, विधायक, सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने 75वां गणतंत्र दिवस मनाया



**रांची।** 26 जनवरी को एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े गर्व और देशभक्तिपूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री अनिमेष जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, कोयला खनन ने तिरंगा झंडा फहराया।

इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि एनटीपीसी 73874 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ देश के हर चौथे बल्ब को जलाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा में सबसे बड़ा योगदान कर्ता रहा है और इसका कोयला खनन व्यवसाय मुख्य व्यवसाय को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में एनटीपीसी-एनएमएल ने 27.5 एमएमटी का रिकॉर्ड कोयला उत्पादन किया है, जो साल-दर-साल 65% की वृद्धि दर्ज किया और इस वित्तीय वर्ष में 77% के साथ 28.5 एमएमटी कोयला प्रेषण किया है।
उन्होंने कहा कि केरेन्डरी कोयला खनन परियोजना से कोयला उत्पादन 25 जनवरी को शुरू हुआ और इसके साथ, यह एनटीपीसी को ईंधन देने के लिए कोयला उत्पादन करने वाली एनटीपीसी की 5वीं कोयला खदान बन गई। उन्होंने कहा कि बादाम कोयला खनन परियोजना वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन शुरू कर देगी। इस अवसर पर, श्री जैन ने कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए बधाई दी, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड कोयला उत्पादन हुआ और इसकी खदानों से एनटीपीसी बिजली स्टेशनों को भेजा गया। सीईओ, एनएमएल और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने कहा कि एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) खनन, ईंधन में आत्मनिर्भरता की कल्पना कर रही है, एनटीपीसी का लक्ष्य इस साल एनटीपीसी के 50 साल पूरे होने से पहले 50 एमएमटी हासिल करना है और एनटीपीसी की कोयला आवश्यकता का 30% कोयला आवश्यकता 2030 को पूरा करेगा, और 2037 तक एनटीपीसी की 50% कोयले की आवश्यकता को पूरा करने का लक्ष्य है।

### झारखंड युद्ध स्मारक पहुंचे राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 75वें गणतंत्र दिवस के पावन संध्या पर दीपाटोली, रांची स्थित 'झारखंड युद्ध स्मारक' में आयोजित मिलिट्री बैंड एवं मिलिट्री मार्शल आर्ट डिस्प्ले कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद शहीदों के परिजनों से भेंट की।

### एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**रांची।** एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल नयाटोली सिमलिया में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर कार्तिक विश्वकर्मा ने किया। मुख्य अतिथि सोमनाथ पाण्डेय व राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उपस्थित हुए। दोनों ने विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों के साथ मिलकर झंडोत्तोलन किया। मुख्य अतिथि सोमनाथ पांडेय ने बच्चों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के बारे में बताया। वहीं सुनील कुमार सिंह ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की महत्ता के बारे में बताया। प्राचार्य शोभा देवी ने कहा कि यह दिन ऐतिहासिक महत्व वाला है। हमें आजादी कुर्बानियों के बाद मिली है। सभा का संचालन दयानन्द विश्वकर्मा, सपना कुमारी व प्रीतम कुमार ने किया। झंडोत्तोलन के बाद विद्यालय के बच्चों ने झंडे को सलामी दी और परेड का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने नृत्य, भाषण और ड्रामा प्रस्तुत किया। मौके पर उप प्रधानाचार्य सच्चिदानंद विश्वकर्मा, प्रिंस कुणाल, पूजा कुमारी, सोमा देव, उज्ज्वल कुमार, सचिन्द्र कुमार, विकास कुमार, प्रियंका मिश्रा, स्वेता देवी और अनामिका कुमारी उपस्थित थे।

### उषा मार्टिन में प्लांट हेड एसबीएन शर्मा ने किया झंडोत्तोलन



**रांची।** देश संविधान से चलता है। समाज कानून व्यवस्था से चलता है। उसी प्रकार फैक्टरी स्थापित नियमों से चलता है। अनुशासन के बिना विकास संभव नहीं है। उक्त बातें उषा मार्टिन के प्लांट हेड एसबीएन शर्मा ने कहीं। वह कारखाना परिसर में आयोजित 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह में अपना विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए भारतवासियों ने काफी संघर्ष किया। भारत में गणतंत्र की स्थापना हमारे मूल्यों एवं सिद्धांतों की सफलता की दास्तान है। इसकी रक्षा के लिए हमसभी को अपने दायित्व को समझना होगा और आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रयास करना होगा। इस अवसर पर स्थायी वर्कर्स दुधेश्वर प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया। बेहतर कार्य संस्कृति और सुरक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य करनेवाले सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित किया गया। एसपी डिवीजन में झंडोत्तोलन आरके जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में कार्मिक प्रमुख एनएन झा, सुरक्षा प्रमुख सीएम दास, यूनियन के दशरथ महतो, बिगल सहजनाथ महतो, बादल बूतकुमार, दुर्गाचरण महतो, प्रबंधन की ओर से थॉमस वर्गीज, विवेक प्रभाकर, मनोज पांडेय, शचींद्र कुमार, दीपेंद्र कुमार एवं मानस वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### युवा सकारात्मक राजनीतिक परिवर्तन के लिए संघर्ष करें : सुदेश महतो

**रांची/पाकुड़।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजनीति को बदलने की तैयारी है। इसके लिए एक जिम्मेदार नेतृत्व को विधानसभा में लाना होगा। मेरा दायित्व जनता की सेवा और उनका भविष्य निर्माण करना है। हम वर्ग नहीं जरूरतमंद यक्ति को देख कर उनके हित में विकास का कार्य करते हैं। आज सबसे बड़ी चुनौती है अच्छा काम करना। महतो रहसपुर मदरसा मैदान, पाकुड़ में आयोजित युवा संपर्क यात्रा समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। युवा सम्पर्क यात्रा का दूसरा चरण 13 जनवरी से 23 जनवरी तक पाकुड़ प्रखंड के 36 पंचायतों में किया गया। इससे पहले इस यात्रा का आयोजन बरहरवा प्रखंड में हुआ था। इधर, कार्यकर्ताओं ने दुमका, देवघर, जामताड़ा और पाकुड़ में उनका अभिवादन किया।

## एक नजर

### अपने ही ट्रैक्टर से दबने से ट्रैक्टर चालक की मौत

**बरही** । बरही से वापस लौटने के क्रम में 18 वर्षीय ट्रैक्टर चालक का डूमरडीह में ट्रैक्टर से दबने से मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक की पहचान कटियोन निवासी दशरथ सिंह के पुत्र शशि ऊर्फ लटन सिंह के रूप में हुई. घटना गुरुवार रात्रि का बताया गया है. मृतक ट्रैक्टर चलाकर बरही से वापस अपने गांव जा रहा था. इसी क्रम में संतुलन खो देने के कारण डूमरडीह के पास वह ट्रैक्टर से गिर गया इसी क्रम में ट्रैक्टर का चक्का से दबकर उसकी मौत हो गई. जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जिसका शुक्रवार को स्थानीय नदी घाट पर अंतिम क्रिया किया गया.

### उत्साह के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर 26 जनवरी को शहर के प्रसाद मार्केट लोहार टोला अवस्थित सेंट्रल मोटर ट्रेनिंग के तत्वाधान में झंडोतोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के मीडिया प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने विधिवत झंडोतोलन किया और गणतंत्र दिवस की महत्ता को बताई। वहीं, मोटर ड्राइविंग के संस्थापक सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया।
झंडोतोलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मनोज जायसवाल,नगर उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हरजीत सिंह,शिवशक्ति श्रीवास्तव,अमित श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, सोनल श्रीवास्तव, संस्कार श्रीवास्तव, रईस खान,श्याम बाबु, मुकेश बंसल, अजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### राधा गोविन्द विवि में 75 वां गणतंत्र दिवस मना

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 26 जनवरी को 75वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह, विशिष्ट अतिथि फूलमती देवी ,राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ,कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल , मीडिया प्रभारी डॉ. संजय सिंह , वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार , राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी प्राचार्य डॉ. सुजीत मोहंती, समाजसेवी कृष्णा उपाध्याय उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत एनसीसी कैडेट्स ने किया। झंडोतोलन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय श्री साह ने किया।झंडोतोलन के साथ ही सभी सम्मानित अतिथियों, पदाधिकारीयों , एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियो ने परेड का निरीक्षण किया। कार्यकम शुभारंभ सम्मानित अतिथियो ने विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व गोविंद साह एवम स्व राधा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की।

# कर्तव्य पथ पर चली हजारीबाग की शेरनी

**सुनील श्रीवास्तव**

हजारीबाग। केबी महिला महाविद्यालय एनसीसी की अन्डर ऑफिसर संगीता कुमारी पुत्री स्व प्रदयूमना चरण सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेकर कॉलेज सहित शहर का नाम रौशन किया है। उनका चयन आरडीसी कर्तव्य पथ परेड के लिए हुआ था। आरडीसी कैम्प में कर्तव्य पथ को सबसे मुश्किल माना जाता है। यह पल खास है चूंकि वो 22 झार बटालियन से एकमात्र सीनियर विंग कैडेट हैं जिनका चयन हुआ है। हजारों के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर उन्होंने दिल्ली तक का सफर तय किया है। इस बाबत उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कई बार असफल होने के बाद कड़ी मेहनत के बदौलत यह सफलता हाथ लगी है। कहा, माँ का आशीर्वाद और बड़े भाई द्वारा शिद्दत से दी गई ट्रैनिंग की वजह से ही आज कर्तव्य पथ पर चलने का मौका मिला है। ज्ञात हो केबी महिला महाविद्यालय में एनसीसी सेवा को बंद करवा दिया गया है। ऐसे में उनके भाई अरडीसी रिटर्न राहुल कुशवाहा ने मार्खम कॉलेज में उनकी ट्रैनिंग का जिम्मा उठाया।



उनकी ट्रेनिंग मार्खम कॉलेज में वहीं के कैडेटों के साथ पूरी हुई। राहुल कहते हैं कि, एक बार असफल होने के बाद संगीता दुखी थी परंतु नई पारी के लिए भी तैयार थी। कहा, उसकी कड़ी मेहनत, जोश और जुनून को देख कर ही ट्रैनिंग देने का फैसला किया जो आज सफल दिखाई पड़ रहा है। बताते चलें कि संगीता केबी महिला महाविद्यालय एनसीसी यूनिट की पहली और आखिरी बैच की एक शानदार कैडेट हैं। यदि कॉलेज प्रशासन ध्यान दे और फिर से कॉलेज में एनसीसी की शुरूवात करे तो और भी कई होनहार छात्राएं इस क्षेत्र में कॉलेज का नाम रौशन करेंगी।

## भाजपा कार्यकर्ता को संविधान की रक्षा के लिए आगे बढ़कर काम करना होगा : जयंत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में, हजारीबाग लोकसभा के सांसद सह वित्त संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा ने झंडोत्तोलन किया। उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को संविधान की रक्षा के लिए आगे बढ़कर काम करना चाहिए और समाज में रहने वाले सभी नागरिक को संविधान में वर्णित तथ्यों के आधार पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। झंडोत्तोलन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य-- केपी ओझा, अनिल मिश्रा, टुन्नू गोप ,हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी ,जिला पदाधिकारी विवेकानंद सिंह, दामोदर सिंह ,राजेश गुप्ता, नंदलाल मेहता, जय नारायण प्रसाद, कुंवर मनोज सिंह, रेणुका साहू ,तनवीर अहमद के अलावे मुकुट धारी महतो ,शंकर लाल गुप्ता ,आनंद देव, भैया बांके बिहारी, विजय वर्मा, सुमन कुमार पप्पू ,विवेक बैरियर, हैदर अली ,ज्ञान जी ,कृष्ण सिंहा मनमीत अकेला ,अनूप भाई वर्मा, जुगनू सिंह, अनिल सिंहा बिगन सिंहा प्रियंवदा, ज्योत्सना , मीरा मेहता, जितेंद्र जैन, कयुम अहमद ,रमेश हेंब्रम, छोटू राणा ,सुमन सिंह मुख्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सांसद के सौजन्य से 51 लोगों के बीच कंबल का वितरण



**रामगढ़।** गोला प्रखंड के हेरमदगा और कुसुमडीह गांव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा , रंजीत पांडे, विजय ओझा, एससी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष संत राज पासवान, रामकुमार नायक, सुखदेव नायक, महिला मोर्चा गोला मंडल की अध्यक्ष सुधा देवी, मेराजुन निशा के नेतृत्व में 51 जरूरतमंद, बुजुर्ग, महिला, पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण किया गया । मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ने कहा की सांसद जयंत सिन्हा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं । श्री मिश्रा ने कहा की सांसद जयंत सिन्हा के प्रयास से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है ।

### कैप्सूल कोर्स सह नि:शुल्क शिक्षा दान केन्द्र में गणतंत्र दिवस पर हुआ झंडोतोलन



**रामगढ़।** शहर के दामोदर नदी किनारे नई सराय स्थित कैप्सूल कोर्स सह निःशुल्क शिक्षा दान केन्द्र में निदेशिका रिचा राय ने 75 वें गणतंत्र दिवद पर झंडोतोलन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थापक रविशंकर राय ने कहा कि गणतन्त्र दिवस हमारे आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों को संस्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमें अपनी स्वतंत्रता के साथ गणतंत्र की महत्ता को भी जानना चाहिए और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रबुद्ध मार्गदर्शन में प्रवाहित संविधान का पालन करना चाहिए। सभी प्रकार के भेदभाव को भूलकर देश की एकता और अखंडता, संप्रभुता में सहयोगी बनना चाहिए। इस अवसर पर निःशुल्क शिक्षा दान केन्द्र में बच्चों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में मुख्य रूप से रविशंकर राय, रिचा राय, मोनी कुमारी, संतोष कुमार शर्मा, पप्पू कुमार, शंभू कुमार, शिवम कुमार, परी कुमारी, नैना कुमारी समेत कई लोग उपस्थित हुए ।

### राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां में शान से फहराया गया तिरंगा झंडा, दी गयी सलामी



**बरकट्ठा।** प्रखंड के सलैया पंचायत स्थित रा उ मध्य विद्यालय बरवां में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने झंडोत्तोलन किया।वहीं छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक झांकिया प्रस्तुत की।इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया।मौके पर प्रमुख रेणू देवी, सलैया पंचायत के उपमुखिया रेखा देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद ,उपाध्यक्ष बेबी देवी, विद्यालय एम्बेसडर ज्ञानी प्रसाद ,बिनोद प्रसाद, समाज सेवी रीतलाल प्रसाद, देव कुमार ,जल सहिया सुनैना देवी, वार्ड सदस्य सरस्वती देवी, संतोषी देवी ,प्रेम प्रसाद एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### बरकट्ठा में शान से लहराया तिरंगा, राष्ट्रीय ध्वज को दी गयी सलामी



**बरकट्ठा।** 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, सभी शिक्षण संस्थान में तिरंगा झंडा फहराया गया। इस दौरान 26 जनवरी के अवसर कई विद्यालय के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। झंडोत्तोलन के समय लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख रेणु देवी, डिवाइन पब्लिक स्कूल में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक के आवासीय कार्यालय में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, दिव्य कल्याण आश्रम सह भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बरकट्ठा थाना में थानाप्रभारी गौतम कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ रत्ना रानी, गोरहर थाना में थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार , कस्तूरबा गांधी विद्यालय में वार्डन सिम्पल कुमारी, प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा में प्रभारी प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार पांडेय, कन्या मवि बरकट्ठा में महेश चौधरी, राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा में एच एम राम किसुन महतो, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बरकट्ठा में एच एम अभिषेक कुमार, नमन विद्या मंदिर में प्रिंसिपल रंजन कुमार, पीएम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज कपका में सत्येंद्र प्रसाद, एवी एचएस शिलाडीह में प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी, बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में मुखिया अब्बास अंसारी, बेलकपी पंचायत में मुखिया ललितादेवी, कोनहरा खुर्द पंचायत मुख्यालय में मुखिया मुन्नी देवी ने तिरंगा फहराया।

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**रामगढ़।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में शुक्रवार को 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र नारायण प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व और इसके पीछे की कहानी के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को देश के संविधान के मूल्यों और अधिकारों का सम्मान करने और देश की सेवा करने का संदेश दिया।समारोह के दौरान विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें देशभक्ति के गीत, नृत्य, भाषण,योगासन,चक्र,डंबल प्रदर्शन शामिल थे। सभी कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### गिद्दी कोलियरी में रोड सेल चालू करने को लेकर विभिन्न दलों की बैठक

**रिमगढ़।** गिद्दी, निज प्रतिनिधि। गिद्दी ए कोलियरी में रोड सेल चालू करने को लेकर विभिन्न दलों की संयुक्त बैठक गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी मासस कार्यालय में शुक्रवार को हुई। बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने गिद्दी ए कोलियरी में रोड सेल चालू करने पर सहमत हुए। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि कुछ वर्ष पहले गिद्दी ए कोलियरी में रोड सेल चालू हुआ था। पर कुछ कारणों से कुछेक महीना चलने के बाद रोड सेल बंद हो गया था। अब एक बार फिर से गिद्दी कोलियरी में रोड सेल से 10 हजार टन कोयला उठाव के लिए ऑफर निकला है।

## मजूदूर की मौत पर उग्र हुए स्थानीय, सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
शनिवार की अहले सुबह 4 बजे करियातपुर निवासी मजदूर मनोज रविदास का करियातपुर ग्राउंड में शव देखते ही स्थानीय लोग उग्र हो गए. आरोपियों की गिरफ्तारी और उचित कारवाई को लेकर देश की लाईफलाइन माने जानेवाली जीटी रोड जाम कर दिया. वाहनों की लंबी कतार लग गई. सूचना मिलते ही एसडीपीओ नाजिर अख्तर और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी लिया. आरोप था कि मृतक दो दिनों से घर नहीं आया था. वह करियातपुर के व्यवसायी सुबोध केसरी साथ बीते गुरुवार को गया था. शनिवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगो को करियातपुर मैदान में मृतक का फेंका हुआ शव मिला. व्यवसाई फरार है, वही इसकी सूचना थाना में देने पर इसकी रिपोर्ट भी दर्ज नहीं किया गया. जिससे लोग उग्र थे और व्यवसाई की गिरफ्तारी तथा कार्रवाई तथा उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे.

# आईसेक्ट विवि में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में शुक्रवार को हर्षोल्लास से 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। सामुहिक राष्ट्रगान के बाद संबोधित करते हुए कुलपति डॉ पीके नायक ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व दरअसल हमें अपने संवैधानिक मूल्यों का ना केवल एहसास कराती है बल्कि इसपर अमल के लिए प्रेरित भी करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे खास मौके पर हम सबको यह प्रण लेना चाहिए कि हमलोग देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करेंगे और एकजुटता से देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने भारतीय संविधान को दुनिया का सबसे बड़ा संविधान बताते हुए कहा कि हमारा संविधान लोकतंत्र की नींव को और मजबूत करता है। डॉ गोविंद ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि पूरी लगन और निष्ठा के साथ देश की प्रगति के पथ पर अग्रसर के लिए कार्य करें। मौके पर सभी ने देश की देश की आन-बान-शान की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये गये, जिसे मौजूद लोगों ने काफी सराहा। कार्यक्रम में बीपीए, एमपीए, बीएसी एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर, बीएससी आईटी, एमएससी आईटी, बीबीए, एमबीए, कला, वाणिज्य, विज्ञान सहित अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मंच संचालन डॉ प्रीति व्यास ने किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रोजीकांत, डॉ प्रीति व्यास, डॉ अरविंद कुमार, कुमारी सीमा, रितेश लाल, रविकांत, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, उमा कुमारी सहित अन्य का अहम योगदान रहा।



## गणतंत्र दिवस के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए सदर विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप कई जगहों पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और झंडोत्तोलन किया। उन्होंने शुरूआत अपने विधायक सेवा कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन कर किया। तत्पश्चात शंकरपुर स्थित एंजल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल प्रांगण में झंडोत्तोलन किया। यहां सीबीएसई इंटर स्कूल जिला टूनामेंट का भी उन्होंने उद्घाटन किया। जिसके बाद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाबूगांव, कोर्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर झंडोत्तोलन किया। सभी जगहों पर स्कूली बच्चों के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी वे गवाह बनें और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देकर इसे मनाया ।

# चाणक्य आईएएस एकेडमी ने मनाई 11वीं वर्षगांठ

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्या आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में जिला उपायुक्त नैन्सी सहाय व चाणक्या आईएएस एकेडमी के महाप्रबंधक रीमा मिश्रा के द्वारा 11वीं वर्षगांठ मनायी गयी। ज्ञात हो कि चाणक्या आईएएस एकेडमी की स्थापना 1993 ई. में हुयी थी, जो 27 शाखाओं के साथ झारखण्ड सहित पूरे अलग-अलग राज्यों में अपना सेवा दे रही है। कुछ ही दिन पहले चाणक्या आईएएस एकेडमी के रांची शाखा में 21वीं स्थापना वर्ष मनायी गई। वहीं चाणक्या आईएएस एकेडमी हजारीबाग शाखा में 11वीं स्थापना वर्ष मनायी गयी। इस उपलक्ष्य में हजारों विघाथीर्यों की उपस्थिति में महाप्रबंधक ने बच्चों को गुरू मंत्र देते हुए कहा कि जब तक जीवन है, तक तक संघर्ष है और जब तक संघर्ष है तब तक ही जीवन है। वहीं जिला उपयुक्त बच्चों के साथ संवाद एवं प्रश्नोत्तर के माध्यम से अपने अनुभवों को बच्चों के बीच साझा करते हुये कहा कि यहां के छात्रों का प्रश्न से उनकी गुणवत्ता प्रतीत हो रही थी और उनके प्रश्न बहुत ही सटीक और लक्षीत थी। प्रश्नों को सुनकर उत्तर देना काफी रोचक रहा। मौके पर उन्होंने बताया कि घरों में जिसके छोटे भाई-बहन पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें आप सब शिक्षा दें। ताकि आपका ज्ञान का सही उपयोग हो सके साथ ही साथ जो छात्र अगले वर्ष परीक्षा देगें उन्हें कई बिंदुओं पर ध्यान रखने की आवश्यकता है।



# ओएसिस स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
ओएसिस स्कूल में गणतंत्र दिवस शुक्रवार को बड़ी धूम धाम से मनाया गया। प्राचार्य डॉ एहसानुल हक ने इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया,विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी एवं राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में साजिद हुसैन एवं विशिष्ट अतिथि फातिमा अहमद शामिल हुए साथ ही स्कूल के चेयरमैन शब्बीर अहमद, कोषाध्यक्ष तनवीर अहमद, ट्रस्टी फरहा नाज, आसमा शिरीन, साहब, अली अहमद जैजनरी एवं तश्फीन आलम, रूमाना आलम, इस्मत जहां, ख्वाजा मोहम्मद आसिफ, सफीउद्दीन, मो खालिद तथा उर्षा खालिद भी मौजूद थे। प्राचार्य डॉ एहसानुल हक ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारी शान और गौरव का प्रतिक है। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत वास्तव में लोकतंत्र कि जननी है। इस दिवस का ऐतिहासिक सन्दर्भ हम देशवाशियों के स्वतंत्रता संघर्ष से जुड़ा है। डॉ बी आर अंबेडकर की अध्यक्षता में निर्मित हमारा संविधान जब 26 जनवरी 1950 से पूर्णरूपेण लागू हुआ और हम एक संप्रभु गणराज्य बने। हमारा संविधान हमारी अमूल्य निधि है। आज हमें इसे पूरी उमंग और उत्साह से मनाना है। मुख्य अतिथि साजिद हुसैन ने कहा कि आज ओएसिस स्कूल में मनाया जा रहा गणतंत्र दिवस समारोह उन्हें विशेष रूप से जीवन भर यादगार रहेगा। विशिष्ट अतिथि फातिमा अहमद ने भी इसे यादगार लम्हा बताया। चेयरमैन शब्बीर अहमद ने स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की। कोषाअध्यक्ष तनवीर अहमद ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश के भावी भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि आज हम प्रण करें कि हम सब प्रेम और भाईचारे के साथ आगे कदम बढ़ाएं और शिक्षा के बल पर उन्नत भारत का निर्माण कर विश्व में अग्रणी भूमिका निभाएं।



### उपायुक्त की जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष की बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रम अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई की सचिव श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला बाल श्रमिक पुनर्वास कल्याण कोष की राशि का व्यय किया जाना है जिसके तहत रामगढ़ जिले में विमुक्त कराए गए बाल श्रमिकों को पुनर्वास कोष से प्राप्त ब्याज की राशि से लाभान्वित किया जाना है। मौके पर उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के साथ विमुक्त कराए गए बाल श्रमिकों को राशि उपलब्ध कराने को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के क्रम में बाल श्रमिकों को राशि उनके खाते में उपलब्ध कराने हेतु खाते संबंधित विवरणियों को संधारित करने का निर्देश दिया।

## शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक संस्थानों में 75वें गणतंत्र दिवस की रही धूम




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में 75वें गणतंत्र दिवस की धूम रही. कार्यक्रम की शुरूआत अहले सुबह प्रभात फेरी से हुई जो देर संध्या तक चलता रहा. विद्यालय प्रधान के ध्वजारोहण के साथ ही तालियों और राष्ट्रगान से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा. मौके पर बच्चों ने भारत माता की जय 26 जनवरी अमर रहे जैसे गगनभेदी नारे भी लगाए. रामनारायण यादव महविद्यालय में सचिव परमेश्वर यादव, बरही इंटर महाविद्यालय के सचिव मुरारी गोप, भामाशाह प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यपक शिव कुमार,भामाशाह सरस्वती शिशु विद्यामंदिर में प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, आईलेक्स पब्लिक स्कूल में निदेशक शैलेश कुमार, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में प्राचार्य रोहित सिंह, सनराइज एकेडमी में निदेशक सुरेश प्रसाद, डॉ भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में प्राचार्य गुलाब कुमार दास, रेनबो स्कूल में निदेशक सिकंदर कुमार कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया. वही बिरसा कृषि और बीज अनुसंधान केंद्र में उपनिदेशक श्रीनिवास गिरी,पंचायत सचिवालय केदारूत में मुखिया सरिता देवी, बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत सचिवालय में मुखिया नीलम देवी ने शान से तिरंगा फहराया. इस अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल, भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर, डीएवी पब्लिक स्कूल, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल, उमवि भंडारों आदि कई विद्यालयों में नृत्य, संगीत, दहेज हत्या, भ्रूण हत्या, सोशल मीडिया इत्यादि पर आधारित कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. जो देर संध्या तक चलता रहा.

## एक नजर

### साईकल सवार को ऑटो ने मारी टक्कर दो लोग घायल

**बानो।** प्रखण्ड मुख्यालय के हाई स्कूल के समीप टेम्पो के टक्कर से दो युवक घायल ।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को साइकिल से अपने घर जा रहे थे। तभी पीछे से आकर एक टेम्पो टक्कर मार दी ।जिससे बुम्बुलडा निवासी नंद किशोर लोहरा व बिक्रम सिंह घायल हो गया ।जानकारी मिलने पर तुरंत घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो ले जाया गया। दोनो घायलों का इजाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में की जा रही हैं।

### दिल्ली कर्तव्य पथ में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल

सिमडेगा। दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर आयोजित झारखंड की झांकी में सिमडेगा जिला के चक्रीय विकास संस्थान द्वारा संचालित छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा एवं पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा की चार छात्राओं ने मांदर नगाड़ा बजाकर जिले का नाम रोशन किया ।कार्यक्रम के लिए झारखंड सरकार के कला संस्कृति विभाग व सूचना जनसंपर्क विभाग के द्वारा झारखंड के तसर शिल्क के परिधानों को विशेष रूप से दशार्या गया था ।कार्यक्रम के दौरान झारखंड के महिला कलाकारों द्वारा मांदर नगाड़ा के साथ नागपुरी धुन पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की गई ।इस दौरान सिमडेगा से रुत जड़िया,अनिमा कुमारी,प्रतिमा कुमारी,प्रियंका सांगा शामिल थे ।इस उपलब्धि के लिए पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरांव,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशा मक्सिमा लकड़ा व प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर ने बधाई दी।

### ठेठईटांगर में गणतंत्र दिवस के मौके पर हुआ झंडोत्तोलन

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यालय में झंडोतोलन किया गया ,साथ ही मुख्य समारोह स्थल प्रखंड मैदान ठेठईटांगर में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज के द्वारा झंडा फहराया गया। मौके पर विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्रा परेड में शामिल हुए प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज ने कहा-आज के दिन ही 26 जनवरी 1949 ई को संविधान लागू किया गया था जिससे कि राजतंत्र को खत्म करते हुए, भारत देश में लोकतंत्र लागू किया गया जिससे कि जात-पात ,धर्म समुदाय, ऊंच नीच का भेद भाव को खत्म कर सभी को बराबर मान सम्मान एवं हक अधिकार देने के लिए संविधान के द्वारा दिया गया ।कार्यक्रम को प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, अंचलाधिकारी कमलेश्वर उरांव, उपप्रमुख जोर्जिया समद,मुखिया संगीता मिंज, समाज सेवी हाजी मुमताज आलम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में फ्रांसिस बिलुंग, उप प्रमुख जोर्जिया समद, मुखिया संगीता मिंज, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वाहिद, हासिम ,अस्थल अफ्रीदी,आदि गण मान्य जन उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस के मौके पर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

# हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया जहां पर उपयुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा झण्डोत्तोलन किया। कार्यक्रम से पूर्व उपयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा परेड का निरीक्षण किया इसके बाद झंडा तोलन करते हुए राष्ट्रगान गाते हुए उन्होंने सिमडेगा जिले वासियों को संबोधन में सिमडेगा की उपलब्धियां को साझा किया। मौके पर उपयुक्त ने कहा कि भारतीय गणतंत्र अपनी यात्रा के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, यह हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। आज का यह पावन दिन हमें न सिर्फ भारत गणराज्य की स्थापना की याद दिलाता है बल्कि हमें सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है ।उन्होंने कहा कि रोजमर्रा जीवन की विभिन्न सुविधाओं को उनके दरवाजे पर जाकर प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा परिकल्पित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार की 35 से अधिक योजनाओं के लिए वर्ष 2023 में 2,23,796 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये हैं, जिसमें अधिकांश आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। ₹हमारा संकल्प-विकसित भारत₹ कार्यक्रम 86 पंचायत तथा 4 नगर परिषद क्षेत्र में शिविर आयोजित हुई ।उन्होंने कहा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं इस जिले के नागरिकों की कड़ी मेहनत से सिमडेगा जिला नित्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जिले में क्रियान्वित की जा रही प्रमुख योजनाओं की जिले में प्रगति उत्साहजनक है। इस अवसर पर उन्होंने प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया ।मौके पर सेंट मेरीज उच्च विद्यालय एवं उसुर्लाइन कॉन्वेंट सामटोली विद्यालय, सिमडेगा के छात्र एवं छात्राओं के बैंड समूह द्वारा बेहद आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

### पुलिस अधीक्षक ने किया झंडोत्तोलन

पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने जिला पुलिस केंद्र में झंडोत्तोलन कर 75 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। तथा अपने संबोधन कहा कि अपराध नियंत्रण व विधि-व्यवस्था के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है व अपराधिक घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई तथा जीरो टोलरेन्स की नीति के तहत शान्तिपूर्ण व भयमुक्त माहौल सभी को प्राप्त हो सके, इसके लिए प्रशासन व पुलिस सदैव कृतसंकल्प है ।इसके अलावे सिमडेगा क्लब सिमडेगा में अनुमंडल पदाधिकारी ने झंडोत्तोलन किया गया, जिला परिषद सिमडेगा में जिला परिषद अध्यक्ष रोश प्रतिमा ने झंडोत्तोलन किया, नगर परिषद कार्यालय में नप पदाधिकारी सुमित कुमार महतो के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया, अनुमंडल कार्यालय, सिमडेगा में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उराँव ने झंडोत्तोलन किया एवं समादेष्टा कार्यालय, सिमडेगा में डीएसपी पतरस बरवा के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।

### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए उड़ीसा रवाना

**बानो।** प्रखंड स्थित मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की कुल 70 नर्सिंग छात्राओं सहित 12 सदस्य टीम के साथ तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु उड़ीसा राज्य स्थित पूरी , कोणार्क तथा भुवनेश्वर के लिए रवाना हुए। गौरतलब हो इस शैक्षणिक भ्रमण से संस्थान की छात्राओं को समीपवर्ती राज्य उड़ीसा के रहन सहन , उड़ीसा के स्वास्थ्य के प्रति सजगता तथा वहां से जुड़े विभिन्न संस्कृति के साथ प्राचीनतम इमारतों बारे में जाने तथा समझने का मौका मिलेगा। मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी संस्थान की छात्राओं को इस शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया जा रहा है। इस भ्रमण में संस्थान के सचिव निभा मिश्रा , एचआर संगीता कुमारी , कोऑर्डिनेटर रविकांत मिश्रा, ट्यूटर निभा खलखो, वार्डन मटिल्डा तिर्की, सहित संस्थान के कई कर्मचारी इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए।

# जलडेगा के स्कूलों में मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस, याद किए गए वीर सपूत



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** शुक्रवार को जलडेगा प्रखण्ड भर में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालय समेत सभी कोटि विद्यालयों में ध्वाजारोहण किया गया। स्कूली छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली और लोगों को देशभक्ति का संदेश दिया। राजकीय मध्य विद्यालय जलडेगा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोलोमडेगा पहानटोली, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मुगीकोना, जीईएल मध्य विद्यालय कोलोमडेगा, राजकीय मध्य विद्यालय कोनमेरला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागढा नावाटोली, आरसीएमएस भीतबुना, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पतिअम्बा बस्तीटोली, राजकीय मध्य विद्यालय सावनाजारा, राजकीय मध्य विद्यालय मामाभगिना, राजकीय मध्य विद्यालय तिलाईजारा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पतिअम्बा नायकटोली, राजकीय मध्य विद्यालय लमडेगा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हुटुटुवा गंझूटोली, राजकिय मध्य विद्यालय बेन्दोजरा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परबा लमडेगा, जीईएल मध्य विद्यालय लोम्बोई, राजकीय मध्य विद्यालय हुटुबदा, जयंती उच्च विद्यालय गांगूटोली, धर्नुजय सिंहदेव +2 उच्च विद्यालय लोम्बोई,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लोम्बोई ओहदार टोली, आरसी प्राथमिक विद्यालय पतिअम्बा, राजकीय मध्य विद्यालय परबा, आर सी प्राथमिक विद्यालय लोम्बोई, राजकिय मध्य विद्यालय केलुगा, एस एस+2 उच्च विद्यालय जलडेगा, जीपीएस बनजोगा, सीलिंगा, जीयूएमएस खरवागाढ़ा आदि कई स्कूलों में संबंधित प्रधानाध्यापक व विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष के द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। सबने ध्वजारोहण के बाद बच्चों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान दुनिया के गौरवशाली संविधान के रूप में माना जाता है। इस गौरवशाली संविधान द्वारा बताये गये मार्ग पर दृढ़ता से अडिग रहने व अनुपालन करना हम सभी की जिम्मेवारी है। संविधान निमार्ताओं को नमन करते हुए कहा कि उस समय बिषम परिस्थितियों में संविधान के निमार्ताओं ने गौरवशाली संविधान का निर्माण किया।

# अनुशासन अपनों से बड़ों का सम्मान सिखाता है : कोंगाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जलडेगा प्रखण्ड अन्तर्गत लोम्बोई एवं तिलैजरा में खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। जहां वहां के महिला एवं पुरूष के द्वारा फूल माला ,नाच गान के साथ स्वागत किया।



खेलाड़ियों, दर्शकों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि किसी व्यक्ति को अपने जीवन में उत्थान करने के लिए अनुशासन का बहुत बड़ा योगदान होता है। क्योंकि अनुशासन के बिना व्यक्ति गल्ती कर सकता है। अनुशासन अपने बड़ों का सम्मान करने की शिक्षा प्रदान करता है जहां अनुशासन का अनदेखी किया जाता है वहां पर किसी प्रकार का कार्य किया जाएगा उसमें कभी भी सफलतापूर्वक कार्य सम्पन्न नहीं हो पाएगा ।खेल से हमारे स्वास्थ्य को ताकत देती है ।आज झारखण्ड सरकार खेल को बढ़ावा देते हुए खेलाड़ियों को नौकरी देकर प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। नतीजा आज युवक युवतियों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ी है ।इसका फलीभूत ये है हमारे सिमडेगा जिला में सभी प्रकार का खेल गांव गांव में हो रहा है ।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद, लोम्बोई मुखिया शिशिर डांग आदि मौजूद रहे।

# प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ निकला मशाल जुलूस



नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा प्रवर्तन निदेशालय की ओर से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऊपर लगातार समन जारी करने के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा द्वारा शहर में मसाल जुलूस का आयोजन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की । मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा ईडी ने एक बार फिर पूछताछ के लिए बुलाया है। मुख्यमंत्री से पहले राउंड की पूछताछ 20 जनवरी को हुई थी। अब उन्हें ईडी ने 27 से 31 जनवरी की तारीख दी है और इससे पहले मुख्यमंत्री को आठ समन भेजे गए थे ।सीआरपीएफ के लगभग 500 जवानों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास में उस समय बिना अनुमति के घुसने की कोशिश की जबकि मुख्यमंत्री से प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी पूछताछ कर रहे थे। इनका उद्देश्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास के पास प्रदर्शन कर रहे उनके समर्थकों को उकसाना था ताकि जमा हुए समर्थक सीआरपीएफ कर्मियों पर हमला कर दें। इस तरह ईडी आदिवासी मुख्यमंत्री को बार-बार समन भेज कर तंग किया जा रहा है, उन्हें बदनाम किया जा रहा है। ईडी द्वारा बार बार उन्हें समन जारी करना सरकार को अस्थिर एवं तहस नहस करने की साजिश का हिस्सा है।

# डीसी ने की परियोजना केंद्र का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा शनिवार को अग्र परियोजना केन्द्र सिमडेगा का निरीक्षण किया गया। मौके पर अग्र परियोजना पदाधिकारी मोहसिना खातून द्वारा बताया गया कि इस वर्ष उन्नत गुणवत्ता पूर्ण तसर रोग मुक्त चक्रों के उत्पादन के लक्ष्य के विरूद्ध प्रथम फसल के पश्चात 50000 बीज कोए एंव द्वितीय फसल के बाद नाभिकीय बीज उत्पादन हेतु 150000 बीज कोए का संधारण परियोजना केन्द्र के परिसर में अवस्थित बीजागार भवनों में लगभग 15 वर्षों के अवधि के बाद पुनः इस वर्ष से विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध किया जा रहा है। जिससे लगभग 150 कृषक परिवार लाभान्वित होगे एंव पूरे



झारखण्ड के लिए 37500 रो०मु०च० का उत्पादन इस केन्द्र के द्वारा किया जाएगा। इस प्रक्रिया से लगभग 5 मिट्रिक टन रॉ सिल्क का उत्पादन इस क्षेत्र से बढ़ जाएगा। उपायुक्त द्वारा 45 किसानों के बीच कीटपालन उपस्कर सामग्री नायलोन नेट, सिकेचर, आरी, डाब, गमबुट, तिरपाल इत्यादि का वितरण किया गया ।उपायुक्त ने केन्द्र में पूर्व से अवस्थित रिलींग मशीन चालू करने का निदेश दिया। उपायुक्त द्वारा तसर खाद्य पौधारोपण किया एवं कार्यालय, बीजागार भवनों, कोकून बैक एंव कार्यालय परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान लिपिक शादाब जफर परियोजना सहायक मानसी डुंगडुंग, लखन बानसिंह एंव विभिन्न पंचायतों के कृषक मौजूद थे।

## पॉक्सो एक्ट पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# उपायुक्त ने विद्यालय में भी बाल सुरक्षा समिति गठित करने का दिया सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** डायट सिमडेगा के तत्वावधान में नगर भवन सिमडेगा में पोक्सो एक्ट पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा एवं अन्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण डायट प्राचार्य बादल राज के द्वारा दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जिले के 394 विद्यालयों के शिक्षकों को आरोग्यदूत के रूप में एसएचडब्ल्यूपी प्रशिक्षित किया गया है, उन सभी विद्यालयों में स्वैप कॉर्नर स्थापित कर लिया गया है। अब हमें बाल अधिकार और



बालकों के संरक्षण पॉक्सो एक्ट का प्रचार - प्रसार किया जाये। पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के द्वारा पॉक्सो एक्ट का कानून किस प्रकार तैयार हुआ और उसकी आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। उपायुक्त के द्वारा बाल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके द्वारा विद्यालय में भी बाल सुरक्षा समिति गठित करने का सुझाव दिया गया साथ ही इस तरह की कार्यशाला विद्यालय स्तर पर समय - समय पर आयोजित करने का आवाह्न किया। इस कार्यशाला में आए हुए यूनिसेफ के वक्ता गौरव यादव के द्वारा विस्तार से बाल अधिकार, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल श्रम पर जिले के कक्षा - छह से बारहवीं के प्रधानाध्यापकों एवं बाल संसद के बच्चो से चर्चा किए। राज्य प्रतिनिधि व्योमेश लाल के द्वारा भी स्वैप से संबंधित प्रावधानों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डायट संकाय सदस्य दीपक राम के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन संकाय सदस्य सुनील कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कंचन मंगला किंडो एवं डायट के सभी संकाय सदस्यों का योगदान रहा ।इस दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी सिमडेगा आशा मैक्सिमा लकड़ा, सचिव डालसा सिमडेगा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## संत जोसेफ कॉन्वेंट में कार्यक्रम आयोजित


# बच्चे समाज के भविष्य ,बेहतर शिक्षा देने का करें प्रयास : एनोस



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के कोंनमेरला स्थित संत जोसेफ कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रथम वार्षिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का विशिष्ट अतिथि झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के पहुंचने के साथ विद्यालय परिवार द्वारा पारंपरिक तरीके से उनका भव्य तरीके से स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया जहां पर उन्हें स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर शीला मिंज द्वारा पौधा एवं साल देकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए उपस्थित विद्यालय परिवार को झूम पर विवश कर दिया इस मौके पर पूर्व मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा विद्यालय का परिवेश ऐसा होना चाहिए जहां पर अनुकूल वातावरण में बच्चों को शिक्षा मिले और ऐसा ही परिवेश संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की ओर से बच्चों को दी जा रही है। उन्होंने सभी शिक्षकों को बेहतर शिक्षा देने की बात कही ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। उन्होंने बच्चों को समाज का भविष्य बताते हुए बेहतर शिक्षा देने को लेकर कहा और साथ ही कहा कि इस दिन प्रतिदिन यह विद्यालय आगे बढ़ रही है।

## न्यूज बॉक्स

### कुरडेग में सड़क हादसे में अधिवक्ता घायल



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के कुरडेग कुटमाकछार मुख्य पथ के पक्का बांध के पास सड़क हादसे में अधिवक्ता भुनेश्वर साय घायल हो गये जानकारी के अनुसार अधिवक्ता भुनेश्वर साय अपने छोटे पुत्र के साथ सिमडेगा से अपने घर जेरवा स्कुटी से जा रहे थे ,इसी क्रम में विपरित दिशा से प्रेम सलीम एक्का अपने मित्र अनमोल किण्डो दोनो निवासी छाता काहू बाइक से कुरडेग की ओर आ रहे थे इसी क्रम में अनियंत्रित होकर पक्का बाँध के पास अधिवक्ता की स्कुटी को टक्कर मार दी ।जिससे अधिवक्ता घायल हो गये ।वहीं बच्चे को हत्की चोट लगी कुरडेग पुलीस सुचना मिलते ही घटना स्थल पहुँच कर घायलों को कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र लायी जहाँ अधिवक्ता का ईलाज किया गया।

### कुरडेग बनगांव डैम में अज्ञात युवक का शव बरामद, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के बनगाँव डैम में शुक्रवार देर शाम एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया ।स्थानिय लोगों ने कुरडेग पुलिस को अज्ञात शव की सुचना दी कुरडेग पुलिस थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में मौके पर पहुँच कर शव अपने कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी है। वहीं आस पास के क्षेत्र में युवक की पहचान के लिए कोशिश की जा रही है लेकिन आस पास के लोग शव को नहीं पहचान पाये ।थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात शव की उम्र लगभग 25 --30 बर्ष के बीच है उसे हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से पत्थर में रस्सी के सहारे बाँध कर डैम में डाल दिया गया था जल स्तर कम होने पर शव दिखाई दिया शव लगभग 15 --20 दिन पुराना है वहीं उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस अज्ञात शव के बारे में किसी प्रकार की कोई जानकारी हो तो कुरडेग थाना को सुचना दें वहीं कुरडेग पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो सकी है।

### धूमधाम से मना गया 75 वां गणतंत्र दिवस



**बानो।** प्रखण्ड में हर्षोल्लास 75 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड कार्यालय में प्रमुख सुधीर डांग ,बानो पंचायत में मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, बिरसा मुंडा चौक में जिला परिषद बिरजो कंडुलना, बाल विकास विद्यालय बानो में भगवान पंडा ,संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में जगदीश बागे ,होली हर्ट पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल आशा देवी ,वन परिसर में रेंजर अभय कुमार, एलिस शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में बिमल कुमार, पशुपालन विभाग बानो डॉक्टर दुलमु बूढ़ीउली ,व एस एस हाई स्कूल मैदान में सयुक्त रूप आयोजित झंडोतोलन कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी ने झंडोत्तोलन किया । मौके पर उन्होंने कहा कि आज के दिन ही हमारा देश गणतंत्र हुवा था ।देश की आजादी के लिये अपने जान की बलि देने वाले शहीद सपूतों को आज नमन करते हैं। इस समय प्रखण्ड में कई बिकास की योजनाएं संचालित है। प्रखण्ड में काफी लोगो को आबुवा आवास के तहत पका मकान बनने वाला है ।मनरेगा के तहत कई योजनाएं चल रही है। हम मिलकर प्रखण्ड के विकास के लिये आगे आये ।मौके पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने परेड में भाग लिया ।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मार्च पास्ट में प्रथम संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल ,दुतीये कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बानो व तृतीय स्थान प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बानो को शील्ड व पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन स्मिथ कुमार सोनी ने किया।

### 75वें गणतंत्र दिवस पर फहराया गया तिरंगा



**कुरडेग।** 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखण्ड के सरकारी, गैर सरकारी, शिक्षण संस्थानों के साथ चौक चौराहे पर शान से तिरंगा फहराया गया। इसके साथ शिक्षण संस्थानों द्वारा झांकी निकाली गई ।प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा,पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर रवि कुमार,थाना में प्रभारी मनीष कुमार,सीएचसी में प्रभारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा,वन विभाग में रेंजर नथुनी सिंह,मध्य वि घाघमुंडा में बीईओ अरूण कुमार पाण्डेय,माइकल किन्डो स्टेडियम में जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, तरूण संगम में प्रखंड सांसद प्रतिनिधि उमेश जयसवाल,कांग्रेस पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष तुलसी परांगत खलखो, कुरडेग फ्यूल सेंटर में किशोर बारला, भलमण्डा टांगरटोली धुमकुड़िया भवन में जीतू कोरवा ने तिरंगा फहराया। वहीं कुरडेग पुलिस प्रशासन के द्वारा भलमण्डा में आदिम जन जाति के सदस्यो के वीच पुड़ी सब्जी का वितरण किया गया।

### झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त परीक्षा आज, प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट

सिमडेगा। झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा सिमडेगा में रविवार को होना है, जिसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयारी कर चुकी है बताया जा रहा है कि तीन पाली में परीक्षा होना है। प्रथम पाली 08:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाहन तक, द्वितीय पाली 11:30 बजे पूर्वाहन से 01:30 बजे अपराह्न तक ,तृतीय पाली 03:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक होंगी। इधर सिमडेगा जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को लेकर 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, एसएस बालिका उच्च,विद्यालय,उसुर्लाइन कॉन्वेन्ट सामटोली,संत अन्ना बालक विद्यालय, संत मैरिज उच्च विद्यालय,संत जॉन इंग्लिश मीडियम फरसाबेड़ा, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज ,डीएवी पब्लिक स्कूल, एवं संत जेवियर कॉलेज शामिल है।

### गणतंत्र दिवस पर हंस फाउंडेशन के कार्य के प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**सिमडेगा।** 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन सिमडेगा ने सदर अस्पताल में हंस फाउंडेशन के सराहनीय कार्य के लिए हँस फाउंडेशन के सभी डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, स्टॉफ नर्स, पायलट और वरिष्ट परियोजना समन्वयक को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।सिविल सर्जन ने कहा कि हँस फाउंडेशन के द्वारा सिमडेगा के दुर्गम क्षेत्रों में विभिन्न पंचायतों, गांवों और स्कूलों में निशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जिससे सिमडेगा के दुरस्त, ? आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य मानकों में सुधार हुआ है साथ ही पीवीटीजी सूची भारत सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर लुप्तप्राय आदिवासी समूहों के जीवन स्तर में बेहतर सुधार लाने के उद्देश्य से बनाई गई है जिसके अंतर्गत आने वाली कई जनजातियां जैसे असुर,बिरहोर,पहाड़ी खरिया,कोरवा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह है इनके लिए बरदान साबित हो रही है। इस अवसर पर डॉ लेखराज,डॉ अजय कुमार,स्वामी विवेकानंद,आभा ,रविजीत , डेविड ,विराज निशांत को सिविल सर्जन ने प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया । सभी को शुभकामनाएँ देते हुए ऐसे ही हँस फाउंडेशन के माध्यम से अच्छे काम करने की प्रेरणा दी।

# चार फरवरी को सिंदरी आएंगे पीएम मोदी

## करेंगे हर्ल का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। सिंदरी** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धनबाद आगमन आगामी 4 फरवरी को तय माना जा रहा है। इसकी पुष्टि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हर्ल सिंदरी महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को अपने विशेष दौरा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आगामी 4 फरवरी को प्रधानमंत्री हर्ल सिंदरी प्रोजेक्ट पहुंचेंगे और इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हर्ल प्रबंधन व स्थानीय सांसद पशुपतिनाथ सिंह और सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी से चर्चा की जा रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री धनबाद के बरवड्डा से झारखंड में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेंगे। इसको लेकर भी तैयारी की जा रही है। हर्ल दौरा के दौरान झारखंड के बाबूलाल मरांडी, धनबाद सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजपा नगरीय जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा, विनय सिंह सहित सिंदरी व धनबाद के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गिरिडीह पुलिस ने सात साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

## गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 9 मोबाइल फोन, 12 सिमकार्ड, दो एटीएम कार्ड, एक पासबुक, दो आधार कार्ड और दो मोटरसाइकिल बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह पुलिस ने अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव में छापेमारी कर सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार साइबर अपराधियों में अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर का संजीव कुमार वर्तमान पता मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पांडेयडीह, बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद का कुंदन कुमार वर्मा, मधुपुर के भोखपुरा पूरा का प्रकाश कुमार गुप्ता, देवघर जिला के मरगोमुंडा का सगीर अंसारी, मधुपुर के भोखपुरा का जावेद अंसारी, साजिद अंसारी और देवघर के मंजोरी का अजीत कुमार शामिल है।

इन गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 9 मोबाइल फोन, 12 सिमकार्ड, दो एटीएम कार्ड, एक पासबुक, दो आधार कार्ड और दो मोटरसाइकिल बरामद किया है। उक्त आशय की जानकारी गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर दी।

गिरफ्तार साइबर अपराधी टाटा कॉरपोरेट क्रेडिट कार्ड के धारकों को ऑनलाइन डिटेल निकाल कर आम लोगों को कॉल कर उन्हें झांसे में लेकर ठगी करने का काम करते थे।इस बाबत गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से यह सूचना प्राप्त हुई थी कि अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव में कुछ साइबर अपराधियों के द्वारा लोगों को ठगी करने का काम किया जा रहा है।

जिसके बाद साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसमें साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुअनि श्याम बाबू राठौर, रोशन कुमार, सावन कुमार साहू, संजय मुखियार, गजेंद्र कुमार, साकेत वर्मा, सौरभ सुमन, आशुतोष रंजन को शामिल किया गया। टीम ने अहिल्यापुर के सिंहपुर गांव में छापेमारी कर सभी सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

# गणतंत्र दिवस पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन ने बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया

## विजेता टीम तथा बच्चों को 29 जनवरी को पुरस्कृत किया जायेगा

### बच्चियों को खेल में आगे बढ़ाना प्रमुख लक्ष्य : सुरेंद्र पंडित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा संचालित बाल मित्र ग्रामों की बच्चियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन देवरी प्रखंड के तिलकडीह पंचायत के बाल मित्र ग्राम डोमिद्वार के मैदान में हुआ। इस कार्यक्रम में बच्चियों के बीच फुटबॉल, कबड्डी और गोली चम्मच रेस के साथ लड़कों के समूह दौड़ का खेल कराया गया।

आज हुए खेल प्रतियोगिता में बच्चियों के फुटबॉल प्रतियोगिता में भातु रायडीह ने प्रथम तथा जेरोडीह की बच्चियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बच्चियों की कबड्डी प्रतियोगिता में कोयरीडीह की टीम ने प्रथम तथा लाही बारी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोली चम्मच रेस में प्रथम किसन्ती मुर्मू द्वितीय निशा मुर्मू तथा तृतीय स्थान पर सुषमा हेम्ब्रोम रही। लड़कों का फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता जेरोडीह एवं उपविजेता का स्थान परसाडीहस प्राप्त किया। उक्त सभी विजेताओं को दिनांक 29 जनवरी को फुटका बाल मित्र ग्राम में सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दौरान पुरस्कृत किया जायेगा।

संगठन के जिला समन्वयक सुरेंद्र पंडित ने बताया कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का प्रमुख माध्यम खेल प्रतियोगिता ही होती है। ज्यादा ध्यान बच्चियों को आगे लाने में लगाया जा रहा है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल मित्र ग्राम के गठित समूह युवा मंडल, महिला मंडल, सलाहकार समिति, शिक्षक, सेविका कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के सहायक परियोजना पदाधिकारी राजू सिंह, उदय राय, कार्यकर्ता पंकज कुमार, कृष्णा पासवान, नीरज मुर्मू , सुरेंद्र सिंह, मनीषा मरांडी उपस्थित रहे।

# आपस में टकरायी तीन बाइक एक की मौत, छह घायल



**नवीन मेल संवाददाता। निरसा** निरसा थाना क्षेत्र के कंचनडीह के समीप एनएच-2 पर शुक्रवार की शाम एक साथ तीन बाइक में टक्कर हो गई। इस घटना में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं एक की मौत हो गई। दो बाइक से पांच लोग मैथन से वापस धनबाद की ओर आ रहे थे जबकि एक बाइक से दो लोग निरसा थाना क्षेत्र के भागाबांध गांव स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान तीनों बाइक आपस में टकरा गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने रोड को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। गुस्साये ग्रामीणों ने एनएच-2 में किये जा रहे कार्यों में लापरवाही को इस दुर्घटना के लिए जिम्मेवार ठहराया। ग्रामीणों के सड़क पर उतर जाने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी कतारें लग गयी। काफी हो हंगामा के बीच पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिसरी गिरजा मैदान में खेल प्रतियोगिता संपन्न

## नवयुवक निर्माण समिति द्वारा किया गया था आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गिरजा मैदान में नवयुवक निर्माण समिति द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 0 से 5 वर्ष के बच्चों से लेकर व्यस्को के लिए भी अलग-अलग प्रतियोगिता शामिल थी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल, भाजपा नेता सोनू हेमब्रम, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि संतोष गुप्ता उपस्थित थे।

प्रतियोगिता कार्यक्रम में लड़कों के लिए 13 जबकि लड़कियों के लिए 7 प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित किये गये थे। जिसमें लड़कों के लिए 50 मी 100 मी 200 मी, 400 और 1600 मी की दौड़ के साथ बोरा रेस, मेढक दौड़, मुर्गा लड़ाई, पिट्टो, सोलो साइकल रेस, तीन टांग की दौड और क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जबकि लड़कियों के लिए 50मी, 100मी, 200मी की दौड़ के साथ सुई धागा रेस, गोली चम्मच रेस, घड़ा फोड़ और कुर्सी रेस का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

लड़के व लड़कियों के लिए जीके प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चे व बच्चियों को मुखिया किशोरी साव के सहयोग से नवयुवक निर्माण समिति द्वारा सम्मानित कर हौसला अफजाई की गई। क्रिकेट मैच में विजयी टीम को मुखिया किशोरी साव की ओर से क्रिकेट बैट देकर पुरस्कृत किया गया। बताया गया कि नवयुवक निर्माण समिति तिसरी द्वारा आगे भी स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

वहीं कार्यक्रम के आयोजन में यशवंत सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, पंकज साहा, रिंकू आर्या, विजय सिन्हा, जितेंद्र भारती, विकास गुप्ता, विकास सिंह, विक्की शर्मा, नितेश सिंह, अमर सिंह, कुणाल कुमार, धीरज बर्णवाल, विकास कुमार, छोटू यादव, सोनू कुमार, शिव कुमार आदि का अहम योगदान रहा।

# ईसीएल प्रबंधन ने उत्कृष्ट कार्य के लिए पार्थसारथी दास को किया सम्मानित




**मैथन।** ईसीएल मुगमा एरिया प्रबंधन ने गणतंत्र दिवस समारोह में डीवीसी के कुमारधुबी सब स्टेशन एवं पंचेत हाईडल सब स्टेशन के इंजीनियर इनचार्ज पार्थसारथी दास को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। ईसीएल प्रबंधन ने पार्थसारथी दास को समारोह में विशेष अतिथि के रूप बुलाया और उनका जोरदार स्वागत किया। मुगमा एरिया के महाप्रबंधक आनंद ने दास को प्रशस्तिपत्र प्रदान किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर महाप्रबंधक आनंद ने दास की प्रशंसा करते हुए कहा कि उव्होंने अपनी ड्यूटी ईमानदारी पूर्वक करते हुए राष्ट्र की सेवा की है।

# तिसरी में धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** शुक्रवार को तीसरी प्रखंड क्षेत्र में 75 वा गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव ने झंडो तोरण किया इसके बाद पुलिस इंस्पेक्टर ऑफिस में इंस्पेक्टर वीरेंद्र टोप्पो और तीसरी थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने, एसएसबी कैंप में कमांडर शशि कुमार, बीट कार्यालय में वनपाल अमर विश्वकर्मा ने झंडो तोलन किया।

मौके पर प्रभारी बीडीओ बिनोद कुमार सिंह, एसआई अभिमन्यु परिहारी, सुनील पंडा आदि मौजूद थे। इसके अलावा तीसरी पंचायत भवन में मुखिया किशोरी साव, कस्तूरबा विद्यालय में वार्डन, अग्रवाल उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक घनश्याम गोस्वामी, तीसरी भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, चंदौरी भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित ने झंडोतोलन किया। जिसके पश्चात राष्ट्रीय गान और देश भक्ति नारों पूरा प्रखंड गूंज उठा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मासिक लोक अदालत आयोजित किया

**गिरिडीह।** जनवरी माह में मासिक लोक अदालत का आयोजन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में किया गया।

इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सचिव महोदया सोनम बिसनोई जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह ने कहा कि इस माह के लिए मासिक लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल-07 पीठों का गठन किया गया था। आज के इस मासिक लोक अदालत में कुल 61 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें 1 लाख 69 हजार 400 रुपए सुलहनीय राशि संबंधित विभाग एवं पक्षकारों को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण, विद्वान पैनल अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मियों एवं पारा लीगल वालंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण मनरेगा में बंदरबांट बदस्तूर जारी

## ताजा मामला तिसरी पंचायत का जेसीबी से कराया जा रहा काम



### गणतंत्र दिवस के दिन भी इस कूप निर्माण में कागजों पर लगाये गये मजदूर जबकि धरातल पर एक भी मजदूर नहीं कर रहे थे काम

### मामला संज्ञान में जांच कर की जायेगी कार्रवाई : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा जिसका मुख्य उदेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को 100 दिनों का गारंटीकृत रोजगार देना है लेकिन इस योजना से केवल मनरेगा में बिचौलिये और सरकारी कर्मी ही सरकारी राशि का बंदरबांट कर रहे हैं।

आज मनरेगा योजनाओं की हकीकत किसी से भी छुपी नहीं है। आये दिन मनरेगा योजनाओं में कई योजनाएं कागजों पर ही संचालित होने की बात सामने आती रही है। वहीं बचे हुए योजनाओं में जेसीबी का इस्तेमाल कर मजदूरों का हक मार लिया जाता है। इसके अलावा भी कार्य से अधिक भुगतान होने, कार्य में लापरवाही के साथ कई पुराने योजनाओं में ही थोड़ा-बहुत कार्य करवाकर पैसे की निकासी करने का मामला सामने आता ही रहता है लेकिन आज तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई ना होने के कारण मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार पर तनिक भी लगाम नहीं लग पाया है। नतीजतन इसका फायदा उठाकर बिचौलिये और मनरेगा कर्मी मोटी चांदी काट रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत तिसरी पंचायत से आया है।

जहां एक मनरेगा योजना के तहत मंजू देवी के जमीन पर हो रहे कूप निर्माण कार्य में जेसीबी मशीन का प्रयोग किया गया है। साथ ही कुएं के लिए लगभग 15 फुट खोदे गये इस गड्ढे में अब तक लगभग 1 लाख 80 हजार रुपए की निकासी कर ली गई है। जबकि कुएं के लिए खोदे गए गड्ढे में पानी भरा पड़ा है। इसके बावजूद डिमांड जारी है।

मजे की बात तो यह है कि गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी के दिन भी इस कूप निर्माण में कागजों पर मजदूर लगाये गये थे जबकि धरातल पर एक भी मजदूर नहीं पाये गये। टीसीबी में भी किया गया है जेसीबी मशीन का प्रयोग इसके अलावा तिसरी में ही विकास मोदी के जमीन पर निर्माण हो रहे टीसीबी में जेसीबी मशीन का प्रयोग किया गया है हालांकि यह योजना अभी पूरी नहीं हुई है इसमें अबतक कुछ ही गड्ढे किये गये हैं।

जानकारों का कहना है कि यदि विभाग द्वारा धरातल पर उच्च स्तरीय जांच करवाई गई तो एक बड़ा घोटाला सामने आयेगा। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि मजदूरों के लिए चलाई जा रही यह योजना बिचौलियों और सरकारी बाबुओं की मिलीभगत से सरकारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। फिलहाल विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं करने के कारण सरकारी राशि की बंदरबांट बदस्तूर जारी है। इस संबंध में तिसरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्यवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा मैदान में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने किया गया झंडोतोलन



**गिरिडीह।** गणतंत्र दिवस का समारोह झंडा मैदान में शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को परेड की सलामी देकर की गई। जिसके पश्चात पूर्वाह्न 9:00 बजे कृषि मंत्री द्वारा झंडोतोल्लन किया गया। गणतंत्र दिवस के समारोह को संबोधित करते हुए माननीय कृषि मंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, मौलाना आजाद, सरदार भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर जैसे तमाम महापुरूषों को नमन करते हुए कहा कि इनके संघर्षों एवं बलिदानों के कारण हमें आजादी मिली और आजादी के पश्चात आज के ही दिन हमारे देश में एक स्वतंत्र देश का अपना संविधान लागू किया गया। समाज के सभी वर्गों को हर संभव आर्थिक सहायता, सामाजिक एवं राजनीतिक अवसर की समानता, युवाओं को रोजगार प्रदान करना, महिला सुरक्षा, कृषि कार्य एवं जिले का सर्वांगीण विकास करना हम सबका दायित्व है। हम सभी गरीबों और विकास से वंचित आबादी को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिये निरंतर प्रयासरत हैं। हम सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अथक रूप से लगे हुए हैं। राज्य सरकार ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यकम एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं के साथ राज्य के विकास की रूप-रेखा तैयार की है। राज्य सरकार द्वारा तय की गई नीतियों एवं योजनाओं के अनुरूप ही इस जिला के विकास के प्रति हम संकल्पित एवं समर्पित हैं और इसी के तहत जिला प्रशासन द्वारा जमीनी स्तर पर विकास के प्रयास किये जा रहे है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस जिले के निवासियों ने देश में ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी देश का गौरव अपनी उपलब्धियों से बढ़ाया है। हम उनका सम्मान करते हैं। जिला प्रशासन ऐसे विशिष्ट कार्य करने वाले गिरिडीह के निवासियों का इस मंच से अभिवादन करता है। गत वर्ष गिरिडीह जिला के लिए शांतिपूर्ण एवं उपलब्धियों का वर्ष रहा है। शांति एवं खुशनुमा माहौल में हम गिरिडीह के विकास को शिखर तक पहुंचाने का संयुक्त प्रयास करते रहेंगे। सीमित संसाधनों में हम अधिक से अधिक प्रगति कर सकें यही हमारा लक्ष्य है। इसके लिए आप सभी गिरिडीह जिलावासियों का सहयोग अपेक्षित है।

### सदर अस्पताल में डॉयलीसिस यूनिट का गिरिडीह विधायक एवं उपायुक्त ने किया उद्घाटन



**गिरिडीह।** सदर अस्पताल, गिरिडीह में विधायक, गिरिडीह सुदिव्य कुमार सोनू एवं उपायुक्त, गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा संयुक्त रूप से डॉयलीसिस यूनिट का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक, गिरिडीह सुदीव्य कुमार सोनू ने कहा कि शुरूआत में यह डॉयलीसिस यूनिट 4 बेड से संचालित किया जायेगा। इसके तहत अढछ को छोड़कर बाकी सभी कैटेगरी के लोगों को निःशुल्क सेवा प्रदान की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में डॉयलीसिस यूनिट का स्थापना हो जाने से अब यहां के स्थानीय लोगों को अन्य संस्थानों पर आश्रित नहीं होना होगा। वहीं उपायुक्त, गिरिडीह श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि डॉयलीसिस सेंटर के उद्घाटन होने से अब गिरिडीह के नागरिकों को काफी सुविधा होगी। वहीं गरीब तबके के लोगों को इसका निःशुल्क लाभ मिल सकेगा। उद्घाटन के दौरान सदर अस्पताल के सभी चिकित्सक एवं अन्य कई कर्मचारी उपस्थित थे।

### बिरनी में धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस



**गिरिडीह।** बिरनी में धूमधाम से 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख रामु बैठा,अंचलाधिकारी सारांश जैन,बिरनी थाना परिसर में थाना प्रभारी मृत्यंजय कुमार सिंह,भरकट्टा ओपी में ओपी प्रभारी सुमंत कुशवाहा ने झंडे को सलामी दी।।मौके पर उप प्रमुख शेखर सुमन,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह, जिप सदस्य सरिता देवी, प्रतिनिधि सीताराम पासवान, महेंद्र यादव, समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

**गणतंत्र दिवस पर चौकीदारों को दी गई प्रशस्ति पत्र :** इस अवसर पर भरकट्टा ओपी के जांबाज चौकीदार कार्तिक यादव, और बिरनी थाना के चौकीदार अनिल रजक के द्वारा बेहतर कार्य एवम् अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने को लेकर गिरिडीह पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। यह प्रशस्ति पत्र बिरनी अंचलाधिकारी सरांस जैन, प्रमुख रामू बैठा, उप प्रमुख शेखर सुमन, थाना प्रभारी मृत्यूंजय सिंह को दिया गया।

### गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों को किया गया समान्नित



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के एसेंट पब्लिक स्कूल खाखीपिपर में 75वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर शनिवार को संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान द्वितीय परीक्षा परिणाम में सफल हुए बच्चों को मेडल, कॉपी तथा पेन देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार, भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमंत कुशवाहा, जिला सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडे, राम आशीष राय, अब्बास अंसारी, हरिहर गुप्ता, कमरुल अन्सारी, इमरान अंसारी, नोसाद अंसारी समेत जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को सम्मानित कर हौसला अफजाई की गई। थाना प्रभारी व जनप्रतिनिधियों ने अभिभावकों को शिक्षा महत्वत्ता के बारे में बताया साथ ही बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने की अपील की। मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य जहूर अंसारी, नीतू सिन्हा, प्राची सुमन, इस्लाम अंसारी समय छात्राओं उपस्थित थे।

## पुस्तक समीक्षा

# बेचैन राज्य का सुख-झारखंड के राजनीतिक इतिहास का दस्तावेज




■ डॉ० शत्रुघ्न कुमार पाण्डेय

लेखक श्याम किशोर चौबे की सद्यःप्रकाशित पुस्तक झारखंडः एक बेचैन राज्य का सुख- झारखंड के राजनीतिक इतिहास का जीवंत दस्तावेज है। 247 पृष्ठों की इस पुस्तक को प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली ने प्रकाशित किया है। यह पुस्तक लेखक के संस्मरण पर आधारित दिखती है, जो उन्होंने झारखंड में पत्रकारिता करते हुए देखा और समझा है। इस पुस्तक में उपसंहार और फ्लैशबैक सहित कुल 45 अध्याय हैं। पुस्तक अत्यंत रोचक अंदाज में शुरू हुई है। लेखक ने संविधान सभा में भारत की आजादी के समय पंडित नेहरू के भाषण नियति से साक्षात्कार के तर्ज पर इसके प्रथम अध्याय मध्य रात्रि की प्रसव पीड़ा का पहला वाक्य प्रस्तुत करते हुए लिखा है कि 14 नवंबर को ठीक आधी रात को घड़ी की तीनों सुइयां मिलीं और कैलेंडर में तारीख बदलकर 15 नवंबर हो गई। यह तारीख आजादी की लड़ाई के नायक धरती आबा बिरसा मुंडा का जयंती दिवस है। इसी ऐतिहासिक तारीख 14-15 नवंबर 2000 की ठीक आधी रात को राजभवन के वर्तमान गुलाब उद्यान में चैन की उम्मीद से मजमा जुटा है......। और फिर आगे झारखंड के प्रथम मंत्रिमंडल के गठन का शब्द चित्र। सत्ता के खेल और राज्यपाल की भूमिका का चित्रण। शब्दों के भाव और रेखाचित्र के माध्यम से लेखक ने ऐसा दृश्य उत्पन्न कर दिया है जैसे पाठक अपनी आंखों से राजभवन में झारखंड स्थापना और प्रथम मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह देख रहे हों। ऐसे दृश्य और शब्दों की बाजीगरी पुस्तक के प्रत्येक अध्याय में आदि से अंत तक दिखती है, जो इसे अत्यंत आकर्षक, रोचक और पठनीय बना देती है। शब्द और दृश्य की रोचकता इस प्रकार से बंधती है कि चाव और भाव के साथ उत्सुकता और नई जानकारियों के लिए पाठक पुस्तक को खत्म किये बिना नहीं रह सकता। यह पुस्तक झारखंड के दलों के टकराव, दुराव और गठबंधन की बानगी को प्रस्तुत करते हुए आगे बढ़ती है और प्रत्येक अध्याय एक संदेश छोड़ जाता है कि जिस बलिदान, आशा, आकांक्षा के साथ झारखंड का स्वतंत्र अस्तित्व सामने आया, वह अब भी अधूरा है और महाभारत के समय चक्र की तरह झारखंड यदि जीवंत शरीर है तो उसकी आत्मा 23 साल से मुक्ति की आशा में बेचैन है। उसने जिस किसी से अपने उद्धार की आशा की, उसने उसे और भी बेचैनी दी। इस अर्थ में पुस्तक शत प्रतिशत अपने नामकरण को चरितार्थ करती प्रतीत होती है। श्री चौबे पुस्तक में इसी बेचैनी का हवाला भी देते हैं और अपने अध्यायों में इसका हल ढूंढने की कोशिश करते हुए दिखते हैं। झारखंड के क्षितिज पर राजनीतिक महत्वाकांक्षा और वंशवादी राजनीति के कारण राज्य की जनता के मूल प्रश्न कैसे विभिन्न सरकारों में तिरोहित होते रहे हैं, इसकी बानगी भी यह पुस्तक प्रस्तुत करती है और इसका कारण ढूंढने की कोशिश करती है, परंतु हर ओर निराशा हाथ लगती है। ऐसा लगता है कि झारखंड राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों का प्रयोगशाला बन गया हो और इस प्रयोगशाला में सत्ता और व्यापार का ऐसा गंठजोड़ दिखता है कि बेचारी जनता के हाथ बेचैनी और पछतावा के सिवा कुछ भी नहीं आया। विकास के नाम पर लूट, राजनीति के नाम पर गठबंधन, संस्कृति के स्याह तत्व, मेरा- तेरा का खेल- जैसे झारखंड का नसीब बन गया हो। बाहरी- भीतरी और आदिवासी- गैर आदिवासी के कंधे पर बंदूक रखकर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को जिस प्रकार से साधने की कोशिश विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा की जाती रही, ऐसे में छली तो यहां की जनता ही जाती रही है।

(प्राध्यापक, इतिहास विभाग सेंट कोलंबस कॉलेज, हजारीबाग)

# स्वत्व स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए जीवन समर्पित


रमेश शर्मा

***स्वाधीनता*** संघर्ष केवल राजनैतिक या सत्ता के लिये ही नहीं होता। वह स्वत्व, स्वाभिमान, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक अस्मिता के लिये भी होता है। इस सिद्धांत के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले थे पंजाब केसरी लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को फिरोजपुर में हुआ था। उनका परिवार आर्यसमाज से जुड़ा था। अपने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध व्यवसायी उनके पिता मुंशी राधा कृष्ण आजाद संस्कृत के विद्वान थे, उन्हें फारसी और उर्दू का भी ज्ञान था। माता गुलाब देवी भी विदुषी थीं। सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण के संस्कार लाला लाजपतराय को बचपन से मिले थे। आर्य समाज से संबंधित होने के कारण वे अपनी बात को तथ्य और तर्क के साथ रखना उनके स्वभाव में आ गया था। घर में आध्यात्मिक और धार्मिक पुस्तकों का मानों भंडार था। इनके अध्ययन के साथ उन्होंने वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण की और रोहतक तथा हिसार आदि नगरों में वकालत की। वे जहां भी रहे, उन्होंने ऐसी टोलियां बनाईं और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का प्रतिकार किया। सामाजिक और वकालत के जीवन में प्रतिकार का यह दायरा और बढ़ा। वे असामाजिक तत्वों के साथ शासकीय कर्मचारियों द्वारा जन सामान्य के साथ किये जाने वाले शोषणपूर्ण व्यवहार का भी खुलकर प्रतिकार करते थे। इससे उनकी ख्याति बढ़ी। इससे वे लोकप्रिय हो गये। निजी जीवन में उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती से विधिवत दीक्षा ली और आर्य समाज के विस्तार में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाला हंसराज एवं कल्याण चन्द्र दीक्षित के साथ मिलकर महर्षि दयानन्द एंग्लो वैदिक विद्यालयों की मानो एक श्रृंखला ही स्थापित की। इनमें से अनेक संस्थान आज भी संचालित हैं। आज इन्हें डीएवी स्कूल्स व कालेज के नाम से जाना जाता है। 1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाये और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कांग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कांग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। चूंकि कांग्रेस तब नागरिक अधिकार और समानता की ही बात कर रही थी। जब कांग्रेस अधिवेशन में स्वायत्ता पर एकराय न बन सकी तो लालाजी ने नौजवानों को संगठित कर स्वायत्ता का वातावरण बनाने का अभियान छेड़ा। लालाजी चाहते थे कि भारतीय नौजवान अपने इतिहास के महापुरुषों और आदर्श चरित्र को समझें। इसके लिये उन्होंने स्वयं साहित्य रचना की इन रचनाओं में शिवाजी महाराज, भगवान श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई अन्य महापुरुषों की जीवनी हिन्दी में लिखीं। उन्होंने देश में और विशेषतः पंजाब में हिन्दी के प्रचार-प्रसार का भी अभियान चलाया। देश में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने के लिये एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया और संकल्प पत्र भी भरवाये। अंग्रेजों ने जब साम्प्रदायिक आधार पर बंगाल का विभाजन किया गया था तो लाला लाजपत राय ने बंगाल के सुप्रसिद्ध नेताओं सुरेंद्रनाथ बनर्जी और विपिनचंद्र पाल से मिलकर पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया। इसी आंदोलन के बाद 'त्रिदेवों' एक टोली बनी जिसमें लाजपतराय, विपिन चंद्र पाल बाल गंगाधर तिलक थे। इस टोली को इतिहास ने 'लाल, बाल, पाल' के नाम से जाना। इस तिकड़ी ने मानो ब्रिटिश शासन की नाक में दम कर दिया था। इस टोली ने स्वतंत्रता संग्राम में वो नये नये नारे दिये, असहमति और विरोध के स्वर मुखर किये तथा भारतीय समाज में स्वत्व और स्वाभिमान जागरण का अभियान चलाया। इसके चलते इस लाल-बाल-पाल को पूरे देश में भारी समर्थन मिला। स्वदेशी अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील 1906 में इसी तिकड़ी ने की थी जिसे बाद में गांधी जी ने अपनाया। ब्रिटेन में तैयार हुए सामान का बहिष्कार और व्यावसायिक संस्थाओं में हड़ताल का यह क्रम 1906 से ही आरंभ हो गया था। लालाजी के विचारों में स्पष्टवादिता थी। वे स्वावलंबन और स्वाधीनता की बात खुलकर करते थे। कांग्रेस में एक समूह ऐसा था जो नागरिक सम्मान और नागरिक अधिकार की बात तो करता था किन्तु स्वाधीनता की बात खुलकर नहीं करता था। इसलिये तब कांग्रेस में दो दल माने गये। एक नरम दल और दूसरा गरम दल। लालाजी गरम दल के नेता थे। वे इसी नाम से लोकप्रिय हुए। लाला लाजपत राय अक्टूबर 1917 में अमेरिका गये, वहां उन्होंने न्यूयॉर्क में 'इंडियन होम रूल लीग ऑफ अमेरिका' नामक संगठन की स्थापना की। यह संगठन अमेरिका में भारतीय जनों की स्वाधीनता की आवाज उठाने का माध्यम बना। लालाजी तीन साल अमेरिका रहे। उन्होने वहाँ रहने वाले भारतीयों और भारतीय जनों से सद्भाव रखने वाले लोगों को जोड़ा। तीन साल बाद फरवरी 1920 को लाला जी भारत लौटे। वे देशवासियों के महान नायक बन चुके थे।



> 1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाये और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कांग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कांग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया।

# कर्पूरी ठाकुर और प्रधानमंत्री मोदी की पारखी नजर


के.विक्रम राव

***तीन*** निखालिस सोशलिस्ट, मुलायम सिंह यादव, जॉर्ज फर्नांडिस और अब कर्पूरी ठाकुर को पुरस्कार से नवाज कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी विशाल और उदार-हृदयता का परिचय दिया है। वर्ना आम सियासतदां के लिए यह लोहियावादी तो हमेशा अस्पृश्य ही रहे। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया जाना गैरमामूली निर्णय है। हम मीडिया-कर्मियों के लिए कर्पूरी ठाकुर ईमानदारी के प्रतिमान रहे। उन्हें कभी भी किसी पत्रकार से गिला शिकवा नहीं रहा। पटना में 'हिंदुस्तान टाइम्स' के संपादक रहे सुभाषचंद्र सरकार कर्पूरी जी के कट्टर आलोचक रहे। उनके खिलाफ में खूब लिखा। बढ़कर, जमकर। पर जब कर्पूरी जी से वे मिले तो बोले : 'कैसा व्यक्ति है ? लेशमात्र भी नाराज नहीं।' यह बात पत्रकार सुरेंद्र किशोर ने मुझे बताई। सुरेंद्र किशोर मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के निजी सचिव रहे। हमारे बडौदा डायनामाइट केस में हमारे वे पटना के संपर्क सूत्र थे। कर्पूरी जी विशेष क्यों हैं? यूपी के सोशलिस्ट हमेशा नारा लगाते थे : 'जिन जोतों पर लाभ नहीं, उन पर लगे लगान नहीं।' समाजवादी तो सरकार में कई बार आये। सीमांत किसानों को कोई राहत नहीं मिली। कर्पूरी ठाकुर ने सत्ता पर आते ही मालगुजारी खत्म कर दी। इसे माल गुजारी के रूप में हिंदुस्तानी जमींदारी बिचौलियों के मार्फत ब्रिटिश गवर्नर जनरल लॉर्ड चार्ल्स कार्नवालिस ने (12 सितंबर 1786) गुलाम देश पर थोपा था। कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में उसका अंत कर दिया। उत्तर प्रदेश के सोशलिस्ट सत्याग्रही नारे बुलंद करते रहे, 'अंग्रेज यहां से चले गये, अंग्रेजी हमें हटानी है।' स्वयं मैं भी लखनऊ विश्वविद्यालय में 'अंग्रेजी हटाओ' आंदोलन में सक्रिय रहा। पर अभी भी यूपी में अंग्रेजी पनप रही है। जब बिहार में कर्पूरी ठाकुर गैर-कांग्रेसी काबीना में शिक्षा मंत्री बने थे तो उनका पहला कदम था कि मैट्रिक परीक्षा पास करने के लिए अंग्रेजी में पास होना अनिवार्य नहीं होगा। इससे उन लाखों छात्रों को लाभ हुआ जो उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते थे। इसके अलावा युवतियां भी तब से हाई स्कूल पास कर बीए तक पढ़ लेती थीं। ग्रेजुएट बहु चाहने वालों के लिए सुगम हो गया था। आज के अमीर मुख्यमंत्रियों के लाट साहबी अंदाज को देखकर कर्पूरी ठाकुर के मुख्यमंत्री काल की याद आती है। एक बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे सत्येंद्र बाबू की कार में उनका सहायक पिछली सीट पर बैठ गया। सीएम ने उसे डांट कर उठा दिया कहा- ह्लक्या कर्पूरी ठाकुर की बस समझ रखा है। जाकर ड्राइवर के साथ बैठोह्व कारण यह था कि कर्पूरी ठाकुर के साथ सरकारी मोटर में लोग ठूंस कर बैठते थे। मानो बस की सवारी कर रहे हों। कर्पूरी ठाकुर की सरलता का अंदाज एक घटना से लग जाता है। यह किस्सा मुझे साथी जॉर्ज फर्नांडिस ने बताया था। तब बिहार में सरकार बनाने की बात थी। पार्टी अध्यक्ष जॉर्ज फर्नांडिस पटना गए थे। निर्णय करना था। दो उम्मीदवार थे। पंडित रामानंद तिवारी, बड़े दावेदार और सवर्ण। उधर कर्पूरी ठाकुर भी थे। पार्टी का जनाधार बड़ा व्यापक हो गया। समाजवादी जड़ें गहरी हो गईं। पर दुर्भाग्य था कि इस जातीय समीकरण का मुनाफा चारा चोर लालू यादव ने भरपूर उठाया। संपन्न ग्वालों के जातीय आधार पर लालू ने दांव चला। पिछड़ों की बात चलाई। हालांकि लालू हमेशा धनी और सरमायेदार थे। मुख्यमंत्री बनकर तो यह गरीब गोपालक अरबपति बन बैठा। आज कई भ्रष्टाचार के मुकदमों में जेल के बाहर-भीतर आता जाता रहता है। जब गैरजाटव दलित और गैरयादव पिछड़ा राजपदों को कब्जियाते रहे, तब अति पिछड़ी जाति के कर्पूरी ठाकुर का मंत्री और मुख्यमंत्री बनना बड़ा सुखद लगता रहा। अब उसी वंचित नेता को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न मिलने से परम हर्ष हुआ। खुद उनके दोनों चेलों नीतीश कुमार और लालू यादव को भी बाहरी तौर पर। हालांकि इन दोनों को फायदा हुआ था उस नारे से कि ह्लसोशलिस्टों ने बांधी गांठ, पिछड़ा पावे सौ में साठ। कर्पूरी ठाकुर के साथ मेरी कई व्यक्तिगत यादें भी रही। वह दौर था इमरजेंसी वाला (1975-77) का। लाखों सियासी विरोधियों को इंदिरा गांधी ने जेल में डाल दिया था। उसे दौर में कई राज्यों की पुलिस कर्पूरी ठाकुर के पीछे पड़ी थी। पर उनकी छाया भी नहीं पकड़ पाई। तब गुजरात में जनता पार्टी के बाबूभाई पटेल की सरकार थी। इमरजेंसी कानून लागू नहीं था। मीसा के तहत गिरफ्तारी भी नहीं होती थी। हम आजाद थे। मैं भी बाद में जेल में डाल दिया गया। विरोधी मोर्चा की तरफ से तब मेरा काम था अपने ह्लटाइम्स ऑफ इंडियाह्व संवाददाता वाली मोटर कार में दक्षिण गुजरात के सूरत शहर-महाराष्ट्र की सीमा तक जाना और कांग्रेस-शासित राज्य से भूमिगत राजनेताओं को लेकर राजधानी गांधी नगर पहुंचाना था। एक बार कर्पूरी जी से सामना हुआ। मगर उनकी वेशभूषा से पहचानने में देरी लगी। मैं उन्हें पटना से पहचानता था।

> कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया जाना गैरमामूली निर्णय है। हम मीडिया-कर्मियों के लिए कर्पूरी ठाकुर ईमानदारी के प्रतिमान रहे। उन्हें कभी भी किसी पत्रकार से गिला शिकवा नहीं रहा। पटना में 'हिंदुस्तान टाइम्स' के संपादक रहे सुभाषचंद्र सरकार कर्पूरी जी के कट्टर आलोचक रहे। उनके खिलाफ में खूब लिखा। बढ़कर, जमकर। पर जब कर्पूरी जी से वे मिले तो बोले : 'कैसा व्यक्ति है ? लेशमात्र भी नाराज नहीं।' यह बात पत्रकार सुरेंद्र किशोर ने मुझे बताई।

## धर्म

# प्राण प्रतिष्ठा में मुसलमानों की उपस्थिति के संदेश

***अयोध्याधाम*** में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रख्यात मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना उमेर इलियासी समेत बहुत सारे मुसलमान धर्म गुरुओं की और फिल्म कलाकारों, गायकों , कलाकारों और शहाबुद्दीन हुसैन जैसे राज नेताओं की उपस्थिति सुकून देने वाली थी। इनका भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को निर्विघ्न पूर्ण करवाने में पूरा नैतिक समर्थन रहा। इन्होंने अपनी उपस्थिति से यह भी संदेश दिया कि देश के बहुसंख्यक और पढ़े-लिखे समझदार मुसलमान अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण का समर्थन करते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम मौलाना इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि वास्तव में यह ही नए भारत का चेहरा है। हमारा सबसे बड़ा धर्म मानवता है। हमारे लिए राष्ट्र पहले है। यह बदलते भारत की तस्वीर है। आज का भारत नवीन भारत, आज का भारत उत्तम भारत, मैं यहां पैगाम-ए-मोहब्बत लेकर आया हूं। हमारी इबादत करने के तरीके अलग जरूर हो सकते हैं, पूजा पद्धति जरूर अलग हो सकती है, हमारी आस्थाएं जरूर अलग हो सकती है, लेकिन हमारा जो सबसे बड़ा धर्म है वह इंसान और इंसानियत का है। अब यह जानना जरूरी है कि मौलाना उमेर इलियासी कौन हैं? कुछ समय पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अध्यक्ष मोहन भागवत की मौलाना उमेर अहमद इलियासी से मुलाकात के बाद उनके बारे में जानने वालों की तादाद चक्रवृद्धि ब्याज की तरह से बढ़ी है। वे राजधानी में इंडिया गेट से लगभग सटी गोल मस्जिद के इमाम हैं। वे इस्लाम के विद्वान तो हैं ही, बड़ी बात ये है कि उन्होंने अन्य धर्मों का भी हिंदू धर्म का भी गहन अध्ययन किया हुआ है। उनके जीवन का अटूट हिस्सा है सर्वधर्म समभाव। वे सब धर्मों का सम्मान करने में यकीन करते हैं। मौलाना उमेर इलियासी की शख्सियत पर महात्मा गांधी का असर साफ दिखाई देता है। वे कहते हैं कि गांधी जी उनके गुरुग्राम के गांव घसेरा के पुश्तैनी घर में 19 अगस्त, 1947 को आये थे। वहां पर उनका मौलाना उमेर के दादा चौधरी मुनीरउद्दीन साहब और सैकड़ों लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। गांधीजी ने गांवों वालों को हिदायत दी थी कि वे पाकिस्तान नहीं जायेंगे। गांववालों ने उनकी बात मानी थी। मौलाना उमेर इलियासी राजघाट में होने वाले सर्वधर्म सम्मेलनों में लगातार पहुंचते हैं। बहुत ही प्रखर वक्ता हैं। वे जब कुरआन के साथ गीता और बाइबल से भी उदाहरण देकर अपनी बात रखते हैं तो श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। गोल मस्जिद में एक जमाने में इंदिरा गांधी जी भी आया करती थीं। तब इस मस्जिद के इमाम मौलाना जमील इलियासी थे। वे मौलाना उमेर अहमद इलियासी के पिता थे। वे भी राष्ट्रवादी मुसलमान थे। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहा जाता था। शायद इसलिए क्योंकि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है।

■ आर.के. सिन्हा

# नीतिश की चालों से इंडिया गठबंधन को झटका

***अब*** लगभग यह तय हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विपक्षी दलों एवं उनके नेताओं के द्वारा हल्के में लेने की स्थितियां उनके लिये कितनी भारी हो सकती है। दूसरा भारत की राजनीति में भाजपा अगर कुछ करने की ठान लेती है तो वह उसे पूरा करती ही है। बिहार में सत्ता का समीकरण बदलना इसी बात का द्योतक है। बिहार में जारी सियासी उथल-पुलथ के बीच आरजेडी के राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक ने बड़ा ऐलान करते हुए आखिर कह ही दिया है कि अब जेडीयू और आरजेडी का रिश्ता टूट गया है। इस बात के प्रबल संकेत मिल रहे हैं कि मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर लिया है। अगर ऐसा हुआ तो बिहार में न केवल महागठबंधन की सरकार गिर जायेगी बल्कि इंडिया महागठबंधन में भी दरारे पड़ जायेगी। यह भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही है कि इसके बाद नीतीश एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार बना सकते हैं। वैसे भाजपा एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार के बीच भीतर-ही-भीतर यह खिचड़ी विगत कुछ समय से पक रही थी। इसका पहला ठोस संकेत जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा पर उनके द्वारा पहले भाजपा सरकार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिये धन्यवाद से सामने आया। दूसरा बड़ा संकेत कर्पूरी ठाकुर की सौवीं जयंती के मौके पर आयोजित समारोह में नीतीश कुमार ने तंज कस कर कि आजकल बहुत से लोग अपने परिवार के सदस्यों को ही आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं, इस रूप में सामने आया। इसे सीधे तौर पर लालू प्रसाद यादव पर हमला माना गया, जिनकी पार्टी के साथ वह बिहार में सरकार चला रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बाद से राजद और जदयू के बीच गहरी खाई बन गई है। लालू-तेजस्वी से नीतीश की बातचीत बंद चल रही है। वहीं महगठबंधन के सहयोगी दल भी सकते में आ गये हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट करने की कवायद करने वाले नीतीश कुमार ही रहे हैं। नीतीश कुमार ने ही पिछले साल जून में पटना में विपक्षी दलों की महाजुटान की थी। उनकी पहल पर ही विपक्ष के तमाम दल मतभेदों के बावजूद एक प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार हुए ताकि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा सीटों पर विपक्ष की तरफ से साझा उम्मीदवार उतारा जा सके। लेकिन जब चुनाव एकदम सिर पर आ गया तो नीतीश कुमार ही पाला बदलने जा रहे। तिनका-तिनका जोड़कर विपक्षी एकजुटता का ताना-बाना तैयार करने वाले जेडीयू चीफ ऐन वक्त पर खुद ही गठबंधन से दूर होने जा रहे हैं। ये विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए बहुत बड़ा आघात है। लोकसभा चुनाव में अब दो-ढाई महीने का समय ही शेष हैं। भाजपा हर हालात में नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार सत्ता के सिंहासन पर बैठाना चाहती है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर से पैदा हुई हिंदुत्व लहर पर सवार भाजपा जाति को साधने में भी पीछे नहीं है। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का ऐलान हो चुका है। दलितों को लुभाने के लिए बड़ा अभियान शुरू करने का प्लान भी तैयार हो चुका है। दूसरी तरफ विपक्ष खासकर उसके सबसे बड़ा गठबंधन इंडिया की नजर हर हाल में मोदी के विजय रथ को रोकने पर है। लेकिन लगभग टूट एवं बिखर चुके इंडिया किस तरह मोदी रथ को रोक पायेंगी? क्योंकि लोकसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन हांफने लगा है। नीतीश कुमार का पाला पाला बदलना वैसे ही है जैसे युद्ध शुरू होने से ऐन पहले सारथी ही पाला बदल ले। गठबंधन के नीतीश ही नहीं, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस को आंख दिखा रहे हैं, जिससे गठबंधन की गाड़ी आगे सरकती नजर नहीं आ रही है। गठबंधन के भविष्य पर सवालिया निशान ही नहीं, ग्रहण लग गया है। बिहार की उठापटक एवं बदलते राजनीतिक समीकरणों का सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा। बिहार में 40 लोकसभा सीटें हैं। अगर नीतीश कुमार भाजपा से मिलकर एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनते हैं तो इनमें से अधिकाधिक लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत की संभावना अप्रत्याशित रूप से बढ़ जायेगी। बिहार में नीतिश की इसी भूमिका के कारण ही इंडिया गठबंधन में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही थी। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन करके ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का यह पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था। ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रक्रिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। राजनीति में जब नीति गायब होने लगती है तो बेमेल गठबंधनों के बनते एवं बिखरते के दृश्य देखने को मिलते हैं और, इस बुराई के लिए कमोबेश सभी राजनीतिक दल समान रूप से जिम्मेदार हैं। देखा जाए तो सबकी नजर में 2024 का लोकसभा चुनाव है जहां 40 सीटों वाले बिहार की भूमिका को अहम मानते हुए अभी सारे दांव-पेंच वहीं चल रहे हैं। बिहार में नया सियासी समीकरण कितना बदलाव लाएगा, यह भविष्य ही बताएगा। ऐसे में लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे कि नीतीश कुमार कभी भी भाजपा का हाथ थाम सकते हैं। वैसे भी अब नीतिश की छवि अवसरवादी नेता की हो गयी है। दरअसल यह अवसरवादिता और मौकापरस्ती की हद है जिसका राजनीति में प्रतिकार होना चाहिए। वास्तव में बिहार का ही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि इस राज्य में जातिवादी और परिवारवादी राजनीति ने इस प्रदेश की जनता के मौलिक अधिकारों से उनको वंचित किये हुए हैं और इस प्रांत के लोगों को भारत का सबसे गरीब आदमी बनाया हुआ है। जबकि बिहारियों का भारत के सर्वांगीण विकास में योगदान कम नहीं हैं, सबसे अधिक मेहनती एवं बुद्धिजीवी लोग यही से आते हैं। लेकिन दूषित राजनीति की कालिमाएं यहां के धवलित इतिहास को धुंधलाती रही है। यहां की राजनीति की सत्तालोलुपता एवं भ्रष्टता लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्वस्त करती रही है। जबकि प्रामाणिकता एवं सिद्धान्तवादिता राजनीतिक क्षेत्र में सिर का तिलक है और अप्रामाणिकता एवं अवसरवादिता मृत्यु का पर्याय होती है। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। नीतीश बाबू ने जिस महागठबन्धन को बनाया, बनने के साथ ही उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी थी। आजादी के अमृतकाल के पहले लोकसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे हैं। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर इंडिया गठबंधन की छतरी के नीचे आये जरूर, लेकिन सीटों के बंटवारे एवं अन्य मुद्दों पर अब बिखर चुके हैं।

■ ललित गर्ग

> बिहार में जारी सियासी उथल-पुलथ के बीच आरजेडी के राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक ने बड़ा ऐलान करते हुए आखिर कह ही दिया है कि अब जेडीयू और आरजेडी का रिश्ता टूट गया है। इस बात के प्रबल संकेत मिल रहे हैं कि मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर लिया है। अगर ऐसा हुआ तो बिहार में न केवल महागठबंधन की सरकार गिर जायेगी बल्कि इंडिया महागठबंधन में भी दरारे पड़ जायेगी। यह भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही है कि इसके बाद नीतीश एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार बना सकते हैं।

## मुक्त छंद

**चिल्लाने** की आहट से
गला न जाने कब खुद ही रुँध गई।
साँझ की छत पर
सुबह की कहानी सुनाने लगे।
असंभाव्य का कारण बतलाते-बतलाते
संभाव्य का पथ दिखलाने लगे।
रोज-रोज तूफान का भय
शांति का पथ बतलाने लगा।
पलकों की छाव में सौंदर्य
दृष्टि सौंदर्य की कहानी सुनाने लगी।
सिलवटों की कहानी से
ज़िंदगी में आवारगी को रवानगी मिल गई।

- नाग मणि

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### मिथुन व उत्थुप ने पद्म भूषण अपने प्रशंसकों को किया समर्पित

**कोलकाता।** पद्म भूषण सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा के बाद मिथुन चक्रवर्ती और उषा उत्थुप ने यह पुरस्कार अपने प्रशंसकों को समर्पित किया और समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मिथुन (73) ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश में कहा, ह्यकाफी संघर्ष और कड़ी मेहनत के बाद, आखिरकार मुझे ऐसा सम्मान मिल गया। मिथुन ने मृणाल सेन की फिल्म मृगया से अभिनय की शुरूआत की थी और उनका करियर लगभग पांच दशक लंबा रहा। डिस्को डांसर फिल्म से लोगों के चहेता अभिनेता बने मिथुन ने कहा कि यह ऐसी भावना है जिसे मैं व्यक्त नहीं कर सकता। मैं इसे भारत और विदेशों में अपने प्रशंसकों को समर्पित कर रहा हूं, जिन्होंने मुझे बिना खूब प्यार दिया है। मिथुन ने हिंदी, बांग्ला, उड़िया, भोजपुरी और तमिल सहित अन्य विभिन्न भारतीय भाषाओं की करीब 350 फिल्मों में अभिनय किया है।

### नीतीश के इंडी गठबंधन से जाने से नहीं पड़ेगा फर्क' ममता ने दिखाए तेवर

कोलकाता। नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आइएनडीआइए गठबंधन छोड़ने और भाजपा के साथ फिर से जुड़ने की चर्चाओं के बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि जदयू प्रमुख के बाहर निकलने से विपक्षी गठबंधन पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। ममता ने कहा कि मुझे लगता है कि नीतीश कुमार ने बिहार के लोगों की नजर में अपनी विश्वसनीयता खो दी है। अगर वह इस्तीफा देते हैं तो राजद नेता तेजस्वी यादव के लिए बिहार में सुचारू रूप से काम करना आसान हो जाएगा। इसी के साथ ममता ने फिर दोहराया कि उनकी पार्टी टीएमसी बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। ममता ने यह भी दावा किया कि हाल में उनके द्वारा अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का उनके पास कोई फोन नहीं आया है।

### रैगिंग में दोषी पाए गए कलकत्ता मेडिकल कॉलेज के दो पीजीटी छात्र

**कोलकाता।** कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अधिकारियों ने जूनियर छात्रों की रैगिंग करने के चलते दो सीनियर पोस्टग्रेजुएट ट्रेनी (पीजीटी) को दो महीने के लिए निलंबति कर दिया है। यह सस्पेंशन कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की आंतरिक समिति की सिफारिश के अनुसार किया गया है। इस अवधि के दौरान ये दोनों पीजीटी कक्षाओं में भाग नहीं ले सकेंगे और उनके वैधानिक अवकाश भी स्वीकृत नहीं किये जाएंगे। वहीं, इस अवधि के दौरान उन्हें अनिवार्य रूप से कलकत्ता मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा-शिक्षा समन्वय कार्यालय के साथ एट्टीट्यूड कम्युनिकेशन पर एक प्रोग्राम में भाग लेना होगा। ऐसे मामलों में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की सिफारिश के अनुसार उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। कलकत्ता मेडिकल कॉलेज के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि इस दो महीने की अवधि के दौरान इन दो सीनियर पीजीटी को निगरानी में रखा जाएगा।

### समाजवादी पार्टी के साथ बन गई बात

# 11 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस समाजवादी के बीच हुआ समझौता



**एजेंसी। प्रयागराज**

अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट में लिखा कि कांग्रेस के साथ 11 मजबूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरूआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। इंडिया की टीम और पीडीए की रणनीति इतिहास बदल देगी। बिहार में एक ओर जहां राजनीतिक हलचल जारी है तो वहीं उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर समझौता हो चुका है। इस बात की जानकारी अखिलेश यादव ने ट्वीट कर दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में साफ तौर पर बताया कि समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 11 सीटें दी है। उन्होंने कहा कि 11 सीटों के साथ यह अच्छी शुरूआत हुई है। यह इंडिया गठबंधन के लिए बड़ी राहत की बात है। इसको लेकर अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट में लिखा कि कांग्रेस के साथ 11 मजबूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरूआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। इंडिया की टीम और पीडीए की रणनीति इतिहास बदल देगी। इससे पहले अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस पर छोटे दलों को साथ लेकर चलने की बड़ी जिम्मेदारी है। यादव ने समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए जन पंचायत पखवाड़े की शुरूआत कन्नौज के ग्राम फकीरे पुरवा से की। उन्होंने जन पंचायत में ग्रामवासियों से बिजली व्यवस्था और सड़क आदि मुद्द्रों पर चर्चा की। आपको बता दे कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर लगातार बातचीत हो रही थी। हालांकि कहीं ना कहीं मामला अटक जा रही थी।

# खनन कारोबारी जनार्दन रेड्डी ने की मोदी की तारीफ

कोप्पल (कर्नाटक)। खनन कारोबारी से नेता बने गली जनार्दन रेड्डी ने शनिवार को कर्नाटक के कोप्पल जिले के गंगावती शहर में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। रेड्डी के भाजपा में लौटने की अटकलों के बीच ये बयान महत्वपूर्ण हो गए हैं। उन्होंने कहा, मोदी को इस बात के लिए बधाई दी जानी चाहिए कि उन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भगवान राम की मूर्ति इस तरह स्थापित की कि पूरी दुनिया ने उनकी सराहना की। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि रेड्डी को पार्टी में वापस लाने पर विचार किया जा रहा है, जिन्होंने अपनी कल्याण राज्य प्रगति पक्ष (केआरपीपी) पार्टी बनाई थी। हालांकि वह केवल अपनी सीट ही जीत सके, लेकिन उन्होंने कल्याण-कर्नाटक क्षेत्र के जिलों में भाजपा को करारा झटका दिया था। भाजपा उनकी क्षमता और साधन संपन्नता से ज्यादा पार्टी उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं को खराब करने की उनकी क्षमता से चिंतित है। ऐसे में कांग्रेस को फायदा होगा। इससे बचने के लिए बीजेपी नेतृत्व उन्हें वापस पार्टी में लेने पर विचार कर रहा है। रेड्डी ने 2008 में 'ऑपरेशन लोटस' के जरिए बीजेपी को सत्ता में लाने में अहम भूमिका निभाई थी। रेड्डी दिवंगत केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज के करीबी थे और उनके तत्कालीन मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पासे मतभेद हो गए थे। अवैध खनन के आरोप में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के साथ ही उनका राजनीतिक सपना खत्म हो गया था। उनकी रिहाई के बाद, रेड्डी की भाजपा में प्रमुखता हासिल करने की कोशिश विफल रही, क्योंकि पार्टी ने उनके खिलाफ गंभीर आरोपों की पृष्ठभूमि में दूरी बनाए रखी। लेकनि उनके करीबी सहयोगी श्रीरामुलु और उनके भाई पार्टी में वापस आ गए और पदों पर आसीन हुए, लेकिन पार्टी ने रेड्डी को तवज्जो नहीं दी।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को झारखंड में करेगी प्रवेश



**रांची।** कांग्रेस की झारखंड इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि यात्रा दो चरणों में होगी, जिसमें आठ दिनों की अवधि में 13 जिलों में 804 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। ठाकुर ने कहा, झारखंड में यात्रा की तारीखें तय हो गई हैं। यह दो फरवरी को पाकुड़ जिले से राज्य में प्रवेश करेगी। रांची। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को झारखंड में प्रवेश करेगी और राहुल गांधी राज्य के पाकुड़ जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस की झारखंड इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि यात्रा दो चरणों में होगी, जिसमें आठ दिनों की अवधि में 13 जिलों में 804 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। ठाकुर ने कहा, झारखंड में यात्रा की तारीखें तय हो गई हैं। यह दो फरवरी को पाकुड़ जिले से राज्य में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की सभाएं और रैलियां कहां-कहां होंगी, इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी। तैयारियों का जायजा लेने के लिए, ठाकुर और कांग्रेस की राज्य इकाई के अन्य वरिष्ठ नेता विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा, तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए हम पहले ही रामगढ़, धनबाद, देवघर, दुमका और पाकुड़ का दौरा कर चुके हैं। यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इंफाल से आरंभ हुई थी जो 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और 15 राज्यों के 110 जिलों से होते हुए 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

### केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी के दो लाख से अधिक लोगों को प्रभु श्रीराम का दर्शन कराएंगी



**नई दिल्ली।** मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता कहा, अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी के निर्देश पर उत्थान सेवा संस्थान द्वारा अमेठी संसदीय क्षेत्र के तीन लाख परिवारों तक प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के दो लाख से अधिक लोगों को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन कराएंगी। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही तीन लाख से अधिक घरों तक प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का लक्ष्य सुनिश्चित कर घर-घर प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता कहा, अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी के निर्देश पर उत्थान सेवा संस्थान द्वारा अमेठी संसदीय क्षेत्र के तीन लाख परिवारों तक प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। में संसदीय क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों को अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा पर बस से भेजा जाएगा और सभी को प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए जाएंगे। गुप्ता ने बताया कि पहले 40 हजार से अधिक लोगों को अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा करवाने की योजना थी, लेकिन मांग को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को दर्शन के लिए भेजने का निर्णय लिया गया है। उन्?होंने कहा, ह्यह्यजरूरत पड़ने पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं को भी दर्शन कराया जा सकता है। श्रवण यात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं।

### अमित शाह और जेपी नड्डा से मिले चिराग पासवान



**नई दिल्ली।** नीतीश कुमार के फिर से एनडीए गठबंधन में वापसी की खबरों से चिंतित और असहज चिराग पासवान ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर अपनी बात रखी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने अमित शाह के आवास पर शाह और नड्डा दोनों से मुलाकात कर, बिहार के राजनीतिक माहौल और नीतीश कुमार के एनडीए गठबंधन में फिर से वापसी से जुड़े तमाम पहलुओं पर चर्चा की। सूत्रों की मानें तो, नीतीश कुमार के फिर से एनडीए गठबंधन में वापसी से असहज चिराग पासवान ने भाजपा के दोनों आला नेताओं से राज्य में सरकार बनाने के लिए एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बनाने और मुख्यमंत्री पद के लिए अन्य विकल्पों पर भी विचार करने का आग्रह किया। बताया जा रहा है कि चिराग ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सीटों के कोटे में कोई कटौती नहीं होनी चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि बिहार के मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर उनकी पार्टी के अंदर कई चिंताएं हैं और इन चिंताओं से उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेताओं को अवगत करा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार के आने की सुगबुगाहट को इशारों-इशारों में सही बताते हुए कहा कि अमित शाह और जेपी नड्डा के साथ आज आधे घंटे की मुलाकात के दौरान उन्होंने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की तरफ से तमाम चिंताओं और बातों को मजबू ती से रखा है, कई विषयों पर बैठक में विस्तार से बात हुई है और उनके द्वारा भी उन्हें बैठक में कई विषयों पर आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव और सीटों के बंटवारे को लेकर आगे भी चर्चा होगी।

### कांग्रेस ने बार-बार किया नीतीश कुमार का अपमान : केसी त्यागी

**पटना।** त्यागी ने दावा किया कि इंडिया ब्लॉक पतन के कगार पर है और उन्होंने कहा कि कुमार यह नहीं देख पा रहे हैं कि इंडिया ब्लॉक की पार्टियाँ सर्व-शक्तिशाली भाजपा से कैसे लड़ सकती हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इंडिया गुट पतन के कगार पर है। बिहार में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच एक महत्वपूर्ण बयान में, जनता दल (यूनाइटेड) के राजनीतिक सलाहकार और प्रवक्ता केसी त्यागी ने शनिवार को कांग्रेस पर राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बार-बार अपमान करने का आरोप लगाया। त्यागी ने दावा किया कि इंडिया ब्लॉक पतन के कगार पर है और उन्होंने कहा कि कुमार यह नहीं देख पा रहे हैं कि इंडिया ब्लॉक की पार्टियाँ ₹सर्व-शक्तिशाली₹ भाजपा से कैसे लड़ सकती हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इंडिया गुट पतन के कगार पर है। पंजाब, पश्चिम बंगाल और बिहार में इंडिया ब्लॉक पार्टियों का गठबंधन लगभग खत्म हो चुका है। हालांकि, केसी त्यागी ने इस बात को दोहराया कि कुमार को कभी भी गठबंधन में पद की लालसा नहीं रही लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के एक वर्ग ने बार-बार उनका अपमान किया। त्यागी ने कहा कि जद (यू) अध्यक्ष कुमार जिस लक्ष्य और इरादे के साथ गैर-कांग्रेसी दलों को कांग्रेस के साथ लाने में सफल हुए, वह विफल हो गया हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश को ₹गलत समझा गया। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में जेडीयू के 45 सदस्य हैं जबकि एनडीए के 82 सदस्य हैं। सरकार बनाने के लिए किसी पार्टी या समूह को 122 विधायकों की जरूरत होती है। राजद, कांग्रेस और वाम दलों के पास 114 विधायक हैं। 79 विधायकों के साथ राजद सबसे बड़ी पार्टी है। बिहार की राजनीति में जबरदस्त तरीके से हलचल जारी है। इस बात की चर्चा तेज है कि नीतीश कुमार एक बार फिर से एनडीए में वापसी कर सकते हैं। यह लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के लिए बड़ा झटका है। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन के लिए भी यह बड़ा झटका है। 25 जनवरी के बाद से लगातार राजद और जदयू के बीच तनातनी की स्थिति है।

# कुनबी जाति प्रमाणपत्र को लेकर अधिसूचना जारी



**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर मराठा समुदाय के सदस्यों के उन सभी सगे-संबंधियों को कुनबी के रूप में मान्यता दे दी है, जिनके कुनबी जाति से संबंध होने के रिकॉर्ड मिले हैं। कुनबी जाति प्रमाण पत्र को लेकर अधिसूचना जारी हो गयी है। कुनबी एक कृषक समुदाय है जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आता है। मराठा समुदाय के आरक्षण को लेकर आंदोलन का नेतृत्व करने वाले कार्यकर्ता मनोज जरांगे समुदाय के सभी लोगों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी करने की मांग कर रहे हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि मसौदा नियमों को महाराष्ट्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जनजाति, घुमंतू जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और विशेष पिछड़ा वर्ग (जारी करने और सत्यापन का विनियमन) जाति प्रमाणपत्र (संशोधन) नियम 2024 कहा जा सकता है। इसमें कहा गया कि यदि कोई आवेदक अपने ऐसे सगे-संबंधी के साथ संबंध को साबित करने वाला हलफनामा दाखिल करता है तो उसे कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी किये जाएंगे। यह प्रमाणपत्र सिर्फ उन्हीं सदस्यों को जारी किये जाएंगे जिनके कुनबी जाति से संबंध होने के रिकॉर्ड मिले हैं।

### भाजपा जो चाहेगी वही बिहार में होने नहीं देंगे

# कांग्रेस ने दिए अलग समीकरण के संकेत

**नवीन मेल संवाददाता। पटना**

बिहार में राजनीतिक हलचल के बीच अब उथलपुथल के संकेत मिलने लगे है। महागठबंधन में शामिल कांग्रेस ने शनिवार को साफ कर दिया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए में जाने के बाद सरकार बनाना इतना आसान नहीं होगा। कांग्रेस नेता ने साफ संकेत दिए हैं कि सत्तारूढ़ महागठबंधन भी ऐसी परिस्थिति को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस के विधान पार्षद प्रेमचंद्र मिश्रा ने शनिवार को कहा कि भाजपा जो चाहेगी वही बिहार में होगा, ऐसा नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अभी भी महागठबंधन के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अगर ऐसा होता भी है तो भाजपा के लिए इतना आसान नहीं है। उन्होंने संकेत देते हुए कहा कि राजद, कांग्रेस, वाम दल और जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के चार विधायकों को अगर जोड़ दिया जाए तो हम भी बहुमत के करीब हो जाएंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि राजद की नजर एनडीए में शामिल मांझी के विधायकों पर टिकी हुई है। बिहार विधानसभा के गणित की बात करें तो 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 122 है। राजद के पास 79, भाजपा के पास 78, जदयू के पास 45, कांग्रेस के पास 19, सीपीआई (एमएल) के पास 12, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के पास चार, सीपीआई एम और सीपीआई के पास 2 -2 तथा एआईएमआईएम के पास एक और एक निर्दलीय विधायक है।

### केरल हाईकोर्ट ने दो अधिकारियों को किया निलंबित

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में मंच पर कथित तौर पर अपमानजनक प्रस्तुति करने और केंद्र सरकार की आलोचना करने पर अपने अधिकारियों पर कार्रवाई की है। हाई कोर्ट ने इस मामले में सहायक रजिस्ट्रार और कोर्ट कीपर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। घटना की जांच होने के बाद ही इस मामले में कोई कदम उठाया जा सकता है। रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि दोनों अधिकारियों के पास अगर किसी भी तरह की सरकारी संपत्तियां होगी तो उसे वापस करना होगा, जिसमें पहचान पत्र भी शामिल है। रजिस्ट्रार जनरल ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि कि मुख्य न्यायाधीश ने पंजीयक (सतर्कता) को घटना की विस्तृत जांच करने और जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि गणतंत्र दिवस पर उच्च न्यायालय के सभागार में मंच पर प्रस्तुति दी गई थी।

### ममता का केंद्र को अल्टीमेटम, बोलीं-

# अगर सात दिन में बंगाल का बकाया नहीं दिया तो करेंगे विरोध प्रदर्शन



**एजेंसी। कोलकाता**

बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने केंद्र को सभी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए सात दिन का ह्यअल्टीमेटमह्व देते हुए कहा कि ऐसा न होने की स्थिति में पार्टी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। बनर्जी ने यह टिप्पणी शुक्रवार को 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन में एक कार्यक्रम के दौरान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर केंद्र सरकार ने निधि जारी नहीं की तो हम बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। बंगाल सरकार के आंकड़ों के मुताबिक केंद्र पर राज्य का पीएमएवाई के तहत 9,330 करोड़ रुपये, मनरेगा के तहत 6,900 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 830 करोड़ रुपये, पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 770 करोड़ रुपये, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 350 करोड़ रुपये बकाया है। मध्याह्न भोजन के तहत 175 करोड़ रुपये के साथ ही अन्य योजनाओं का भी बकाया है। बनर्जी ने 20 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी और लंबित केंद्रीय निधि के मुद्दे पर चर्चा की थी। बैठक के बाद बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव दिया कि राज्य और केंद्र के अधिकारी एक साथ बैठ कर मुद्दों को सुलझा सकते हैं।

# लूटकांड का खुलासा नए एसपी के लिए है चुनौती



**नवीन मेल संवाददाता। अररिया**

बदलते सियासी बयार के बीच बड़े पैमाने पर बिहार में आईएएस और आईपीएस के साथ अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। जिसके तहत अररिया में नए एसपी के रूप में भागलपुर में सिटी एसपी के रूप में पदस्थापित 2018 बैच के आईपीएस अमित रंजन को अररिया का नया एसपी बनाया गया है। इससे पहले भागलपुर सिटी एसपी के साथ अमित रंजन पटना सिटी के अनुमंडल पुलिस अधिकारी के रूप में काम कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिला के मूल निवासी अमित रंजन शांत स्वभाव के हैं और पटना और भागलपुर में सिटी एसपी के रूप में कई बड़े मामलों का उद्भेदन कर चुके हैं।अररिया में नए एसपी के रूप में अमित रंजन को कई चुनौतियों से सामना करना पड़ सकता है जिले में लचर पुलिसिंग व्यवस्था उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। लगातार लूट,छिनतई सहित अन्य अपराधिक वारदातों पर लगाम के साथ दिन दहाड़े एडीबी चौक स्थित एक्सिस बैंक लूटकांड मामले का खुलासा उनके लिए पहली और बड़ी चुनौती है। ऐसे में एक्सिस बैंक लूटकांड का उद्भेदन उनके लिए सबसे पहली और बड़ी चुनौती है।इसके अतिरिक्त अररिया जिला भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित है।

# उत्तर प्रदेश में जल्द 100 बायोगैस होंगे स्थापित : हरदीप सिंह पुरी



**135 करोड़ रुपयों के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस संयंत्र में हर दिन लगभग 14 टन कंप्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा।**

**एजेंसी। लखनऊ**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही 100 नये बायोगैस संयंत्र स्थापित किये जाएंगे। बदायूं में कंप्रेस्ड बायो गैस संयंत्र के लोकार्पण समारोह में पहले यहां लखनऊ में केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि पिछले सात साल में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीमारू राज्य की श्रेणी से आगे बढ़कर हर क्षेत्र में शानदार काम किया है। उन्होंने कहा, आज बदायूं में कंप्रेस्ड बायो गैस के नये संयंत्र का उद्घाटन होने जा रहा है और राज्य के आठ अन्य जिलों में ऐसे ही नये संयंत्र का शिलान्यास भी किया जाएगा। पुरी ने कहा, ह्यह्यअब तक 37 संयंत्र की स्थापना के लिए भूमि चयन आदि की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बड़ा सहयोग मिल रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार बदायूं में लोकार्पित होने जा रहे संयंत्र की विशेषताओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि करीब 135 करोड़ रुपयों के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस संयंत्र में हर दिन लगभग 14 टन कंप्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा। पुरी ने बताया कि यह बायो गैस पराली के निदान के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वेस्ट टू वेल्थ की परिकल्पना के अनुसार बायो गैस बेहतरीन विकल्प है। यह एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में स्मॉग की समस्या का समाधान तो है ही, किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम भी है। संवाददाता सम्मेलन में भारत सरकार के पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन ने कंप्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए भारत सरकार द्वारा दिये जा रहे प्रोत्साहन की जानकारी दी। उप्र सरकार की जैव ईंधन नीति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उप्र की इस नीति के तहत बायो ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए 20 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिए जाने की व्यवस्था है।

### राजेन्द्र छात्रावास में ब्रावो फाउंडेशन कराएगी ई-लाईब्रेरी का निर्माण



**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वी चंपारण**

जिला मुख्यालय मोतिहारी स्थित शहर राजेंद्र छात्रवास में ब्रावो फाउंडेशन ई-लाइब्रेरी का निर्माण कराएगी।लाभ उठा पाएंगे। उक्त जानकारी छात्रावास पहुंचे ब्रावो फार्मा के सीएमडी राकेश पांडेय ने दी। उन्होने कहा छात्रों ने यहां ई-लाइब्रेरी निर्माण की मांग किया था। जिसे ब्रावो फाउंडेशन ने स्वीकार किया है। इसके साथ ही छात्रावास में सोलर पैनल व संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने व खेल सामग्री उपलब्ध कराने की भी मांग को स्वीकार कर लिया गया है। इस दिशा में जल्द ही काम शुरू कर दिया जायेगा। उल्लेखनीय है,कि इसके पूर्व ब्रावो फाउंडेशन ने चकिया, एमएस कॉलेज सहित अन्य कई जगहों पर ई-लाइब्रेरी का निर्माण कराया है। राकेश पांडेय ने कहा कि छात्रावास में छात्रों की सुविधा के लिए मैने 2017 में प्रयास शुरू किया था, लेकिन राजनीतिक दबाव में नहीं करने दिया गया। मै वादा करता हू कि वर्ष 2024 छात्रों के विकास का होगा। छात्रों के लिए कुछ बड़ा व बेहतर करूंगा। ई-लाइब्रेरी में डिजिटल फार्म में किताबें होंगी, जिसमे प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इन परीक्षाओं के लिए प्रिंटेड किताबें, पत्रिकाएं भी उपलब्ध होगी।

# इंग्लैंड पहले टेस्ट में 18 रन से पीछे, अब तक 172/5

**एजेंसी। हैदराबाद**
पहले टेस्ट में तीसरे दिन शनिवार को जसप्रीत बुमराह ने रिवर्स-स्विंग के शानदार स्पैल से जान फूंक दी, जबकि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जड़ेजा ने एक-एक विकेट लेकर भारत की वापसी का नेतृत्व किया, क्योंकि इंग्लैंड ने तीसरे दिन चाय तक 42 ओवर में 172/5 का स्कोर बना लिया, लेकिन वह अभी भारत की बढ़त से 18 रन से पीछे है।

राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, भारत को सुबह के सत्र में इंग्लैंड के आक्रामक खेल से बैकफुट पर धकेल दिया गया। लेकिन लंच के बाद, उन्होंने एक आकर्षक सत्र में चार बड़े विकेट लेकर वापसी की और खेल के शीर्ष पर वापस आ गए। इंग्लैंड के लिए, ओली पोप ने नाबाद 67 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई, जो भारत में उनका पहला टेस्ट अर्धशतक है, जिसमें बेन फोक्स ने नाबाद दो रन बनाकर उनका साथ दिया।

दूसरे सत्र की शुरूआत में बुमराह ने बेन डकेट के खिलाफ एलबीडब्ल्यू आउट की अपील की, जिसकी अगर भारत ने समीक्षा की होती, तो उन्हें सफलता मिल जाती। पोप ने अश्विन पर दो चौके लगाकर अपना अच्छा काम जारी रखा, इसके बाद डकेट ने बुमराह पर दो चौके लगाए लेकिन तेज गेंदबाज को आखिरी हंसी तब मिली जब उसने इनस्विंगर को वापस अंदर डाला और डकेट के शरीर से दूर जाकर ऑफ-स्टंप को कार्टव्हील



राइड पर भेजने की कोशिश की। जब बुमराह डकेट को आउट करने के जश्न में डूबे हुए थे तो भीड़ उन्मत्त हो गई। बुमराह अपने घातक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे - गेंद को दोनों तरफ रिवर्स कर रहे थे और पोप को लगभग आउट करने के लिए धीमी गेंद भी फेंक रहे थे। आखिरकार, उनकी इनस्विंगर ने जो रूट को पगबाधा आउट कर दिया, जिससे भारत के लिए आगे बढ़ने के रास्ते खुल गए।

पोप और जॉनी बेयरस्टो, जिन्होंने बल्ले का पूरा चेहरा दिखाकर और लेग-स्टंप गार्ड लेकर बुमराह का अच्छी तरह से मुकाबला किया, बॉउंड्री लगाने में सहज दिखे। 28वें ओवर में जड़ेजा की एक गेंद बेयरस्टो के बाहरी किनारे से टकराकर निकल गई। अगली गेंद के लिए, बेयरस्टो ने सोचा कि यह स्पिन हो जाएगी और उन्होंने अपनी बाहें कंधे पर रख लीं। वह हतप्रभ रह गए, जब गेंद अंदर आई और ऑफ-स्टंप से जा टकराई। पोप ने अश्विन की फुलटॉस गेंद को मिडविकेट पर चौका लगाकर सिर्फ 54 गेंदों पर अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। क्रॉली और डकेट के स्वीप से परेशान होने के बाद अश्विन ने वापसी की और अपनी लाइन वापस पाने के लिए अथक गेंदबाजी की। आखिरकार उन्हें गेंद को बल्ले के पास से घुमाकर अपना इनाम मिला और उन्होंने कप्तान बेन स्टोक्स का ऑफ-स्टंप उड़ा दिया। यह एक ऐसा चरण था जब भारत ने सत्र की आखिरी 65 गेंदों में एक भी बाउंड्री नहीं दी और मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

संक्षिप्त स्कोरः इंग्लैंड 246 और 42 ओवर में 172/5 (ओली पोप 67 नाबाद; बेन डकेट 47; जसप्रित बुमराह 2-21, रविचंद्रन अश्विन 2-63) भारत 436 (रवींद्र जड़ेजा 87, केएल राहुल 86; जो रूट 4-79, रेहान अहमद 2-105)

## फ्रेंच फुटबॉल फेडरेशन ने कोटे डी आइवर को कोच रेनार्ड को ऋण पर देने से इंकार किया

**एजेंसी। आबिदजान**
फ्रांसीसी फुटबॉल महासंघ (एफ-एफएफ) ने 2023 अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस (एफकॉन) के शेष भाग के लिए कोटे डी आइवर के प्रबंधन के लिए फ्रांस की राष्ट्रीय महिला टीम के कोच हर्वे रेनार्ड को ऋण पर देने से इनकार कर दिया है।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत के बावजूद, एफएफएफ ने टूर्नामेंट के अंत तक रेनार्ड को नहीं जाने देने का फैसला किया। ग्रुप चरण के अंतिम दौर में इक्वेटोरियल गिनी के खिलाफ 4-0 की हार के बाद, कोटे डी आइवर के कोच जीन-लुई गैसेट को बर्खास्त कर दिया गया और



उनकी जगह उनके सहायक एमर्स फे को नियुक्त किया गया, जो कोटे डी आइवर के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी थे। अगले सोमवार को एफकॉन राउंड ऑफ 16 में कोटे डी आइवर का सामना गत चैंपियन सेनेगल से होगा।

## 'बड़े खिलाड़ियों के विकेट लेना बहुत अच्छा लगा': मुहम्मद जवादुल्लाह

**शारजाह।** शारजाह वॉरियर्स शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 मुकाबले में एमआई अमीरात से हार गये हालांकि संयुक्त अरब अमीरात के मुहम्मद जवादुल्लाह के प्रदर्शन से कुछ भी छीना नहीं जा सकता। टीम के लिए तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 6-3 से हराया फाइनल में नीदरलैंड्स से मुकाबला

**एजेंसी। मस्कट (ओमान)**
भारतीय महिला टीम ने दो बार एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 6-3 से हराया और शुक्रवार को यहां एफआईएच हॉकी 5एस महिला विश्व कप 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को भारतीय समयानुसार 21:50 पर खेले जाने वाले फाइनल में भारत का मुकाबला नीदरलैंड से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में पोलैंड को 3-1 से हराया। भारत, जिसने आधे समय तक संघर्ष करते हुए स्कोर 2-2 कर दिया, ने दूसरे हाफ में चार गोल करके दूसरे सेमीफाइनल में मामला अपने नाम कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका के पांचवें मिनट में टेशॉन डी ला रे के गोल से आगे बढ़ने के बाद सातवें मिनट में अक्षता अबासो ढेकाले ने



फील्ड गोल करके भारत के लिए स्कोर बराबर कर दिया। अफ्रीकी देश ने एक बार फिर बढ़त हासिल कर ली जब टोनी मार्क्स ने आठवें मिनट में गोल किया लेकिन मारियाना कुजूर ने 11वें मिनट में स्कोर 2-2 कर दिया।

हाफ टाइम ब्रेक के बाद भारतीय महिला टीम ने मैच पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया और छह मिनट के भीतर चार गोल करके दक्षिण अफ्रीकी को काबू कर लिया।

21वें मिनट में मुमताज खान ने भारत के लिए तीसरा गोल कर स्कोर 3-2 कर दिया और दो मिनट बाद रुताजा दादासो पिसल ने गोल कर भारत को 4-2 की बढ़त दिला दी, ज्योति छेत्री (25वें मिनट) और अजमीना कुजूर (26वें मिनट) ने तेजी से गोल करके भारत को दक्षिण अफ्रीका से आगे कर दिया, जिन्होंने 29वें मिनट में चेम्बरलेन डिर्की के गोल से अंतर कम कर दिया। लेकिन यह बहुत कम और बहुत देर हो चुकी थी क्योंकि भारतीय 6-3 से विजेता बने।

# एसएफए चैंपियनशिप दिल्ली का उद्घाटन संस्करण 28 जनवरी से

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिल्ली स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) चैंपियनशिप दिल्ली के उद्घाटन संस्करण का आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक किया जाएगा। इस मल्टी-स्पोर्ट्स स्कूल टूर्नामेंट के पहले संस्करण में 540 से अधिक स्कूलों के 6200 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे।

इस प्रतियोगिता का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नोएडा एजुकेशनल अकादमी, डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (केएसएसआर), डीडीए स्क्वैश और बैडमिंटन स्टेडियम, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स और जीआर इंटरनेशनल स्कूल (स्केटिंग रिंक) में किया जा रहा है। जो एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, रैकेट खेल, कराटे, तैराकी, शूटिंग, योगासन जैसे खेलों की प्रतिस्पर्धा के लिए एक भव्य मंच प्रदान करेंगे।

प्रतियोगिता में लगभग 34% महिला एथलीट और 64% पुरुष




एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। दिल्ली संस्करण के लिए एथलीटों द्वारा चुने गए शीर्ष खेल फुटबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन और स्केटिंग हैं।

एसएफए चैंपियनशिप स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) का प्रमुख आईपी है, जो भारत का सबसे बड़ा तकनीक-सक्षम मल्टी-स्पोर्ट्स स्कूल प्रतियोगिता मंच है। एसएफए का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 50 शहरों में 150 चैंपियनशिप की मेजबानी करना है। प्रतिबद्धता एथलीटों, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, प्रमाणित मैच अधिकारियों और रेफरी के लिए प्रथम श्रेणी सुविधाएं प्रदान करने की है। इस आयोजन में प्रतिभागियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए व्यापक चिकित्सा सुविधाएं, ऑन-साइट फिजियोथेरेपी सेवाएं, क्लीनिक और कार्यशालाएं शामिल होंगी। डिजिटल रूप से एकीकृत प्रणाली का लाभ उठाते हुए, एथलीट विस्तृत आंकड़ों, प्रदर्शन विश्लेषण और मैच वीडियोग्राफी तक पहुंच का आनंद लेंगे।

# किरण जॉर्ज क्वार्टर फाइनल में हारे

**इंडोनेशिया ओपन**

**एजेंसी। जकार्ता**
इंडोनेशिया मास्टर्स में भारतीय शटलर किरण जॉर्ज की प्रभावशाली यात्रा क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गई, क्योंकि उन्हें मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न के रूप में मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ा। अथक प्रयास करने के बावजूद, किरण जॉर्ज ने 43 मिनट तक चली कड़ी लड़ाई में दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी के सामने 14-21, 6-21 के अंतिम स्कोर के साथ हार मान ली। क्वार्टरफाइनल हार ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती के समापन को चिह्नित किया।




इससे पहले, दुनिया के 19वें नंबर के लक्ष्य सेन और 30वें नंबर के प्रियांशु राजावत अपने-अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे। इसके अतिरिक्त, भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, अपने पिछले दो मुकाबलों में लगातार फाइनल में पहुंचने के बावजूद टूर्नामेंट से हट गए।

किरण जॉर्ज, जिन्होंने प्री-क्वार्टर में चीनी खिलाड़ी लू गुआंग जू को हराकर हलचल मचा दी थी, कुनलावुत विटिडसार्न के खिलाफ खुद को बैकफुट पर पाया। मध्य-गेम ब्रेक में अंतर को कम करने के लिए रैली करने के बावजूद, थाई शटलर ने अपना कौशल दिखाया, शुरूआती गेम को सुरक्षित किया और उस गति को दूसरे गेम में बरकरार रखा।

दूसरे गेम में विटिडसर्न का दबदबा स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने ब्रेक के दोनों ओर लगातार 11 अंक बनाकर 18-5 की मजबूत बढ़त बना ली। इस जोरदार प्रदर्शन के साथ, विटिडसर्न ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जहां उनका मुकाबला डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन से होगा।

कुनलावुत विटिडसर्न के लिए, यह जीत विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह 2017 में मलेशिया इंटरनेशनल सीरीज में उनके पिछले मुकाबले के बाद, वरिष्ठ स्तर पर किरण पर उनकी पहली जीत थी।

## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी रांची में झंडोतोलन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
75 वीं गणतंत्र दिवस 2024 के शुभ अवसर पर मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी, रांची में हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। आज के झंडोतोलन कार्यक्रम में हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार, संयुक्त सचिव बिगन सोय, कुश्ती और हॉकी के खिलाड़ी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डी कॉक ने डरबन सुपर जाएंट्स को शीर्ष स्थान पर पहुंचाया

**एजेंसी। पार्ल, दक्षिण अफ्रीका**
क्विंटन डी कॉक ने बोलैंड पार्क में डरबन सुपर जाएंट्स को एसए 20 तालिका में शीर्ष पर पहुंचाया। सुपर जाएंट्स के लिए 51 गेंदों में 83 रन बनाकर जाएंट्स को शिखर पर पहुंचाने से पहले, डी कॉक पूरे सीजन 2 में अपेक्षाकृत शांत रहे थे। अपरिचित नंबर 4 स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए, डी कॉक क्रीज पर जॉन जॉन



स्मट्स (52) के साथ शामिल हुए और इस जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए केवल 82 गेंदों पर 118 रन जोड़े।

# सविता प्रो लीग में 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
हॉकी इंडिया ने शनिवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरणों के लिए 24 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम की घोषणा की।

भुवनेश्वर चरण 3 फरवरी को शुरू होगा और 9 फरवरी को समाप्त होगा जबकि राउरकेला चरण 12 फरवरी को शुरू होगा और 18 फरवरी तक चलेगा।

भारत 3 फरवरी को मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करते हुए, दोनों चरणों में मेहमान टीमों, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, चीन और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो बार भिड़ेगा।

एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं। इस बीच, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी,



मोनिका और ज्योति छत्री को टीम में डिफेंडर के रूप में नामित किया गया है।

निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका, ज्योति, बलजीत कौर और सुनेलिता टोप्पो मिडफील्ड में नजर आएंगी। टीम में फॉरवर्ड हैं मुमताज खान, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया और शर्मिला देवी।

अनुभवी गोलकीपर सविता को कप्तान के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है, जबकि अनुभवी फारवर्ड वंदना कटारिया एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए उप कप्तान के रूप में काम करेंगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने टीम चयन पर टिप्पणी करते हुए कहा हमारे पास प्रो लीग 2023-24 के लिए कुछ युवा खिलाड़ी आ रहे हैं। लीग हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि चैंपियन एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में अपना स्थान सुरक्षित करेंगे। हम टीम के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करेंगे और टीम दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों का सामना करने के लिए उत्सुक है। हमारा लक्ष्य अपने अभियान को मजबूत तरीके से शुरू करना और लीग के दौरान सुधार जारी रखना होगा।

**टीम**

**गोलकीपर :** सविता (कप्तान), बिचू देवी खारीबाम
**डिफेंडर :** गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री
**मिडफील्डर :** निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका, ज्योति, बलजीत कौर, सुनेलिता टोप्पो
फॉरवर्डः मुमताज खान, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका,वंदना कटारिया (उपकप्तान), शर्मिला देवी।

## खबरें व्यापार जगत की

# फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल बोर्ड से बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**
फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल 16 साल से ज्यादा समय के बाद ऑफिशियल तौर पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के बोर्ड से बाहर हो गए हैं। दूसरे सह-संस्थापक सचिन बंसल ने 2018 में बोर्ड छोड़ दिया था।



फ्लिपकार्ट छोड़ने के बाद, सचिन ने फाइनेंशियल सर्विस फर्म नवी की स्थापना की। बिन्नी ने एक बयान में कहा, फ्लिपकार्ट एक मजबूत नेतृत्व टीम और आगे बढ़ने के स्पष्ट रास्ते के साथ एक मजबूत स्थिति में है, और इस विश्वास के साथ, मैंने कंपनी छोड़ने का फैसला किया है, यह जानते हुए कि कंपनी सक्षम हाथों में है। उन्होंने कहा मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं, वे कस्टमर्स के लिए एक्सपीरियंस बदलना जारी रखेंगे और मैं बिजनेस का एक मजबूत सपोर्टर बना रहूंगा।₹

फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कंपनी एक शानदार विचार और कड़ी मेहनत का नतीजा है, जिसे भारत में खरीदारी के तरीके को बदलने के लिए प्रतिबद्ध टीमों द्वारा बनाया गया है।

उन्होंने कहा हम बिन्नी को अपने अगले उद्यम के लिए शुभकामनाएं देते हैं और इंडियन रिटेल इकोसिस्टम पर उनके गहरे प्रभाव के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। इस महीने की शुरूआत में, बिन्नी ने 'ओप्पडूर' नाम से एक नए उद्यम की घोषणा की, जो ई-कॉमर्स कंपनियों को एंड-टू-एंड सॉल्यूशन प्रदान करके वैश्विक स्तर पर परिचालन का विस्तार करने में मदद करेगा।

रिपोर्टों के अनुसार, ओप्पडूर शुरूआत में अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, यूके, जर्मनी, सिंगापुर, जापान और ऑस्ट्रेलिया में ई-कॉमर्स कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

पिछले साल, बंसल ने फ्लिपकार्ट में अपनी शेष हिस्सेदारी बेच दी और फ्लिपकार्ट में अपनी हिस्सेदारी से लगभग 1-1.5 बिलियन डॉलर प्राप्त किए। बिन्नी, सचिन बंसल के साथ, 2018 में फ्लिपकार्ट को वॉलमार्ट को लगभग 16 बिलियन डॉलर में बेचने के बाद बाहर निकल गये।

## एफपीआई ने जनवरी में 27 हजार करोड़ रुपये की इक्विटी बेची




**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई नकदी बाजार में विक्रेता बने रहे और उन्होंने 25 जनवरी तक 27,664 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। एफपीआई ऑटो और ऑटो सहायक, मीडिया और मनोरंजन व मामूली रूप से आईटी में विक्रेता थे। उन्होंने कहा उन्होंने तेल और गैस, बिजली और चुनिंदा वित्तीय सेवाएं खरीदीं। अमेरिका में बढ़ती बांड पैदावार चिंता का विषय है और इससे नकदी बाजार में बिकवाली का हालिया दौर शुरू हो गया है। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी फेड की धुरी से शुरू हुई, जिसमें 10 साल की बॉन्ड यील्ड 5 प्रतिशत से गिरकर लगभग 3.8 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा अब 10-वर्ष 4.18 प्रतिशत पर वापस आ गया है जो इंगित करता है कि फेड दर में कटौती केवल 2024 की दूसरी छमाही में होगी। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार सूचीबद्ध फंडों में 2 बिलियन डॉलर का प्रवाह देखा गया, जो पूरी तरह से ईटीएफ प्रवाह के कारण था। भारत-समर्पित फंडों में 3.1 बिलियन डॉलर का प्रवाह देखा गया, जो 2 बिलियन डॉलर ईटीएफ प्रवाह और 1.1 बिलियन डॉलर गैर-ईटीएफ प्रवाह में विभाजित है, जबकि जीईएम फंडों में 247 मिलियन डॉलर का बहिर्वाह देखा गया, जिसके नेतृत्व में 337 मिलियन गैर-ईटीएफ प्रवाह, 90 मिलियन डॉलर की भरपाई हुई। सूचीबद्ध उभरते बाजार फंड प्रवाह मिश्रित थे। दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया और ताइवान में क्रमशः 3 बिलियन डॉलर, 262 मिलियन डॉलर और 76 मिलियन डॉलर का बहिर्वाह देखा गया। चीन, भारत और ब्राजील में क्रमशः 10.8 बिलियन डॉलर, 2 बिलियन डॉलर और 186 मिलियन डॉलर का प्रवाह देखा गया। कुल एफपीआई और ईपीएफआर गतिविधि ने इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया और ताइवान के लिए अलग-अलग रुझान दिखाये।

## यस बैंक के शुद्ध लाभ में चार गुना उछाल

**मुंबई।** यस बैंक ने शनिवार को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 4 गुना से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 231.6 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। पिछले साल की समान तिमाही में बैंक ने 51.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई), जो ऋण पर प्राप्त ब्याज और जमा पर भुगतान के बीच का अंतर है, साल-दर-साल 2.3 प्रतिशत बढ़ी। तिमाही के दौरान बैंक का परिचालन लाभ 5.4 प्रतिशत बढ़कर 864 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का कुल एनपीए 2 प्रतिशत पर रहा, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि शुद्ध एनपीए में मामूली सुधार हुआ, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1 प्रतिशत से घटकर 0.9 प्रतिशत हो गया।

## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 84 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंड क्रूड 1.12 डॉलर यानी 1.36 फीसदी की उछाल के साथ 83.55 डॉलर प्रति बैरल पर टिका हुआ है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.65 डॉलर यानी 0.84 फीसदी की बढ़त के साथ 78.01 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## 68 किमी लंबे अयोध्या बाईपास के विकास को तेजी से आगे बढ़ा रही है सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अयोध्या में भीड़भाड़ कम करने और क्षेत्र के कई जिलों में आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की सुविधा के लिए 68 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड बाईपास परियोजना के विकास को तेजी से आगे बढ़ाया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस परियोजना पर पीएम गतिशक्ति पहल के तहत ₹कार्यान्वयन और योजना को बढ़ावा देने₹ के लिए चर्चा की गई। बयान में कहा गया है कि पीएम गतिशक्ति के तहत आयोजित राष्ट्रीय योजना समूह की बैठक में अयोध्या बाईपास परियोजना को एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना के रूप में माना गया है। 67.57 किलोमीटर की परियोजना में 4/6 लेन उत्तरी अयोध्या बाईपास का निर्माण, कुल लंबाई 35.40 किलोमीटर और 4/6 लेन दक्षिणी अयोध्या बाईपास का निर्माण, जिसकी कुल लंबाई 32.17 किलोमीटर है।

## एक नजर

### बीडीओ सावित्री ने लिया सीओ का प्रभार

**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने प्रभारी सीओ सुनील कुमार से अंचलाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया। 25 जनवरी की देर शाम प्रभारी बीडीओ नंदजी राम से नये बीडीओ ने प्रभार लिया था।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**चिनिया।** पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। जब्त ट्रैक्टर वीरेंद्र यादव, पिता कुलदीप यादव का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी राजबल्लभ ने बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### ओबीसी मंच की बैठक

**खरौंधी।** सिसरी में ओबीसी एकता व अधिकार मंच का बैठक आयोजित किया गया।उक्त बैठक सीसरी के सोनू कुमार गुप्ता के आवास पर आयोजित किया गया। बैठक में प्रमंडलीय संयोजक गोरख नाथ चौधरी, ओबीसी संयोजक सदस्य बरूण बिहारी यादव, अख्तर अंसारी,सुरेश गुप्ता, रेयास्त अंसारी, बिनोद कुमार चौधरी रामचरित मेहता, रविंदर चौधरी, अजीज अंसारी, अंगद कुमार गुप्ता, संदेश मेहता, उप मुखिया अरगी प्रमोद पटेल पूर्व बीडीसी अरंगी विजय कुमार मेहता, हरिंदन चौधरी मौजूद थे।

### मजदूरों ने पुतला फूंका

**मेराल।** ग्राम रेलवे बॉक्साइडिंग पर गुरुवार को साइडिंग मजदूरों द्वारा डॉल्फिन एलाइंस कंपनी के साइड इंचार्ज प्रभाकर द्विवेदी का पुतला दहन किया गया। मौके पर रेलवे साइडिंग झारखंड जनरल मजदूर यूनियन संघ के अध्यक्ष राजेश्वर यादव, राजेंद्र यादव अकलीम अंसारी वकील अंसारी मंसूर अंसारी रुस्तम अंसारी सहाबुद्दीन अंसारी राजेंद्र शाह सुजायत अंनसारी राजेंद्र चौधरी राजेंद्र यादव आदि लोग शामिल थे।

### राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान पर हंगामा

**डंडई।** प्रखंड शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों तिरंगे को सलामी दी गई। प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख कांति देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बीडीओ राहुल कुमार सानू, थाना परिसर में थाना प्रभारी शाबाज अंसारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन तनुजा कुमारी ने झंडोत्तलन किया गया। उधर कस्तूरबा विद्यालय में दो मिनट विलंब से झंडा फहराए जाने पर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की। उच्च विद्यालय में बिन फेरे झंडे के जमीन पर गिर जाने को लेकर ग्रामीणों ने खूब हो हंगामा किया। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे की जगह जिंदाबाद का नारा शिक्षक द्वारा बोलते ही ग्रामीणों ने और बवाल काटना शुरू कर दिया।

### भाड़ा वृद्धि को लेकर हाईवा वाहन मालिक बेमियादी हड़ताल पर

**टंडवा।** चट्टी बारियातु कोल परियोजना से बचरा रेलवे साइडिंग, एनटीपीसी पावर तथा कटकमसांडी तक कोयले की ढुलाई में भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर शनिवार को हाईवा वाहन मालिक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये, जिससे ऋत्विक, प्रगति तथा प्रणव-नमन नामक कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के कोयले की ढुलाई दिनभर बाधित रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाईवा एसोसिएशन तथा ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के बीच भाड़ा वृद्धि को लेकर पिछले कई दौर की वार्ता बेनतीजा रही, जिससे वाहन मालिकों ने क्षुब्ध होकर पूर्व निर्धारित टंडवा प्रखंड कार्यालय के समीप टेंट लगाकर बैठ गये।

# गणतंत्र दिवस पर जिले में शान से लहराया तिरंगा





**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले भर में गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न स्थानों पर झंडोत्तोलन-राष्ट्रगान समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन गोविंद हाई स्कूल गढ़वा (टाउन हॉल) के मैदान में किया गया। प्रातः 9:05 मिनट पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा झंडोत्तोलन-राष्ट्रगान किया गया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय संग परेड का निरीक्षण किया। वहीं परेड में सूरत पांडे कॉलेज के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीआरपीएफ के जवानों ने दूसरा स्थान एवं होमगार्ड के जवानों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी को मंत्री द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रभात फेरी में प्रथम स्थान मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा, द्वितीय स्थान राजकीय कृत गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा एवं तृतीय स्थान सीपी मेमोरियल स्कूल गढ़वा ने प्राप्त किया। सभी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई। इनमें झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी गढ़वा द्वारा पलाश प्रसंस्करण इकाई एवं फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। इसी प्रकार पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा स्वच्छता प्रहरी जलसहिया जल बचाएं जीवन बचाएं, कचरा प्रबंधन समेत अन्य थीम पर झांकी प्रस्तुत की गई। जिला कल्याण विभाग गढ़वा की ओर से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई, जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, हिट एंड रन थीम पर झांकी प्रस्तुत की गई, शिक्षा विभाग द्वारा जहां है शिक्षा वही है सुरक्षा, चाहे जितनी भी हो मजबूरी शिक्षा लेना है सबसे जरूरी थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। डीआरडीए विभाग द्वारा अबुआ आवास योजना को लेकर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। नगर परिषद गढ़वा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी थीम पर झांकी प्रस्तुत की गई। राजकीय मध्य विद्यालय चिरौंजिया द्वारा महात्मा गांधी के तीन बंदर थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। गढ़वा पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग विषय पर झांकी प्रस्तुत की गई। साथ ही जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा सावित्रीबाई फूल किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं के थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। झांकियों में प्रथम स्थान जिला समाज कल्याण विभाग ने प्राप्त किया, वहीं द्वितीय स्थान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा ने प्राप्त किया, साथ ही तीसरा स्थान जिला शिक्षा विभाग ने प्राप्त किया। उक्त विभागों को मंच पर आमंत्रित कर माननीय मंत्री द्वारा ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। झारखंड के आंदोलनकारियों आनंद मोहन तिवारी, गोपाल प्रसाद, विनोद कुमार दुबे, दिलीप कुमार तिवारी एवं उपेंद्रनाथ तिवारी को मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। उग्रवादी हिंसा में मारे गए व्यक्तियों के आश्रितों को भी सम्मानित किया गया। रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढेंगुरा के जंगल में नक्सलियों से लोहा लेते हुए अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने के लिए पुलिस अवर निरीक्षक शिवलाल गुप्ता, राजबल्लभ कुमार, हवलदार विवेक चौधरी, आरक्षी संजय प्रसाद गुप्ता और आरक्षी प्रमोद ऋषि एवं चौकीदार मुन्ना पासवान को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक हेतु चयनित सहायक अवर निरीक्षक तारामणि टेटे को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड राज्य से उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार मिश्रा एवं आरक्षी सुरेंद्र विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों में विनय कुमार (डीआरडीए) एवं क्षमा प्रिया (डीआरडीए) को सम्मानित किया गया। मनरेगा अंतर्गत रोजगार सेवक के रूप में चयनित सोनू कुमार, सतनारायण सिंह, सुनील कुमार यादव एवं सरिता कुमारी को मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। राष्ट्रगान एवं बैंड बिगुल धुन का निर्देशन को लेकर प्रमोद सोनी (निर्देशन संगीत कला महाविद्यालय) एवं उनकी टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उग्रवादी हिंसा में मारे गए स्व. कलावती देवी, ग्राम बौलिया, थाना डंडई के आश्रित पुत्र शिव मुन्नी राम को समाहरणालय अंतर्गत चतुर्थ वर्ग पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया। वहीं उग्रवादी हिंसा में मारे गए स्वर्गीय नवीन कुमार उर्फ विक्की गुप्ता, ग्राम रामकंडा, थाना रामकंडा के आश्रित भाई प्रवीण कुमार को अनुग्रह अनुदान के रूप में एक लाख रुपए का चेक मंत्री द्वारा सौंपा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा अवध कुमार यादव, डीएसपी मुख्यालय संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

### सुंडी पंचायत की मुखिया शिला देवी ने किया झंडोत्तोलन



**खरौंधी।** गणतंत्रा दिवस पर प्रखंड में विभिन्न संस्थानों में तिरंगा झंडा फहराया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने बीडीओ रविंद्र कुमार तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया। वहीं थाना परिसर में थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया ने झंडोत्तोलन किया। वहीं सुंडी मुखिया शीला देवी ने झंडोत्तोलन किया। झंडोत्तोलन के पश्चात मुखिया तथा भाजपा नेता राजेश कुमार सिंह उर्फ राजा सिंह ने पंचायत के विद्यालय में पढ़ने वाले 300 छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षण सामाग्री का वितरण किया। मौके पर बीपीओ कमलेश कुमार पासवान, भूखन ठाकुर, समोद ठाकुर, अवध बिहारी राम, जगदीश मेहता, राहुल गुप्ता, सूबा राम, मोतीलाल उरांव, शिवनारायण पाल, सीताराम यादव, बुद्धि सिंह, बबलू सिंह, दिनेश सिंह आदि उपस्थित थे।

### गांव चलो कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने किया सम्मेलन

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में संगठन की ओर से आयोजित गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक जवाहर पासवान ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करते हुए केंद्र सरकार की योजनाएं को बताना है। 28 जनवरी से 1 फरवरी तक मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ना है। जिला संगठन प्रभारी अमित सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होगी। केशरी ने कहा कि गांव चलो अभियान कार्यक्रम में 24 घंटे के लिए प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक के नेता, पदाधिकारी गांव गांव प्रवास करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरज गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार को पुनः स्थापित करने के लिए बूथ स्तर पर पार्टी को ठीक करेंगे।

## पिकअप के पलटने से मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

मझिआंव-बरडीहा कांडी मुख्य पथ पर सलगा मोड़ के समीप गुरुवार को रात्री में आलू लदा एक पिकअप वाहन पलट गया। इस कारण कांडी थाना के घोड़दाग निवासी शिव रजवार (60) की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से भी अधिक लोगों के घायल होने की बात ग्रामीणों द्वारा बताई जा रही है। बताया जाता है कि पिकअप पलटने से घायल शिव रजवार को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इधर बरडीहा थाना से महज सवा किलोमीटर दूरी पर हुई इस दुर्घटना के बाद पिकअप का चालक जेसीबी मशीन लाकर अपने वाहन को उठाया और फरार हो गया। जानकारी के अनुसार बरडीहा एवं कांडी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से मजदूर मजदूरी करने बिहार गए हुए थे और वहां से मजदूरी के एवज में आलू लेकर किराए का पिकअप वाहन से अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान सलगा मोड़ के समीप पिकअप वाहन पलट गया। मृतक सहित सभी घायल लोग एक ही गांव के बताये गये हैं। इधर पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह ने बताया कि घटित घटनाक्रम की अनुसंधान जारी है। थाना प्रभारी पवन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



### बाइक दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के डोल रोड स्थित शिव शाह के घर के पास हुए एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में राजवांस गांव निवासी चनू कोरवा की पत्नी रूपमानी देवी (55) गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। छत्तीसगढ़ के बालचौरा निवासी शंभू कोरवा अपनी मोटरसाइकिल से अपनी सास रुपमाणी देवी को पहुंचाने के लिए राजबांस जा रहा था। इसी बीच चिनिया मुख्यालय निवासी शिव साह के घर के पास बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक शंभू कोरवा शराब के नशे में धुत लग रहा था।

### आर 11 ने बभनी को हराकर किया ट्रॉफी पर कब्जा

**मझिआंव।** एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मुखदेव हाई स्कूल के मैदान में आरके 11 एवं बभनी टीम के बीच खेला गया, जिसका उद्घाटन भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव सह आजाद समाज पार्टी के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी सिराज खान ने किया। वहीं टॉस जीतकर आर 11 ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आर 11 ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट गंवा कर 14 ओवर में 156 रन का लक्ष्य दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी विपक्षी बभनी टीम ने 13.2 ओभर में 10 विकेट गंवाकर 135 रन ही बना सकी, जिससे बभनी टीम को 21 रन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं आर 11 ने 21 रनों से बभनी टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। कहीं मुख्य अतिथि सिराज खान के द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 25 हजार तो वहीं उपविजेता टीम को ट्रॉफी 11 हजार नकद इनाम दिया गया। आदित्य को मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ द सीरीज वैस खान को दिया गया।

### महायज्ञ से शुद्ध होता है क्षेत्र का वातावरण

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के उपरी कला पंचायत के ग्राम मुबारकपुर स्थित देवी मंदिर सह शिव-हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा और शतचंडी महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठान को लेकर शनिवार को घोड़े-हाथी, बैंड बाजा व डीजे के साथ विद्वान महात्माओं के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मुबारकपुर टिकरी से आरंभ होकर पूरे गांव नगर का भ्रमण करते हुए देवरी सोन नदी घाट पर पहुंची,जहां विद्वान पुजारियों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जलभरी कराया। जल भरकर श्रद्धालु पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे। यज्ञाचार्य के नेतृत्व में अनुष्ठान आरंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान व हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। कलश यात्रा में शामिल भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ.संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से क्षेत्र में शांति बनी रहती है तथा यज्ञ के आयोजन से वातावरण में शुद्धि आती है। यज्ञाचार्य विद्वानों ने बताया कि अनुष्ठान की पूणार्हुति एक फरवरी को हवन-पूजन के साथ की जाएगी। इस अवसर पर महाप्रसाद वितरण सह भण्डारे का आयोजन भी किया जायेगा।

### सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से फहराया गया तिरंगा

**पांकी।** प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय में भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने तिरंगा फहराया। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद के द्वारा तिरंगा फहराया गया। थाना परिसर में थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह के द्वारा तिरंगा फहराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद,पांकी पूर्वी पंचायत भवन में मुखिया प्रेम प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता,चतरा सांसद प्रतिनिधि अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने झंडारोहण कर सभी को बधाई दी।


### किशुनपुर हाईस्कूल मे मनाया गया गणतंत्र दिवस

**पाटन।** राजकीयकृत हीरानंद लक्ष्मी प्लस टू उच्च विद्यालय किशनपुर में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत,नाटक के साथ-साथ देशभक्ति तथा झारखंडी नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं,छात्र-छात्राओं के बीच भारत व झारखंड की कला संस्कृति को प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्या अनिता कुमारी ने झंडोत्तोलन के उपरांत कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष आज देशभक्ति से ओतप्रोत है।

## अनुमंडल में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार की सुबह तय समय के अनुसार सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों पर राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया गया। जेपी चौक व एनसीपी कार्यालय में विधायक कमलेश कुमार सिंह, अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ आवास व कार्यालय में प्रभारी एसडीपीओ अजय कुमार,निबंधन कार्यालय में भूमि उपसमाहर्ता अमर जॉन आइन्द, कपूर्री जी के प्रतिमा व बीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर एसडीओ व एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया। प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख राजकुमारी देवी, मुनि सिंह चौक व बाल विकास कार्यालय पर बीडीओ रौशन कुमार,व्यापार मंडल कार्यालय पर अध्यक्ष कृष्णा बैठा, पूर्व सैनिक कार्यालय व किसान बिग्रेड कार्यालय पर कर्नल संजय सिंह, नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी,पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर इंस्पेक्टर दीपक कुमार, हुसैनाबाद थाने में समीर तिर्की, महिला थाने में महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज, एके सिंह कॉलेज व आरपीएस पब्लिक स्कूल में सांसद वीडी राम,प्लस टू बालिका उवि. में प्रेम प्रकाश सिंह, रा .उर्दू मवि. में सुनील कुमार, शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में विधायक कमलेश कुमार सिंह,लोटनिया पंचायत सचिवालय पर मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह ने झंडोत्तोलन किया। कन्या मिडिल स्कूल में एचएम सुरेन्द्र कुमार सिंह, देवरी खुर्द मिडिल स्कूल में प्रधानाध्यापक उदेश्वर राम,जमुआ विश्वसिया उप्रावि में रामलाल राम ने झंडोत्तोलन किया। स्व. राजकेश्वर साहू प्रतिमा स्थल पर मंच के अध्यक्ष सैयद नौशाद ने झंडोतोलन किया गया। मौके पर एजाज आलम उर्फ छेदी खान, डॉ. एजाज आलम,सूर्यनाथ पासवान, अखिलेश यादव, राजेन्द्र पाल, नजीर अहमद,उमा देवी, राजकुमार कश्यप,अर्जुन प्रसाद मौजूद थे।



## पेज एक के शेष

### आप आइए ...

करीब एक बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारी लंबी पूछताछ की थी। लगभग सात घंटे से अधिक लंबी पूछताछ के बाद रात करीब आठ बजे मुख्यमंत्री आवास से ईडी की टीम बाहर निकली थी। रांची की जिस जमीन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के दायरे में आए हैं। दरअसल, वह जमीन रांची के बरियातू इलाके में है। जमीन कुल 12 प्लाट में है और उसका कुल रकबा 8.46 एकड़ है। ईडी की जांच रिपोर्ट में यह बात निकल कर आई है कि पूरे जमीन की घेराबंदी की गई है। साथ ही उसमें आउट हाउस और एक गार्ड रूम भी बना हुआ है। तफ्तीश में जानकारी मिली है कि जमीन में कुछ हिस्सों के नेचर गैरमजरूआ भूईंहरी जमीन का है जबकि कुछ बकास्त भूईंहरी जमीन है।

### राजभवन में ...

पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, प्रथम बटालियन जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, झारखंड सशस्त्र पुलिस- 1, कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं विवेकानंद विद्यालय, रांची की टीम द्वारा बैंड डिस्प्ले का मनमोहक प्रस्तुति की गई। मौके पर राज्यपाल ने मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के अवसर पर झांकी, परेड एवं बैंड प्रदर्शनी के विजेताओं के मध्य पुरस्कार वितरण भी किया । उल्लेखनीय है कि झांकी में झारखण्ड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड प्रथम, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वितीय, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग तथा सूचना एवं जन-संपर्क विभाग को तृतीय, परेड में सेना को प्रथम, जैप- 1 को द्वितीय, सीआरपीएफ को तृतीय, बैंड में जैप-1 को प्रथम, सेना को द्वितीय एवं जैप 10 को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### जख्म से जूझते युवक ने...

और उसे एक घर में कैद कर दिया गया। अगले दिन यानी 16 जनवरी को ग्राम प्रधान सत्यनारायण मुंडा की अगुवाई में गांव में पंचायत बैठी। पंचायत ने उसकी पिटाई करने और कड़ी सजा देने का फरमान सुनाया। गांव के कई लोगों ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा और इसके बाद उसके पूरे शरीर पर भेलवा नामक जहरीले जंगली फल का तेल उड़ेल दिया। धमकी दी गई कि इसकी जानकारी पुलिस को दी गई तो गंभीर परिणाम होंगे। बुरी तरह जख्मी धनीराम का इलाज पहले घर में किया गया। हालत गंभीर होने के बाद उसे जोन्हा स्थित एक निजी क्लिनिक में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान 25 जनवरी को उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद मृतक के भाई बलराम मुंडा ने अनगड़ा पुलिस से शिकायत की। अनगड़ा पुलिस ने शनिवार को इस मामले में ग्राम प्रधान सत्यनारायण मुंडा, युवती के पिता ओर चचेरे भाई समेत गांव के अनिल मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, शिवनाथ मुंडा, दिगंबर सिंह मुंडा, चरवाह मुंडा, मनीनाथ सिंह मुंडा, कलिंदर मुंडा, जलेश्वर मुंडा, नरेश्वर मुंडा, प्रदीप मुंडा, पीतांबर मुंडा, कालेश्वर बेदिया, मोहर सिंह मुंडा और रंगलाल सिंह मुंडा को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क दुघर्टना में बेटे की मौत, मां घायल

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

थाना क्षेत्र के महुआडांड़ मेदिनी नगर मुख्य पथ पर अहीरपुरवा मोड़ के पास ऑल्टो वैन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें वाहन चालक की मौत और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार एक ही परिवार के 10 लोग दो गाड़ियों में सवार होकर लातेहार से लोध फॉल घूमने जा रहे थे। इसी दौरान ऑल्टो वैन अनियंत्रित दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें वाहन चालक विकास कुमार उर्फ निलेश कुमार (30) लातेहार की मौत हो गई। वहीं साथ में बैठी मृतक की मां गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना की सूचना प्राप्त होने के उपरांत महुआडांड़ एवं स्थानीय ग्रामीण घटना स्थल पर जा पहुंचे। वहीं मृतक के परिजनों का वाहन पीछे से आ रही था। वाहन घटना स्थल पर पहुंची तो वहां पर मौजूद लोगों की मदद से सभी को वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित खलखो द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतू रेफर कर दिया गया है।

### बच्चों को पठन-पाठन में होगी सुविधा

**हरिहरगंज।** शहर से सटे महाराजगंज स्थित निखिल काम्प्लेक्स में ड्रीम लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह तथा उत्तम क्लासेस के संचालक प्रमोद सिंह यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर अजय कुमार सिंह ने कहा कि पुस्तक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इस पुस्तकालय से बच्चों को पठन-पाठन में सहायता मिलेगी। प्रमोद सिंह यादव ने कहा कि पुस्तक से अच्छा कोई मित्र नहीं है। इस पुस्तकालय में प्रतियोगी पुस्तकों के अलावा ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें भी रखी गयी हैं। संचालक सत्येंद्र कुमार यादव ने कहा कि वातानुकूलित परिवेश, वाईफाई, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल तथा पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सहित लाइब्रेरी में कई तरह की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर अभिभावक नंदू यादव, शिक्षक मुकेश शर्मा, महताब आलम, मनोज कुमार, संजय यादव, जीशान उर्फ लल्लू, रौशन गुप्ता, निरंजन सिंह चंद्रवंशी मौजूद थे।

## आयोजन | सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में मनाया गया गणतंत्र दिवस

# शहीदों के परिवारों के साथ बहादुर बिटिया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

गणतंत्र दिवस पर प्रखंड कार्यालय में प्रमुख मिकी देवी, थाना परिसर में थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, शहीद शक्ति सिंह स्मारक में बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने झंडारोहन किया। वहीं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन अनीता कुमारी, स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. अवनिश कुमार, मयूरहंड पंचायत सचिवालय में मुखिया मृदुला देवी, पैक्स कार्यालय में अध्यक्ष बीरबल साव, प्लस 2 विद्यालय में प्रधानाध्यापक राजेंद्र दास ने तिरंगे को सलामी दी। स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शहीद शक्ति सिंह के पिता संत कुमार सिंह, शहीद प्रदीप महतो के पिता थानु महतो, शहीद अनुपम सिंह के पिता को बीडीओ व थाना प्रभारी ने सम्मानित किया। वहीं हुसिया में कुएं में गिरे चार वर्षीय बालक को बचाने वाली 14 वर्षीय काजल कुमारी को भी बीडीओ ने सम्मानित किया। मौके पर बीपीआरो सतीश कुमार मिश्रा, कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार आदि मौजूद थे। वहीं थाना एकादश बनाम प्रखंड प्रशासन के बीच फ्रेडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, इंटक नेता प्रदीप कुमार सिंह, बीपीओ राजीव कुमार सिंह, संतोष सिन्हा, महेंद्र नायक, आदित्य सिंह आदि उपस्थित थे।




### क्रिकेट मैच का आयोजन

गणतंत्र दिवस पर प्रशासन बनाम पत्रकार एकादस के बीच फैंसी क्रिकेट मैच जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। पत्रकार एकादस ने निर्धारित 12 ओवर में 83 रन बनाए। प्रशासन एकादश ने 10.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच विजेता टीम से रितेश आनंद, उप विजेता टीम से सरफराज को दिया गया।

### बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**सिमरिया।** गणतंत्र दिवस पर अनुमंडल मुखयालय स्थित चौक में सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर अनुमंडल पदाधिकारी (आइएएस) सनी राज, बीडीओ नीतू सिंह, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, थाना प्रभारी विवेक कुमार आदि ने माल्यार्पण किया। अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ, पुलिस अनुमंडल कार्यालय में एसडीपीओ, प्रखंड कार्यालय में बीडीओ, सिमरिया थाने में थाना प्रभारी विवेक कुमार झंडोत्तोलन किया।

# ज्ञानवापी को अब हिंदुओं को सौंप दें

## एएसआई की रिपोर्ट आने के बाद विहिप ने सरकार से की अपील



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एएसआई ने काशी में ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर रहे जिला जज को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने शनिवार को कहा कि ज्ञानवापी संरचना से एएसआई द्वारा एकत्र किए गए सबूत इस बात की पुष्टि करते हैं कि मस्जिद का निर्माण एक भव्य मंदिर को ध्वस्त करने के बाद किया गया था। मंदिर की संरचना का एक हिस्सा, विशेष रूप से पश्चिमी दीवार हिंदू मंदिर का शेष हिस्सा है। रिपोर्ट यह भी साबित करती है कि मस्जिद के निर्माण में संशोधनों के साथ स्तंभों और स्तंभों सहित पहले से मौजूद मंदिर के कुछ हिस्सों का पुनः उपयोग किया गया था।

**विहिप की मांगें :** एएसआई की रिपोर्ट कहती है कि हिंदू मंदिर के खंभों को थोड़ा बहुत बदलकर नए ढांचे के लिए इस्तेमाल किया गया। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने शनिवार को कहा कि वजूखाने में मिले शिवलिंग से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि संरचना में मस्जिद का लक्षण नहीं है। उन्होंने कहा कि संरचना में मिले शिलालेखों में जनार्दन, रुद्र और उमेश्वर जैसे नामों की खोज इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि यह एक मंदिर था।

**हिंदू मंदिर घोषित किया जाए ज्ञानवापी:** आलोक कुमार ने यह भी कहा कि एएसआई द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्य और दिए गए निष्कर्ष यह साबित करते हैं कि इस पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र 15 अगस्त, 1947 को अस्तित्व में था और वर्तमान में यह एक हिंदू मंदिर के रूप में है। इस प्रकार, पूजा स्थल अधिनियम, 1991 की धारा 4 के अनुसार भी, संरचना को एक हिंदू मंदिर घोषित किया जाना चाहिए।

### विश्व हिंदू परिषद ने दिए ये सुझाव

- हिंदुओं को तथाकथित वजूखाना क्षेत्र में पाए गए शिवलिंग की सेवा पूजा करने की अनुमति दी जाए।
- इंतजामिया कमेटी से आग्रह करता है कि वह सम्मानपूर्वक ज्ञानवापी मस्जिद को दूसरे उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने और काशी विश्वनाथ के मूल स्थान को हिंदू समाज को सौंपने के लिए सहमत हो।
- विहिप का मानना है कि यह धर्मी कार्य भारत के दो प्रमुख समुदायों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## खरगे ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखी चिट्ठी, न्याय यात्रा के लिए मांगी सुरक्षा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी की तरफ से तकरार के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चिट्ठी लिखी है। यात्रा फिलहाल ढाई दिनों के विश्राम पर है और जलपाईगुड़ी में 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे फिर से शुरू होगी। कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने बताया कि अध्यक्ष खरगे ने सीएम ममता बनर्जी को लिखी चिट्ठी में सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

## शिकागो में दो छात्रों की गोली मारकर हत्या

**शिकागो।** शिकागो में शुक्रवार दोपहर दो छात्रों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात द लूप में नॉर्थ वाबाश एवेन्यू के पहले ब्लॉक में इनोवेशन हाईस्कूल के बाहर हुई। शिकागो सन टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, नकाबपोश बंदूकधारियों ने शिकागो पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों रॉबर्ट बोस्टन (16) और मोंटेरियो विलियम्स (17) को दोपहर करीब 12:25 बजे गोलियों से भून दिया। नकाबपोश हमलावर गहरे रंग की सेडान और एक एसयूवी से पहुंचे और गोलीबारी कर भाग गए।


75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झारखंडवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



इरशाद खान

विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग, प्रखंड अध्यक्ष युवा मोर्चा कांग्रेस, चान्हो

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोबा भावे विश्वविद्यालय पिछले तीन दशकों से शिक्षा की मशाल जलाते हुए शिक्षा अप में नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल रहा है।

कला, विज्ञान, भाषा विज्ञान, संस्कृति, परपरा में बिखरे हुए ज्ञान के प्रत्येक बिन्दु को महासिंधु बनाने की ओर अग्रसर।

सबका साथ, सबका विकास के कथन को यरितार्थ करते हुए 75वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पूरे प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन।



श्रीमती शुमन कैथरीन किस्पोट्टा

कुलपति, विनोबा भाने विश्वविद्यालय, हजारीबाग।

ज्ञापांक-वि०मा०वि०/स्था०/262/2024
दिनांक 2.5.01/2024

कुलसचिव
प्रदिप



75 वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



मोतीलाल ओहदार

भाजपा प्रखंड अध्यक्ष, जलडेगा

75 वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



मो. रोशन

इंडियन इलेक्ट्रॉनिक मेन रोड बानो

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झारखंडवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



विष्णु कुमार सिंह

प्रोपराइटर जे के गारमेंट्स मिशन, मांडर

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झारखंडवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



दशरथ उरांव

प्रोपराइटर DJ BRAND'S IN, मुड़मा एवं कंदरी मोड़ मांडर (वंडरलैंड स्कूल के सामने)

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं

प्रेमण बागे
संगठन सचिव झा रा प्राथमिक शि संघ सिमडेगा

राकेश किंडो
सँयुक्त सचिव झा रा प्राथमिक शि संघ सिमडेगा

सुजीत एक्का
कोषाध्यक्ष झा रा प्राथमिक शि संघ सिमडेगा



अरुण कुमार सिंह
प्रधान सचिव झा रा प्राथमिक शि संघ सिमडेगा

झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड की ओर से रामगढ़ जिलावासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

इस्पात प्राइवेट लिमिटेड

रामगढ़

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गिरिडीहवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



राजकुमार दयाल

मुखिया प्रतिनिधी, चंदौरी पंचायत

75 वें गणतंत्र दिवस की सभी जिला ासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Radha Govind University, Ramgarh, Jharkhand
Radha Govind Senior Secondary Public School, Ramgarh, Jharkhand
Radha Govind Inter College, Ramgarh, jharkhand
Radha Govind High School, Ramgarh, Jharkhand
Extends best wishes and compliments on the eve of 75th Republic Day to the people of Jharkhand.

Thanking You

Baijnath Sah
Chairman, RGSST

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गिरिडीहवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



प्रदीप कुमार

थाना प्रभारी, तिसरी

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गिरिडीहवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



आशा देवी

मुखिया पंचायत, चंदौरी

75 वें गणतंत्र दिवस पर झारखंडवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



मो. इश्तियाक

प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष, चान्हो

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



जेमन लुगुन

समाज सेवी, जलडेगा प्रखंड

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गिरिडीहवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



मो. हसीमुद्दीन

मुखिया सिंघो पंचायत

नगर परिषद सिमडेगा की ओर से 75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिलावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं

आइये नगर को साफ सुथरा बनाने में सभी लोग करें सहयोग
सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त सिमडेगा शहर बनाने को सतत प्रयासरत
शहर को साफ-सुथरा सुंदर बनाने के लिए प्रतिबद्ध






निशांत जोशी तिर्की
सिटी मैनेजर नगर परिषद सिमडेगा



सुमित कुमार महतो
प्रशासक नगर परिषद सिमडेगा



आकाश डेविड सिंह
सिटी मैनेजर नगर परिषद सिमडेगा

पत्रांक:- न०प०/140(ii)/2024

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झारखंडवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



अब्दुल्लाह अंसारी

प्रखंड अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस, एवं विधायक प्रतिनिधि शिक्षा एवं बैंक, चान्हो

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गिरिडीहवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



सुमन्त कुशवाह

भरकट्टा, ओपी प्रभारी

समस्त झारखंडवासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

(अपना लक्ष्य अंचल विकास।) वंदे मातरम



राजू कमल

(अंचल पदाधिकारी)
अनगड़ा, रांची, झारखंड।

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गिरिडीहवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



रामू बैठा

प्रमुख बिरनी

समस्त झारखंडवासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

बिजली आपकी सम्पत्ति है सही उपयोग कर विकास पथ पर हाथ बढ़ाएं। जय हिंद जय भारत



पंकज जायसवाल

(कनीय अभियंता)
जेबीवीएनएल, टाटीसिलवे, रांची, झारखंड।



75 वें गणतंत्र दिवस की सभी जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, जयंत सिन्हा जिंदाबाद

रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद प्रतिनिधि सह हजारीबाग लोकसभा सह संयोजक